सुप्रभात
रांची, शनिवार
08.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, द्वितीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 263

12 आकांक्षा दुबे मौत मामले में सिंगर समर सिंह गिरफ्तार



## मेडिकल उपकरण खरीद घोटाला

# पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के मामले में सीबीआइ ने जवाब के लिए मांगा समय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अस्पतालों के लिए मेडिकल उपकरण खरीद मामले में आरोपी पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई हाई कोर्ट में हुई। मामले में सीबीआई ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल निर्धारित की है। दरअसल, भानु प्रताप शाही ने निचली अदालत द्वारा डिस्चार्ज पिटिशन खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। दरअसल, केंद्र सरकार की स्कीम मेडिकल हेल्थ मिशन के तहत वर्ष 2008 -2009 में अस्पतालों के लिए मेडिकल उपकरण की खरीद हुई थी। इस मामले में षड्यंत्र के तहत पैसे लेने का आरोप भानु प्रताप शाही पर लगा है। उस समय भानु प्रताप झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री थे।

## अलकतरा घोटाला : मनी लांड्रिंग मामले में पीएमएलए कोर्ट ने लिया संज्ञान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बहुचर्चित अलकतरा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर पीएमएलए कोर्ट ने संज्ञान ले लिया है। मामले के अब आरोपी मेसर्स कौशल्या डेवलमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लि., मेसर्स कौशल्या टाउनशीप प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स कौशल्या निर्माण प्राइवेट लि., मेसर्स बंगाल केडीसी हाउसिंग डेवलमेंट लिमिटेड, महेश मेहरा एवं नागवंत पांडेय के खिलाफ मुकदमा चलेगा। साथ ही अदालत ने आरोपियों को समन जारी किया है। इसके लिए अदालत ने आठ मई की तारीख निर्धारित की है। मालूम हो कि ईडी ने 31 मार्च को जांच पूरी करते हुए आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई रांची की आर्थिक अपराध शाखा में दर्ज अलकतरा घोटाले के केस के आधार पर 1.08 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने केस दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ कोरोना को लेकर समीक्षा बैठक की

# कोरोना के बढ़ रहे मामले, झारखंड को 50 हजार वैक्सीन दे केंद्र सरकार : बन्ना गुप्ता

### कोविड को लेकर 10 व 11 अप्रैल को मॉक ड्रिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। इसी को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने देश के 25 राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में मौजूद रहे।

**सभी डीसी के साथ 9 अप्रैल को बैठक :** बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्यभर में 10 और 11 अप्रैल को मॉक ड्रिल किया जाएगा। इससे पहले 9 अप्रैल को सभी जिलों के उपायुक्तों और सिविल सर्जन के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोरोना की तैयारियों को लेकर समीक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में कोविड वैक्सीन की कमी है। ऐसे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से राज्य के लिए वैक्सीन की मांग की गई है। राज्य के चार आरटी-पीसीआर लैब आईसीएमआर से मान्यता के इंतजार में हैं। ऐसे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से लैब को जल्द मान्यता देने का आग्रह किया गया है, ताकि राज्य में जांच की रफ्तार को और व्यापक रूप से बढ़ाया जा सके।



### कोविड-19 को लेकर जल्द बनेगा एसओपी

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य हित के विषय को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से कई बिंदुओं पर चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में कोरोना के मामले बढ़े हैं। ऐसे में झारखंड भी अलर्ट पर है। कोरोना को लेकर जल्द ही नया एसओपी बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी चर्चा करेंगे।

### झारखंड के अस्पतालों में पर्याप्त बेड उपलब्ध

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य के सभी अस्पतालों में बेड उपलब्ध है। बेड की कमी नहीं होगी। नॉन ऑक्सीजन बेड की संख्या 5276, ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड 11356, आईसीयू बेड 1447, वेंटिलेटर बेड 1456, पीडियाट्रिक आईसीयू (सरकारी) 510, पीडियाट्रिक एचडीयू(सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में) 455 और पीडियाट्रिक मामले के लिए 1180 ऑक्सीजन बेड उपलब्ध है।

### कोविड-19 ऑक्सीजन प्लांट की उपलब्धता पर्याप्त

राज्य के 93 विभिन्न सरकारी और निजी स्वास्थ्य संस्थानों में कुल 122 पीएसए प्लांट लगाया गया है। पीएम केयर के अंतर्गत 38 पीएसए प्लांट स्थापित किए गए हैं। स्टेट रिसोर्स से 39 पीएसए प्लांट, जबकि रेलवे से 4, कोल मिनिस्ट्री से 10 और निजी स्त्रोतों से 31 पीएसए प्लांट स्थापित किए गए हैं।

### सरकार पूरी तरह सतर्क

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि कोरोना के बढ़ते केस को देखते हुए जांच की व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है, ताकि कोई संक्रमित हो तो तुरंत ही अस्पताल में भर्ती कराया जा सके। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ स्वास्थ्य सचिव अरुण कुमार सिंह भी मौजूद रहे। वहीं इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और पदाधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।

### जेनरिक दवाओं के लिए जल्द होगी ड्रग डायरेक्टर संग बैठक

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य विभाग को बेहतर बनाने के लिए वे जोर शोर से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राज्यवासियों की बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि जेनरिक दवाओं के लिए बहुत जल्द ड्रग डायरेक्टर के साथ वे बैठक करेंगे ताकि जरूरतमंद लोगों को सस्ती कीमत पर दवाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से ब्लड सेपरेशन मशीन की मांग की गयी है। राज्य के सभी जिलों में इस मशीन के अधिष्ठापन किया जाएगा ताकि जरूरत पड़ने पर दूसरे अस्पतालों पर निर्भर न रहना पड़े।

# गठबंधन सरकार ने घोटालों का बनाया है रिकार्ड : आशा लकड़ा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह मेयर आशा लकड़ा ने कहा कि गठबंधन की सरकार हर मोर्चे पर फेल रही है। राज्य के विकास में गठबंधन सरकार का कोई योगदान नहीं है। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की इस सरकार ने घोटालों में ही अपना नाम दर्ज किया है। मनरेगा, नल-जल योजना, मध्याह्न भोजन योजना, गरीबों का अनाज हो या स्वास्थ्य के क्षेत्र में दवाओं की खरीद, इन सभी योजनाओं की जांच की जाए तो घोटाला ही घोटाला नजर आयेगा।

उन्होंने कहा कि राजधानी में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में शुरू की गई योजनाओं को गठबंधन की सरकार अपनी उपलब्धि बता रही है। कांटाटोली फ्लाईओवर हो या रातू रोड का एलिवेटेड रोड, सिरमटोली से मेकॉन तक ब्रिज निर्माण की योजना हो या जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा पार्क, इसकी तैयारी पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में ही की गई थी। जयपाल सिंह स्टेडियम, स्मार्ट सिटी, चौक-चौराहों का चौड़ीकरण और सुंदरीकरण भी रघुवर सरकार की ही देन है। इससे यह स्पष्ट है कि इस सरकार के पास राज्य के विकास की न तो रूपरेखा है और ना ही विजन। हर विभाग में भ्रष्टाचार हावी है।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल में ही इस सरकार ने भ्रष्टाचार का बीजारोपण किया, जो अब तक फलफूल रहा है। ऐसे में इस राज्य के विकास की परिकल्पना कैसे साकार होगी। खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति के नाम पर हेमंत सोरेन की सरकार अपना हित साधने का प्रयास कर रही है लेकिन, हालात ऐसे है कि वोट बैंक की राजनीति करने वाले खुद इस जाल में फंसते नजर आ रहे हैं। इस राज्य के युवाओं को ऐसे दिवा स्वप्न दिखाये जा रहे हैं।

## जगरनाथ महतो के अंतिम संस्कार में शामिल हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में पहुंचे और दिवंगत जगन्नाथ महतो के सुपुत्र एवं परिवार जनों से मिलकर इस दुख की घड़ी में ढाढस बंधाया और संवेदना व्यक्त की।

मौके पर उनके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, विधायक कुमार जयमंगल सिंह, उमाशंकर अकेला, रामचंद्र सिंह, पूर्व मंत्री केशव महतो कमलेश, सोशल मीडिया इंचार्ज गजेंद्र सिंह मौजूद रहे। वहीं इससे पूर्व शुक्रवार को झामुमो कार्यालय पहुंच कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने दिवंगत शिक्षा मंत्री के पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# डुमरी पहुंचे सुदेश ने कहा- जमीन से जुड़े जनयोद्धा को अंतिम जोहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो सहित अन्य नेताओं ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जगरनाथ दा के निधन से झारखंड के राजनैतिक इतिहास का एक अध्याय समाप्त हो गया है। उनका जनता के साथ गहरा जुड़ाव था और वे जनहित के लिए सदा तत्पर रहें। मृदुभाषी व मिलनसार स्वभाव के धनी जगरनाथ दा पक्ष-विपक्ष सभी के चहेते थे। झारखंड की राजनीति में उनकी कमी हमेशा खलेगी। जमीन से जुड़े जनयोद्धा को अंतिम जोहार। सुदेश कुमार महतो ने डुमरी स्थित दिवंगत जगरनाथ महतो के



आवास जाकर उनका अंतिम दर्शन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

वहीं गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा गरीबों की चिंता करने वाले, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की चिंता करने वाले नेता थे। उनके असमय चले जाने से झारखंड की राजनीति में एक गहरा शून्य उत्पन्न हो गया है। आजसू पार्टी के केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा आदरणीय जगरनाथ दा को झारखण्डी राजनीति का लंबा अनुभव था। वें गांव, गरीब और किसान की नब्ज समझने वाले जननेता थे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

## कांग्रेस प्रभारी बतायें, यूटर्न बयान के पीछे क्या समझौते हुए : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय को उनके ही बयान को लेकर कटघरे में खड़ा किया। श्री प्रकाश ने कहा कि दो दिन पहले राज्य सरकार में शामिल कांग्रेस पार्टी के मंत्रियों को विफल बताने वाले कांग्रेस प्रभारी के बयान में यूटर्न क्यों आ गया। उन्होंने कहा कि आखिर दो दिनों में मंत्रियों ने राज्य हित में कौन से ऐतिहासिक कार्य कर दिये, जिसके कारण प्रभारी जी की नजरों में वे योग्य और काबिल हो गये। मंत्रियों के नहीं बदले जाने की बात अविनाश पांडेय जी ने कर दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रभारी जी का आखिर मंत्रियों के साथ क्या आंतरिक समझौता हुआ। यह उन्हें सार्वजनिक तौर पर बताना चाहिये। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार की तानाशाही में राज्य सरकार के मंत्रियों के खिलाफ बयान देना कांग्रेस प्रभारी को महंगा पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार में सहभागी भी और समर्थन में आंदोलन भी करती है।

# नियोजन नीति को लेकर 10 को बुलाये गये झारखंड बंद को सशर्त समर्थन दे सकती है प्रदेश युवा कांग्रेस : अभिजीत राज

### युवा कांग्रेस द्वारा बंद का समर्थन राजधानी के राजनीतिक गलियारों में बना चर्चा का विषय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में नई नियोजन नीति और 60-40 के विरोध में झारखंड के विभिन्न छात्र संगठनों ने 10 अप्रैल को झारखंड बंद बुलाया है। भाजपा और खासकर भाजयुमो ने छात्रों के इस बंद का



समर्थन किया है। वहीं, अब झारखंड यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने भी नियोजन नीति को लेकर छात्रों के प्रस्तावित झारखंड बंद का नैतिक समर्थन देने की बात कही है।

प्रदेश युवक कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज कहा है कि अभी तक झारखंड बंद कराने वालों ने उनसे संपर्क नहीं किया है। अगर वे उनसे संपर्क करते हैं तो हर यूथ कांग्रेस का कार्यकर्ता उनके आंदोलन में सशरीर उपस्थित होगा। उन्होंने कहा कि वे सिर्फ बोलकर समर्थन नहीं करते बल्कि नैतिक समर्थन भी करते हैं। मालूम हो कि नियोजन नीति और 60-40 के विरोध में बुलाये गए झारखंड बंद को युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज का सशर्त समर्थन वाला बयान राजधानी के राजनीति गलियारों में चर्चा का विषय है। इसका एकमात्र कारण महागठबंधन सरकार में कांग्रेस का शामिल होना है। छात्रों के इस बंद को पूर्व में ही भाजपा एवं भाजयुमो समर्थन दे चुका है।

# राज्यपाल से मिले केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राजनीतिक चर्चा की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने नई दिल्ली स्थित झारखंड भवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को मुलाकात की। दोनों के बीच राज्य में जनजातियों के विकास की संचालित विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में व्यापक चर्चा हुई। राज्यपाल ने राज्य में जनजातीय विकास से जुड़े केंद्रीय एवं राज्य योजनाओं पर चर्चा की। राज्यपाल



ने केंद्रीय मंत्री से जनजातियों के विकास के लिए सहयोग मांगा। श्री मुंडा ने कहा कि झारखंड के विकास के लिए केंद्र सरकार हर तरह का सहयोग करेगी।

**AFFIDAVIT**

I, Manisha Rani, the undersigned D/o Sri Rabindra Prasad, aged about 49 years, presently residing at........, India, do hereby solemnly affirm and declare on oath that:

1. My true and correct name is **'Manisha Rani'.**
2. In all my academic certificates, PAN Card, Aadhar Card, Matric Admit Card etc., my name is mentioned as **'Manisha Rani'** except in my Matriculation Certificate and Marks Sheet where it is mentioned as **'Manisha Kumari'.**
3. I hereby state that the name **'Manisha Rani'** and **'Manisha Kumari** are thenamesofoneandthe sameperson, i.e., myself.
4. I further state that I am making this Affidavit to produce before the concerned authorities to prove that the above-mentioned names are my names.
5. I further state that the facts stated in hereinabove paras are true and correct and supported by the all the personal documents, certificates, testimonials etc. which belong exclusively to me and that I undertake all responsibility for stating as above.

Solemnly affirmed at (place)

**Deponent (Name)**

# विकसित झारखंड के लिए ईमानदार प्रयास की है जरूरत : दीपक प्रकाश

**झा**रखंड देश के औद्योगिक विकास के पहिए को निरंतर चलाये रखने के लिए सर्वाधिक खनिज संसाधन उपलब्ध कराता है लेकिन इस बार नीति आयोग द्वारा जारी की गयी सतत विकास पैमाना की रैंकिंग में झारखंड औद्योगिक विकास के क्षेत्र में झारखंड 33 पायदान नीचे लुढ़क गया है। वहीं, अर्थिक विकास के मामले में भी 16 स्थानों की गिरावट आई है। झारखंड जैसे प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न राज्य के लिए ऐसी स्थिति बनना चिंताजनक है। हेमंत सरकार ने वर्ष 2021 में निवेश तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उद्योग नीति में भी संशोधन किया। लगभग 1 लाख करोड़ रुपए का निवेश और 5 लाख लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के बड़े-बड़े दावे के साथ सरकार ने दिल्ली में इनवेस्टर समिट का आयोजन किया। बावजूद इसके झारखंड में अपेक्षित निवेश नहीं हो सका। धरातल पर इसमें से कोई भी प्रावधान शायद ही लागू हुई।



**लेखक - झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सदस्य हैं**

औद्योगिक नीति में कई खामियां भी रह गईं।

नई औद्योगिक नीति में पीपीपी मोड का प्रावधान नहीं होने की वजह से राज्य को हो रही क्षति की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए उद्योगपतियों ने सरकार को आगाह करते हुए बताया था। इससे राज्य में औद्योगिक माहौल नहीं बन पाता है। व्यवसायियों को सरकार द्वारा जमीन अलॉटमेंट के बावजूद हैंडओवर होने में काफी परेशानी होती है और कानूनी जटिलताओं के कारण उद्योग के लिए जमीन मिलने में ढेर सारे प्रशासनिक

### आर्थिक विकास के मामले में भी 16 स्थानों की गिरावट आयी

अड़चनें भी आती हैं स इसके अलावा जो उद्योग पहले से चल रहे हैं वो यदि भविष्य में अपने हिस्से की जमीन को बेचना चाहते हैं तो इसमें सरकार को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए स उद्योग जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि पॉलिसी में पारदर्शिता एवं साफ नीयत के अभाव से उद्योग प्रभावित होता हैए जिसका नकारात्मक असर छोटे उद्योग धंधे पर देखने को मिलता है स यही स्थिति रही तो छोटे छोटे उद्योग आने वाले समय में बंद हो जाएंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय में बनाई गई टेक्सटाइल पालिसी की देशभर में प्रशंसा हुई थी। कई बड़ी कंपनियां राज्य में आईं। राज्य में लाखों लोगों को रोजगार मुहैया कराने और अरबों रुपए का राजस्व देने वाला खनन उद्योग भी खस्ताहाल में है। कागजी प्रक्रिया में जटिलता के कारण खनन व्यवसाय से जुड़े हजारों लोगों के खदानों का लीज व अन्य लाइसेंसो का नवीनीकरण नहीं हो पा रहा है। जबकि दूसरी ओर धड़ल्ले से अवैध खनन का कार्य चल रहा है। इससे सरकार को राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। जमीन पर जीवन और पर्यावरण संरक्षण के मामले में भी पिछले साल की तुलना में 28 पायदान की गिरावट दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को यह समझना होगा कि वो एक संवैधानिक पद को सुशोभित कर रहे हैं और इसकी जिम्मेवारियां भी निजी हित से इतर राज्य हित में शामिल होती हैं। यदि सवा तीन साल से सत्तासीन हेमंत विकास कार्यों में पिछड़ेपन के लिए पूर्ववर्ती सरकारों और कोरोना महामारी को जिम्मेदार मानते हैं, तो इससे एक स्पष्ट संदेश जायेगा कि सीएम में इच्छाशक्ति का घोर अभाव है। राज्य सरकार उद्योग नीति की समीक्षा कर इसे थोड़ा लचीला बनाये।

## जगरनाथ महतो का अवसान पीड़ादायक : अन्नपूर्णा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार सुबह झारखंड विधानसभा परिसर में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि जगरनाथ महतो का असमय अवसान पीड़ादायक और



झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि जगरनाथ जी के साथ विधानसभा के सदस्य के तौर पर लम्बे अरसे तक काम करने का अवसर मिला और जनहित के कई मुद्दों पर हमने साथ साथ संघर्ष किया था। हाल में शैक्षणिक विकास के लिए उनके साथ विचार विमर्श भी हुआ था। कुछ बिंदुओं पर मिलकर काम करना चाहते थे। गरीबों, शोषितों, पिछड़ों के हितों की बात आई तो बगैर किसी दलीय पूर्वाग्रह के जगरनाथ जी साथ खड़े हुये।

# राहुल गांधी के उठाये सवाल को लोगों के बीच लेकर जायेगी यूथ कांग्रेस



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार का प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बैठक में अभिजीत राज ने कहा कि उनके नेता राहुल गांधी ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद देश के 140 करोड़ जनता की आवाज बनकर सवाल पूछा तो केंद्र की भाजपा सरकार उन्हें प्रताड़ित करने लगी। उन्होंने बताया कि यूथ कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से राहुल गांधी के उठाये सवाल को जोरदार ढंग से उठाते रहने का फैसला लिया गया है। महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ युवा कांग्रेस ने हाल ही में सभी टोल प्लाजा पर प्रदर्शन किया था। इसके बाद अब आने वाले दिनों में भी युवा कांग्रेस राहुल गांधी के उठाये सवाल को जनता के बीच ले जाएगी।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
08.04.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, द्वितीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 263 | 12

एक बार 300 सीटों से पार

08 अप्रैल का इफ्तार शाम 6:07 बजे
09 अप्रैल का सेहरी भोर 4:13 बजे




## न्यूज डायरी

### ट्रिपल मर्डर का वांछित 22 साल बाद गिरफ्तार

**हजारीबाग।** पुलिस की विशेष टीम ने झारखंड-बिहार के वांटेड और पिछले 22 साल से फरार चल रहे कुख्यात मंजर खान को पेलावल से गिरफ्तार कर लिया है। वह अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था। मंजर पर 50 से अधिक हत्या, लूट, डकैती व रंगदारी के मामले दर्ज हैं।

### सीएनजी-पीएनजी की कीमत में आज से राहत!

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सीएनजी-पीएनजी की कीमत तय करने के लिए नये फार्मूले को मंजूरी दे दी है। घरेलू गैस की कीमतें तय करने की प्रक्रिया में बदलाव आज से लागू हो जायेगा। इसके लागू होने से देश में लोगों को राहत की पूरी उम्मीद है।

### टाइम 100 की लिस्ट में शाहरुख ने मारी बाजी

मुंबई। बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने ग्लोबल लेवल पर ब्लॉकबस्टर रही फिल्म पठान के बाद किंग खान ने 2023 टाइम 100 रीडर पोल में शीर्ष स्थान हासिल किया है। यह प्रतिभाशाली लोगों की वार्षिक सूची है।

### गुड फ्राइडे : शीर्ष नेताओं ने किया प्रभु ईसा को नमन

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जन खड़गे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गुड फ्राइडे पर शुक्रवार को लोगों को शुभकामनाएं दीं। मौके पर सभी ने प्रभु ईसा को नमन किया।

### इडी के वारंट को दाहू ने दी हाइकोर्ट में चुनौती

**रांची।** झारखंड में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले से जुड़े पंकज मिश्रा के सहयोगी राजेश यादव उर्फ दाहू यादव की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी।

### पीएम मोदी-सीएम योगी को धमकी देनेवाला अरेस्ट

नयी दिल्ली/नोएडा। पीएम नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ईमेल से धमकी देने वाले नाबालिग आरोपी को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने नाबालिग को लखनऊ से अभिरक्षा में लिया है।

### कांग्रेस से दो-दो हाथ करने को भाजपा तैयार

**कौशांबी।** यूपी के कौशांबी महोत्सव का शुभारंभ करने शुक्रवार को पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने बजट सत्र नहीं चलने देने का आरोप विपक्ष और कांगेस पर लगाते हुए तीखे हमले किये। 2024 में फिर से मोदी सरकार बनने का दावा किया। उन्होंने चुनौती दी कि कांग्रेस जहां चाहे मैदान तैयार कर ले। भाजपा मुकाबले को तैयार है।

### बहू ने सास को टांगी से काट कर मार डाला

**गुमला।** पारिवारिक कलह में एक बहू ने अपनी अपनी सास को कुल्हाड़ी से काट कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने बहू को गिरफ्तार कर लिया है। बेंदोरा पंचायत के दतरा गांव में कल देर रात वारदात हुई। घर में सिर्फ सास-बहू थे।




| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

# अलविदा टाइगर नम आंखों से दी अंतिम विदाई

## सीएम समेत तमाम नेताओं की मौजूदगी में पुत्र राजू ने दी जगरनाथ महतो को मुखाग्नि

➲ अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

खबर मन्त्र टीम

**रांची, बोकारो।** झारखंड के शिक्षा एवं मद्य निषेध मंत्री जगरनाथ महतो शुक्रवार को पंचतत्व में विलीन हो गये। बोकारो जिले के भंडारीदह स्थित पैतृक गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया। चंद्रपुरा प्रखंड के भंडारीदह के समीप दामोदर नदी घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र अखिलेश उर्फ राजू महतो ने मुखाग्नि दी। इससे पहले आलरगो स्थित उनके निवास स्थान पर हिंदू रीति रिवाज से पार्थिव शरीर को स्नान कर हल्दी चंदन का लगाकर अंतिम विदाई दी गयी। पार्थिव शरीर को कंधा के सहारे दामोदर नदी का तट ले जाया गया। उनकी अंत्येष्टि में सीएम हेमंत सोरेन, स्पीकर रवींद्रनाथ महतो, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, सत्यानंद भोक्ता, बादल पत्रलेख, राज्यसभा सांसद महुआ माजी समेत विभिन्न दलों के नेताओं और गणमान्य लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। रांची से जैसे ही उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा, अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। अंतिम यात्रा में शामिल बड़ी संख्या में लोग अपने टाइगर अंतिम दर्शन करने उमड़ पड़े। और नम आंखों से अंतिम विदाई दी। गुरुवार को चेन्नई के एमजीएम अस्पताल में उनका निधन हो गया था।

**एक झलक पाने उमड़े लोग :** डुमरी विधानसभा से लगातार चार बार प्रतिनिधित्व करने वाले टाइगर उपनाम से विख्यात झारखंड के शिक्षा मंत्री रहे जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर चेन्नई से रांची और फिर बोकारो स्थित उनके घर पर लाया गया। अपने लोकप्रिय नेता की अंतिम एक झलक पाने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। चेन्नई से शुक्रवार सुबह लगभग 7.30 बजे जगरनाथ महतो का शव पहले रांची पहुंचा।




**विस परिसर में स्पीकर, सीएम ने चढ़ाया पुष्प चक्र :** इससे पहले शुक्रवार को सुबह झारखंड विधानसभा परिसर में शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो का पार्थिव शरीर शुक्रवार को पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो, सीएम हेमंत सोरेन की अगुवाई में दिवंगत नेता के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया गया। हर एक लोगों के चेहरे पर उदासी साफ झलक रही थी। सीएम हेमंत सोरेन बेहद ही उदास दिख रहे थे। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर चेन्नई से शुक्रवार सुबह जैसे ही रांची एयरपोर्ट लाया गया, लोग शोकाकुल हो उठे। एयरपोर्ट पर श्रद्धांजलि देने के बाद तिरंगा में लिपटा जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर झारखंड विधानसभा लाया गया।

**सदन में श्रद्धांजलि देने सभी पहुंचे :** विधानसभा परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्पीकर, मुख्यमंत्री के साथ-साथ संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल, चंपई सोरेन, हफीजुल अंसारी, सत्यानंद भोक्ता सहित कई विधायकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर अंतिम विदाई दी। केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, बाबूलाल मरांडी, स्टीफन मरांडी, सरयू राय, प्रदीप यादव, इरफान अंसारी, सरफराज अहमद, दीपिका पांडे सिंह, सुदिव्य कुमार सोनू, मनीष जयसवाल, मथुरा महतो, शिल्पी नेहा तिर्की, बंधु तिर्की के अलावा राज्य सरकार के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह और विभिन्न विभागों के सचिव शामिल हुए। लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित की।

**पार्टी कार्यालय में भी श्रद्धांजलि :** उनका पार्थिव झामुमो कार्यालय लाया गया। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, सांसद महुआ माझी, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, सांसद विजय हांसदा, विधायक सविता महतो, पूर्णिमा नीरज सिंह, अंबा प्रसाद, किशुन दास आदि ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किया।

### कंधा देते फफक पड़े मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी उनके पार्थिव देह को कंधा दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री फफक कर रो पड़े। जगरनाथ महतो के पार्थिव शरीर को कंधा देने के बाद ट्वीट कर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि टाइगर जगरनाथ दा ने झारखंड और झारखंडियत की रक्षा के संघर्ष में हमेशा साथ निभाया, उसे जीतना सिखाया। झारखंड की माटी के वीर सपूत जगरनाथ महतो अमर रहें। विधानसभा में नम आंखों से दी गयी जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि।

### परिजनों से कहा- चिंता न करें, हम हैं...

दिवंगत मंत्री के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए सीएम हेमंत सोरेन उनके पैतृक गांव पहुंचे। वहां मुख्यमंत्री ने जगरनाथ महतो के परिजनों से मुलाकात की और कहा- चिंता ना करें, हम हैं। उनके पैतृक गांव बोकारो के भंडारीदह सीएम के साथ स्पीकर रवींद्रनाथ महतो भी गांव पहुंचे। वहीं जगरनाथ महतो के निधन पर पूरे प्रदेश में शोक है। फुसरो की सभी दुकानें बंद रहीं।





लोयोला ग्राउंड में गुड फ्राइडे के मौके पर पवित्र क्रूस को ढोते आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो। साथ में हैं पल्ली पुरोहित आनंद डेविड।

बढ़ते कोरोना पर बैठक में केंद्र ने कहा हल्के में न लें, हमें सतर्क रहना है

# हॉटस्पॉट की पहचान, टेस्टिंग टीकाकरण में तेजी लायें राज्य

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश में एक बार फिर कोरोना के बढ़ते मामले के बीच स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि आपातकालीन हॉटस्पॉट की पहचान करें। टेस्टिंग और टीकाकरण बढ़ायें। अस्पताल के बुनियादी ढांचे की तैयारी सुनिश्चित करें। कोरोना मामले पर हाइलेबल बैठक में उन्होंने कहा कि इसे हल्के में न लें, हमें हर हाल में सतर्क रहना है। अनावश्यक भय नहीं फैलाना है। बैठक में राज्यों को 10 और 11 अप्रैल को सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में मॉक ड्रिल को कहा गया। (शेष पेज 11 पर)

### केंद्र से बन्ना गुप्ता ने टीके की मांग की



केंद्र के साथ कोरोना पर बैठक में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में कोविड वैक्सीन की कमी है। उन्होंने राज्य के लिए वैक्सीन की मांग की। कहा कि राज्य के चार आरटी-पीसीआर लैब आईसीएमआर से मान्यता के इंतजार में हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से लैब को जल्द मान्यता देने का आग्रह किया गया है, ताकि राज्य में जांच की रफ्तार बढ़ायी जा सके। स्वास्थ्य मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर वर्तमान हालात पर चर्चा की। बताया कि मॉक ड्रिल को लेकर डीसी के साथ 9 को सभी जिलों की बैठक होगी। राज्यभर में 10 और 11 अप्रैल को मॉक ड्रिल किया जायेगा।

# आज के बंद को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरना झंडा को असामाजिक तत्वों द्वारा जलाये जाने के विरोध में समस्त आदिवासी एवं सरना धर्मावलंबी में रोष व्याप्त है। इसके तहत शुक्रवार को पाहन महासभा झारखंड प्रदेश और समस्त आदिवासी मूलवासी संगठनों ने शनिवारा को रांची बंद का आह्वान किया है। बंद को देखते हुए जिला पुलिस प्रशासन अलर्ट है। मुख्यमंत्री आवास व सचिवालय के आसपास के 200 मीटर परिधि क्षेत्र में 144 धारा लागू कर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। पूरे रांची में सुरक्षा व्यवस्था टाइट कर दी गयी है। रांची राजधानी में 17 गश्ती दल तैनात रहेगा, जो आपस में कोर्डिनेट करते रहेंगे। बंद कराने निकलनेवालों पर निगरानी रखेंगे। बंद के पूर्व संध्या पर इन संगठनों ने शुक्रवार को रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम से अलबर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस निकाला। उनका कहना है कि बंद को शांतिपूर्ण रूप से सफल बनायेंगे।

# पंकज मिश्रा पर दर्ज होगी एक और प्राथमिकी

➲ इडी ने एसपी को लिखा पत्र, नहीं रुका अवैध खनन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एक हजार करोड़ रुपए के खनन घोटाले के आरोप में बंद पंकज मिश्रा पर एक और प्राथमिकी दर्ज होगी। इडी ने साहिबगंज जांच के बाद यह पाया कि जेल में बंद रहने के बावजूद पंकज मिश्रा क्षेत्र में अवैध उत्खनन करवा रहे थे। इडी ने इस संबंध में साहिबगंज एसपी को पत्र लिखकर एफआइआर दर्ज करने का निर्देश दिया है।

इडी ने जांच में पाया कि जिस माइंस को जब्त की है, उसी माइंस पर माफिया खनन कर रहे थे। जब खनन माफिया से पूछा कि किसके आदेश पर खनन हो रहा है तो माफियाओं ने जेल में बंद पंकज मिश्रा का नाम बताया। (शेष पेज 11 पर)

### साहिबगंज डीसी भी इडी रडार पर



अवैध उत्खनन के मामले में साहिबगंज पुलिस को पत्र लिखकर पंकज मिश्रा, पवितर यादव, बच्चा यादव समेत अन्य पर एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा है। गौरतलब है कि साहिबगंज में हुए अवैध खनन को लेकर वहां के डीसी भी ईडी के रडार पर हैं। साहिबगंज में 1000 करोड़ का अवैध खनन और उसकी मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से पूछताछ कर चुकी है।

### पंकज मिश्रा ने सुप्रीम कोर्ट में लगायी गुहार

**रांची।** टेंडर मैनेज करने और साहिबगंज में अवैध खनन के जरिए अकूत संपति अर्जित करने के आरोपी पंकज मिश्रा ने अपनी जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। झारखंड हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को पंकज मिश्रा की जमानत अर्जी खारिज करते हुए उन्हें बेल देने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद पंकज मिश्रा ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की है। पंकज मिश्रा को ईडी ने पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था।

# लिट्टी चोखा नहीं मिला तो गाते-गाते रोका कॉन्सर्ट

## वैशाली महोत्सव में अभिजीत ने लोगों को झुमाया

एजेंसी

**पटना।** बिहार आये और लिट्टी चोखा का मजा नहीं लिया तो क्या लिया.. सिंगर अभिजीत को भी कॉन्सर्ट के बीच में लिट्टी चोखा की याद आ गयी और उन्होंने उसका स्वाद चखने बीच में ही कॉन्सर्ट रोक दिया। वह वैशाली महोत्सव में भाग लेने आये थे। हालांकि प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो मौके पर मौजूद वैशाली डीएम यशपाल मीना ने तत्काल ही कर्मियों को



लिट्टी चोखा की व्यवस्था करने का आदेश दिया और फिर कार्यक्रम के अंत में अभिजीत भट्टाचार्य की टीम ने लिट्टी चोखा का आनंद लिया। मौजूद एक शख्स ने बताया कि मंच से अभिजीत भट्टाचार्य के अनाउंस करते ही वैशाली डीएम यशपाल मीना ने तत्काल ही लिट्टी चोखा बंदोवस्त करने का आदेश दिया।

बिहार आने वाली बड़ी-बड़ी हस्तियां भी लिट्टी चोखा का स्वाद लेने से खुदको रोक नहीं पाती है। अगर किसी को लिट्टी चोखा ना मिले तो वो सिंगर अभिजीत की तरह लिट्टी चोखा की डिमांड करता है। वैशाली महोत्सव के अंतिम दिन बॉलीवुड के मशहूर प्लेबैक सिंगर अभिजीत भट्टाचार्य के साथ-साथ लिट्टी चोखा का चर्चा भी जोरों पर रही। (शेष पेज 11 पर)

# स्कूली शिक्षा में बदलाव के समौदे पर मंत्रालय ने मांगे सुझाव

## पूरी तरह बदला जायेगा 10+2 पैटर्न, 5+3+3+4 का मसौदा तैयार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नयी शिक्षा नीति 2020 को लेकर सरकार की कवायद जारी है। शिक्षा मंत्रालय ने स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ) के मसौदे पर सुझाव आमंत्रित किये हैं। नयी शिक्षा नीति की रूपरेखा को तैयार कर लिया गया है, जिसे प्री-ड्राफ्ट कहा जाता है। शिक्षा मंत्रालय ने प्री-ड्राफ्ट जारी कर दिया। इसे विशेषज्ञों से विचार विमर्श के बाद इसे तैयार किया गया है। हालांकि, अभी भी इसमें सुधार को लेकर सुझाव मांगे गये हैं। नयी शिक्षा नीति का उद्देश्य देश में स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा को प्रभावशाली बनाना है। समय के साथ इसमें बदलाव हुए हैं। स्कूली शिक्षा बच्चों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। यह नींव के रूप में काम करती है। नयी शिक्षा नीति में वर्तमान व्यस्था 10+2 पैटर्न को पूरी तरह से बदला जायेगा। वर्तमान व्यवस्था को बदलकर 5+3+3+4 करने का मसौदा तैयार किया गया है। यह विभिन्न चरणों- मूलभूत, प्रारंभिक, मध्य और माध्यमिक में पाठ्यचर्या और शैक्षणिक बदलावों का सुझाव देने वाले विकासात्मक दृष्टिकोण पर जोर देता है। (शेष पेज 11 पर)



### 15,000 पीएम श्री स्कूल की योजना

15,000 'पीएम श्री' स्कूल स्थापित करने की योजनामंत्रालय को डिजिटल मोड में मोबाइल ऐप सर्वेक्षण के माध्यम से लगभग 1,50,000 हितधारकों से फीडबैक प्राप्त हुआ है। पिछले साल अगस्त में शुरू किये गये नागरिक-केंद्रित सर्वेक्षण में 12,00,000 से अधिक हितधारकों से इनपुट प्राप्त हुए हैं। ईसीसीई, स्कूली शिक्षा, शिक्षक शिक्षा और प्रौढ़ शिक्षा के सभी क्षेत्रों में इनपुट प्राप्त हो रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय का कहना कहना है कि प्राप्त सुझावों से पता चला है कि नयी शिक्षा नीति की सिफारिशों को सभी क्षेत्रों से समर्थन मिला है।

# हथियार के साथ अमन साहू गिरोह के दो अपराधी धराये

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** पुलिस ने कुख्यात अमन साहू अपराधी गिरोह के दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में निक्की यादव और दीपक उरांव शामिल है। दोनों लातेहार के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके पास से दो देसी बंदूक तथा 11 गोलियां भी बरामद की है। शुक्रवार को प्रेस वार्ता में एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अमन साहू गिरोह के अपराधी जिले में फिर सक्रिय हैं। इन अपराधियों के द्वारा व्यवसाई तथा संवेदक से रंगदारी वसूली जा रही है। इस सूचना के बाद एक एसआईटी का गठन किया गया और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई आरंभ की गयी। इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने लातेहार के पतकी जंगल के पास से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में स्पष्ट हुआ कि दोनों अपराधी अमन साहू गिरोह के लिए काम करते हैं। इनमें निक्की यादव लातेहार तथा आसपास के जिलों में अमन साहू गिरोह का संचालन भी करता है। (शेष पेज 11 पर)

# नर सेवा ही नारायण सेवा है : संजय सेठ

## स्वर्ण भूमि अन्नपूर्णा सेवा की प्रथम वर्षगांठ पर हुआ आशीर्वाद कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** पुरुलिया रोड स्थित स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल के बगल में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में संचालित एवं स्व सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में उनके परिवार के सौजन्य से अन्नपूर्णा भोजन सेवा के 1 वर्ष पूरे हुए। इसकी प्रथम वर्षगांठ पर आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व.शारदा देवी नारसरिया के फोटो पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित कर की। तत्पश्चात अन्नपूर्णा सेवा मे 1 वर्ष से भोजन बनाने वाले सभी 5 सेवादारों को पुष्प गुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात स्वर्ण भूमि हॉल मे आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन एवं नारसरिया परिवार को जनसेवा के पुनीत कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की। अन्नपूर्णा सेवा के प्रथम वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समाज की सेवा में यथासंभव योगदान देना चाहिए नर सेवा नारायण सेवा है। मारवाड़ी सम्मेलन बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने अन्नपूर्णा सेवा अन्य जगहों मे भी चालू कराने का आग्रह किया और अपनी ओर से हर संभव सहयोग देने का वचन दिया। चिन्मय मिशन रांची के आचार्य स्वामी परिपूणानंद जी महाराज ने अन्नपूर्णा सेवा की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज में त्याग की भावना को बढ़ाना हमारा संस्कृति भावना है। तथा इनके देवता रूपी प्रेरणा से समाज प्रकाशित होता है।

उप मेयर संजीव विजयवर्गीय ने अपने संबोधन में कहा कि मारवाड़ी समाज गरीबों की सेवा का कार्य हमेशा बढ़- चढ़ कर रही है। तथा लोगों को प्रेरणा देने का भी कार्य कर रहा है उन्होंने कहा कि सबका सहयोग एवं सबका विश्वास से रांची का विकास होगा। अन्नपूर्णा सेवा, प्याऊ सेवा तथा अन्य सभी सेवाओं में मेरा हमेशा सहयोग रहेगा। कार्यक्रम को पूर्व सांसद अजय मारू, प्रदीप नारसरिया, जगमोहन नारसरिया, रिंकू अग्रवाल, अभिषेक नारसरिया, ने भी अपने विचार रखते हुए कहा की रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन दोनों अन्नपूर्णा सेवा केंद्र का बहुत ही बेहतर है सुचारू ढंग से संचालन कर रहा है। तथा गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नहीं, समाजसेवी प्रदीप नारसरिया ने कहा कि हमारा परिवार रांची मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा रांची के अन्य स्थानों पर भी अन्नपूर्णा भोजन सेवा चालू करने पर तन मन धन से सहयोग देगा। मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि 1 वर्ष में इस अन्नपूर्णा सेवा मे 75000 से भी अधिक लोगों ने भोजन किया। तथा तिरुपति बालाजी मंदिर के सामने श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा मे 7 माह में अब तक 35000 लोगों ने भोजन किया। अब तक दोनों अन्नपूर्णा सेवा केंद्र मे एक लाख दस हजार लोगों ने भोजन किया। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा सेवा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के निरंतर चलती रहेगी तथा उन्होंने नारसरिया परिवार तथा इस सेवा में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

## रांची के नमन राज पाहवा जी-20 समिट में बतौर वक्ता चयनित



**रांची।** गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल,रांची से 12वीं की पढ़ाई पूरी कर दिल्ली में बीसीए की पढ़ाई करने वाले कृष्णा नगर कॉलोनी, रातु रोड रांची के निवासी नमन राज पाहवा का 8 अप्रैल को दिल्ली के लिंगायस ललिता देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में आयोजित जी-20 समिट में जन-भागीदारी वक्ता के रूप में चयन हुआ है.यह समिट सुबह 7 बजे से दूसरे दिन सुबह 7 बजे तक चलेगा.इस समिट में कुल तीन सौ बीस लोगों का चयन हुआ है और ये सभी 320 वक्ता चौबीस घंटे में 320 स्पीच देकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो जाएंगे.नमन पाहवा को बीसीए करते हुए अभी महज तीन महीने ही हुए हैं और उसने इतने कम समय में ही अपनी एक विशिष्ट जगह बना ली है।




## पसीना सूखने से पहले मजदूर को उसकी मजदूरी दें : एजाज गद्दी


एजाज गद्दी

**रांची।** रमजानुल मुबारक महीने पर बात करते हुए सामाजिक संस्था आम जनता हेल्पलाइन के अध्यक्ष एजाज गद्दी ने कहा कि हमने उलेमा से सुना है कि पैगंबर इस्लाम हजरत मोहम्मद (स.) ने कहा कि अल्लाह पाक का फरमान है कि तीन व्यक्ति ऐसे हैं, जिन्हें मैं कयामत के दिन माफ नहीं करूंगा। पहला वह व्यक्ति, जिसने मेरे नाम पर कसम खायी और वादा पूरा न किया। दूसरा वह व्यक्ति, जिसने किसी आजाद इंसान को बेचकर उसका पैसा खाया, उसको गुलाम बनाया। तीसरा उस व्यक्ति के बारे में पैगंबर (स.) कहते हैं कि जिसने किसी मजदूर श्रमिक से काम कराया, लेकिन उसका पारिश्रमिक नहीं दिया। उन्होंने फरमाया, मजदूर की मजदूरी उसके पसीने सूखने से पहले पहले अदा कर दो। चूंकि यह रमजान का महीना है, इस माह में एक अमल का सत्तर गुना सवाब होता है, इसलिए इन नेकियों का हमें विशेष ध्यान देना चाहिए। इस महीने में मौसम दयाशील रहता है। यह ऐसा महीना है, जिसमें नेकियों को कई गुना बढ़ा दिया जाता है। जन्नतों के द्वार खोल दिये जाते हैं, जहन्नुम के द्वार बंद कर दिये जाते हैं तथा इसमें पापियों और बुराई करने वालों का अल्लाह के पास तौबा स्वीकार किया जाता है। इस महीने का पहला भाग रहमत का, मध्य भाग क्षमा का और अंतिम भाग जहन्नुम से मुक्ति का है। इसलिए जहां तक संभव हो सके, इस माहे मुबारक महीने का कद्र करें।

## रमजान के पाक महीने में पड़ोसी का ख्याल रखना निहायत जरूरी : सरफे आलम


सरफे आलम

**रांची।** इस्लाम में पड़ोसी की बड़ी अहमियत है। प्यारे रसूल स. ने फरमाया- जिसने किसी रोजेदार को इफ्तार कराया, तो उसे भी उसके बराबर सवाब मिलेगा। रसूल स. ने ये भी फरमाया कि वो आदमी मुस्लिम नहीं हो सकता, जो खुद पेट भरकर खाना खाये और उसका पड़ोसी भूखा रहे। प्यारे नबी ने ये भी फरमाया है कि जो अपने पड़ोसी को तकलीफ दे, वो मुस्लिम नहीं हो सकता, चाहे पड़ोसी मुस्लिम हो या गैरमुस्लिम। ये भी फरमाया कि पड़ोसी को सताने वाला दोजख (नर्क) में जायेगा। वो पड़ोसी जिसका घर आपके घर से नजदीक हो, उसका हक उस पड़ोसी से ज्यादा है, जिसका घर आपके घर से कुछ दूरी पर हो। इस्लाम में पड़ोसी के हुकूक का दायरा इससे भी बढ़कर है। एक गांव दूसरे नजदीकी गांव का पड़ोसी है, एक राज्य दूसरे राज्य का पड़ोसी है, एक देश दूसरे देश का पड़ोसी है। इसलिए हर इंसान को अपने पड़ोसी के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। पड़ोसी अगर खराब व्यवहार भी करे, तो भी उनके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। उनकी मदद करनी चाहिए। भूखों को खाना खिलाना चाहिए। अपनी सलाहियत के अनुसार हर जरूरतमंद की मदद करनी चाहिए और उनके हर दुख-सुख में साथ देना चाहिए, यही इस्लाम का पैगाम है।


रांची के लोहराकोचा स्थित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आयोजित महाभंडारा में भक्तों के साथ भाजपा नेता रमेश सिंह।

## बर्लिन अस्पताल ने किया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** राजधानी रांची के हरमू चौक पर स्थित बर्लिन जनरल अस्पताल ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शुक्रवार को दिन में 11:00 से 03:00 बजे तक न्यूरोसाइंस, जनरल मेडिसिन, ऑर्थोपेडिक्स, पीडियाट्रिक्स, गायनेकोलॉजी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में लगभग 100 से ज्यादा मरीज स्वास्थ्य जांच कराने के लिए आये। बता दें कि बर्लिन जनरल अस्पताल 70 बेड वाला मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल है।

बर्लिन जनरल अस्पताल के प्रबंधन ने बताया कि अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए बिलों पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। यह छूट 15 अप्रैल 2023 तक जारी रहेगी। इस चिकित्सा शिविर में डॉ एचडी शरण एमडी (मेडिसिन), डॉ डीएम प्रसाद (न्यूरोसर्जन), डॉ स्नेहा गुप्ता (पेडियाट्रिशियन), डॉ तनुश्री चक्रवर्ती (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ प्रणब नारायण (जनरल सर्जन), डॉ अंबुज श्रीवास्तव (रेडियोलॉजी विशेषज्ञ) उपस्थित थे। मौके पर दिलीप पॉल केंद्र प्रमुख, नूपुर घोष (एचओडी एचआर), बादल पांडे जीएम समेत कई लोग मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### विश्वंभर फाउंडेशन का साहित्य सम्मान समारोह आज

**रांची।** विश्वम्भर मैथिली साहित्य सम्मान समारोह शनिवार को आहूत की जा रही है। यह पुरस्कार वर्ष 2022 के लिए मिथिला के सहित्यकार शिवशंकर श्रीनिवास को देने की घोषणा की गई है। विश्वम्भर फॉउंडेशन के द्वारा इस वर्ष से दो और पुरस्कारों की घोषणा की गई है। इस वर्ष से विजयलक्ष्मी युवा सम्मान एवं झारखंड की जनजातिय भाषाओं के साहित्यकारों को सम्मान देने की घोषणा की गई है। इसके अलावा वर्ष 2023 के लिए विजयलक्ष्मी युवा सम्मान एवं विश्वम्भर स्मृति झारखंड साहित्य सम्मान दिये जाने की घोषणा की गई है । विश्वम्भर फॉउंडेशन के द्वारा आगामी 8 अप्रैल 2023 को संध्या काल 4 बजे से हरमू क्षेत्र में स्थित स्वागतम वैंक्वेट हॉल में सम्मान समारोह सह सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

### वार्ड 49 में दो पीसीसी सड़क का हुआ शिलान्यास



**रांची।** डोरंडा वार्ड संख्या 49 मे गुरुवार को वार्ड की पार्षद श्रीमती जमीला खातून ने दो पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। इसमें फिरदौस नगर रोड न. 1 में राशिद सीमेंट दुकान से शाहिद के घर तक पीसीसी पथ और गौस नगर नन्हे मौलाना के घर से मंटू दुकान तक पीसीसी पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास शामिल है। बता दें कि वार्ड 49 मे लगातार सभी गली-मोहल्ले मे रोड, नाली एवं स्लैब का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में दो पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। मौके पर पार्षद श्रीमती जमीला खातून ने कहा कि दो दिन पूर्व भी वार्ड 49 में एक साथ चार पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया था और आगे भी पूरे वार्ड में विकास का कार्य निरंतर जारी रहेगा। मौके पर पार्षद प्रतिनिधि मो रिजवान, हाजी सम्मी मलिक, मो शाहिद, मो अरशद, मो असलम, शाहिद आलम, मो राशिद, अनीस अख्तर, इब्राहिम रजा, मो सगीर, मो हुसैन सहित बड़ी संख्या में गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

### रिटायर्ड रेंजर के घर में डाका डालनेवाला का सुराग नहीं

**रांची।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आदर्शनगर में रिटायर्ड रेंजर रूद्र नारायण प्रसाद के घर बंधक बनाकर लाखों रूपए कैश और जेवर लूटने के मामले में अबतक रांची पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाया है। हालांकि, रांची पुलिस ने मुख्यालय वन एएसपी मूमल पुरोहित के नेतृत्व में अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। गौरतलब हो कि बुधवार की रात सात की संख्या में अपराधियों ने रिटायर्ड रेंजर के घर में डाका डाला था और वहां से 15 लाख कैश समेत लाखों के जेवरात लूट लिया था। मौके वारदात पर फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से अपराधियों के फिंगर प्रिंट का सैंपल भी लिया है।

### आरोपी दोस्त को बचाने के शक में अपहरण किया गया था रोशन का

**रांची।** रांची से बजाज फाइनेंस के मैनेजर रोशन कुमार के अपहरण में शामिल दो आरोपियों को बीआइटी मेसरा की पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में रोशन के ऑफिस में कार्यरत रीतेश कुमार के बयान पर बीआइटी मेसरा ओपी में दो नामजद समेत दो अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस की टीम फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लोकेशन के आधार पर पटना गई है। पुलिस ने बताया कि रोशन के अपहरण करने के पीछे अपहर्ताओं का यह उददेश्य सामने आया कि रोशन के एक दोस्त ने पटना की एक लड़की को भगाया है। लड़की के भगाने के पीछे और दोस्त के बचाने के शक के आरोप में लोगों ने रोशन का अपहरण करने का सोचा। परिजनों को शक था कि रोशन अपने दोस्त की मदद कर रहा है। गौरतलब हो कि अपहरणकर्ताओं ने रोशन को लोन का ईएमआई देने के बहाने बुलाया था। रोशन का ऑफिस मंगल टॉवर के पीछे स्थित है। रोशन पिस्कामोड़ में एक अपार्टमेंट में रहता है। रीतेश के बयान से खुलासा हुआ कि रोशन का अपहरण कर लिया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों क्रमशः अभिचल अमन और मोइन अंसारी के रूप में की है।

## तनिष्क ने रिलांच किये रांची-धनबाद के दो स्टोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का एक हिस्सा तनिष्क ने झारखंड के रांची और धनबाद में अपने दो स्टोर रिलांच किये हैं। इन दोनों स्टोर का उद्घाटन टाइटन कंपनी लिमिटेड के रीजनल बिजनेस हेड (ईस्ट) सोमप्रभ सिंह और टाइटन कंपनी लिमिटेड तनिष्क के बिजनेस मैनेजर (ईस्ट) बिक्रमजीत महलानोबिश ने किया।

इस मौके पर तनिष्क ने अपने उपभोक्ताओं को आभूषणों की हर खरीदारी पर सोने के सिक्कों का निःशुल्क उपहार देने की घोषणा की है। धनबाद के स्टोर में 6 से 9 अप्रैल 2023 तक और रांची स्टोर में 7 से 9 अप्रैल 2023 तक इस ऑफर का लाभ उठाया जा सकता है।

बता दें कि रांची में नया तनिष्क स्टोर सर्कुलर रोड और धनबाद में यूजी-25, ओजोन प्लाजा, बैंक मोड़ में अवस्थित है।

## पढ़ाई के नाम पर हैक करने की दी जाती थी ट्रेनिंग, गिरफ्तार

**देवघर।** देवघर पुलिस ने पढ़ाई के नाम पर यूपीआई हैक करने की ट्रेनिंग देनेवाला गिरोह का पर्दाफाश किया है। मामले में छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से दो दर्जन मोबाइल, तीन दर्जन फर्जी सिम, चार एटीएम और एक नोटबुक बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों में छोटी मंडल, मेघन मंडल, सहदेव मंडल, प्रदीप मंडल, दुमका से निरंजन यादव और जामताड़ा से अजय मंडल शामिल है।

## कुड़मी समाज के आंदोलन का असर

# रांची से चलनेवाली 14 ट्रेनें आज भी रहेंगी रद्द

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कुड़मी समाज के आंदोलनरत के तीसरे दिन शुक्रवार को एक दर्जन से अधिक ट्रेनें रद्द रही, वहीं आज शनिवार को भी 14 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। आंदोलन के कारण बड़ी संख्या में रेल यातायात सेवा ठप है, यात्री परेशान हैं। रेलवे ने वैकल्पिक ट्रेन सेवा बहाल कर कुछ हद तक यात्रियों की परेशानी को कम करने में जूटी है, वहीं आंदोलन का व्यापक असर दिखा है।

जनआंदोलन की वजह से रांची रेल मंडल से चलने वाली निम्न ट्रेनें रद्द रहेंगी। ट्रेन संख्या 18615 हावड़ा - हटिया क्रियायोग एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 08/04/2023 को रद्द रहेगी।

1. ट्रेन संख्या 13352 अल्लपुजा (एलेप्पी) - धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 08/04/2023 को रद्द रहेगी।
2. ट्रेन संख्या 18036 हटिया - खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 08/04/2023 को रद्द रहेगी।
3. ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर - हटिया एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 08/04/2023 को रद्द रहेगी।
4. ट्रेन संख्या 18616 हटिया - हावड़ा क्रियायोग एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 08/04/2023 को रद्द रहेगी।
5. ट्रेन संख्या 22824 नई दिल्ली - भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 08/04/2023 को रद्द रहेगी।
6. ट्रेन संख्या 22891 हावड़ा - रांची एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 08/04/2023 को रद्द रहेगी।
7. ट्रेन संख्या 22892 रांची - हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 08/04/2023 को रद्द रहेगी।
8. ट्रेन संख्या 15028 गोरखपुर - हटिया मौर्य एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 08/04/2023 को रद्द रहेगी।
9. ट्रेन संख्या 18623 इस्लामपुर - हटिया एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 08/04/2023 को रद्द रहेगी।
10. ट्रेन संख्या 13319 गोड्डा - रांची एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 08/04/2023 को रद्द रहेगी।
11. ट्रेन संख्या 05671 कामाख्या - रांची एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिंनाक 08/04/2023 को रद्द रहेगी।
12. ट्रेन संख्या 12818 आंनदविहार - हटिया एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ दिनांक 08/04/2023 को रद्द रहेगी।
13. ट्रेन संख्या 17007 सिकंदराबाद - रक्सौल एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 08/04/2023 को रद्द रहेगी।

## सरना झंडा जलाना दुखद, दोषियों पर कार्रवाई हो : राजेंद्र



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरना झंडा को जलाने की जो बात आ रही है, वह एक दुखद घटना है। प्रसाद ने कहा यह घोर निंदनीय है। कहा कि झारखंड के मूलवासी सदान और आदिवासी भाई की तरह आपसी भाईचारा के साथ रहते आ रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी हरकत तो मूलवासी सदान कभी नहीं करेंगें।

## झारखंड मिथिला मंच का तीन दिवसीय महोत्सव 14 अप्रैल से हरमू मैदान में

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड मिथिला मंच के तत्वावधान में तीन दिवसीय महोत्सव 14 से शुरू हो रहा है। मंच के अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन हरमू मैदान में किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। कार्यक्रम को लेकर हरमू मैदान को सजा संवार दिया जायेगा।जहां लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा वहां के परंपरागत भोजन, सामान, किताब, मिथिला पेंटिंग सहित अन्य कुछ वस्तु खरीद सकते है। उन्होंने कहा कि महोत्सव में पंडित हरीनाथ झा, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित गायिका डॉ रंजना झा, डा उज्ज्वल राय, माधव राय, जूली झा, स्वास्तिक भारद्वाज, पूनम मिश्रा, भाई राधे, ज्योति मिश्रा सहित अन्य अपनी गायकी से लोगो का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करेंगी। इसके अलावा धरोहर संस्था की ओर से लोकनृत्य जट जटिन, झरनी, झिझिया, डोमकच सहित अन्य प्रस्तुत किया जायेगा।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता व लोगों को हिस्सा लेने के लिये तीन मंच द्वारा उनके इलाके में जाकर लोगो को आमंत्रित किया जायेगा। मंच की ओर से मैथिली साहित्य के साहित्यकार महेंद्र मलंगिया को अक्षर सम्मान दिया जायेगा।

## नि:शुल्क मधुमेह एवं रक्तचाप जांच शिविर का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेसीआइ रांची यूथ ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य पर निःशुल्क मधुमेह एवं रक्तचाप जांच शिविर का आयोजन मोरहाबादी स्थित पार्क में किया। शिविर में 100 से ज्यादा लोगों ने अपनी मधुमेह एवं रक्तचाप संबंधित जांच करा कर शिविर का लाभ लिया।

सदर अस्पताल के चिकित्सा सहायक सोनू कुमार ने जांच में अपना बहुमूल्य सहयोग दिया। उन्होने लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और बताया कि किस प्रकार अनियमित जीवनशैली के कारण हमें मधुमेह और रक्तचाप जैसी गंभीर बीमारियां हो रही है। संस्था की अध्यक्ष कुशा जालान ने विश्व स्वास्थ्य दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी और लोगों को बताया कि हमें रूटीन चेकअप कराते रहना चाहिए और रोज आधे घंटे शारीरिक मेहनत जैसे योगा, मॉर्निंग वॉक, खेलकूद आदि करते रहने से स्वस्थ रहेंगे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सदस्यों का बहुमूल्य सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रतीक मोदी, एवं नितिन सिंह ने किया। कार्यक्रम में संस्थापक दीप्ती बजाज पूर्व अध्यक्ष प्रतीक बधानी, हर्ष सिंघानिया, अदिति अग्रवाल, विकास झांझरिया, आदि मौजूद थे।

# ईश्वर का अनुभव जरूरी : कुलदीप तिर्की

## चालीसा काल में येसु हमसे पूछ रहे- तुम क्या कहते हो, मैं कौन हूं?

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** चालीसा का पुण्य काल में एक सवाल हमें खुद से बारम्बार करनी चाहिए क्या हमने येसु या प्रभु को मन की आंखों से देखा है? क्या हमने येसु का अनुभव किया है? इस चालीसा काल में येसु हमसे सवाल कर रहे हैं- तुम क्या कहते हो कि मैं कौन हूं? इस सवाल का जवाब हमे व्यक्तिगत रूप से देना है कि येसु ख्रीस्त के साथ मेरा क्या रिश्ता है।

रांची महाधर्मप्रांत के यूथ कोऑर्डिनेटर कुलदीप तिर्की ने यह जानकारी देते हुए कहा कि वाराणसी के एक आश्रम के स्वामी, स्वामी अनिल देव से किसी राहगीर ने पूछा कि बहुत से लोग आश्रम का सदस्य बनने आते हैं ,किंतु कुछ ही लोग टिक पाते हैं।ऐसा क्यों? आश्रम के स्वामी कुछ देर खामोश रहे। अचानक एक खरगोश उनके सामने से दौड़ते हुए गुजरा।उसे देखकर दो कुत्ते भौंकते हुए उसके पीछे भागे।कुतों को भौंकते और भागते देख कर, कुछ और कुत्ते उन दो कुतों के पीछे भागे। कुछ देर के बाद वह खरगोश उसी जगह वापस चला आया ।किंतु अब केवल दो ही कुत्ते उसका पीछा कर रहे थे।बाकी कुत्ते गायब थे।स्वामी अनिल देव ने कहा - खरगोश का पीछा केवल दो ही कुत्ते कर रहे थे क्योंकि इन्ही दो कुत्तो ने वास्तव में खरगोश को देखा था।बाकी कुत्तों ने खरगोश का पीछा करना छोड़ दिया था क्योंकि उन्होंने खरगोश को देखा ही नहीं था। बस बाकी कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर उनके पीछे दौड़ पड़े ।स्वामी अनिल देव ने कहा कि इस आश्रम में बहुत सारे लोग प्रवेश करते हैं,लेकिन सिर्फ वहीं लोग टिक पाते हैं जिन्हें ईश्वर का अनुभव हो जाता है। बाकी लोग न तो ईश्वर को अनुभव कर पाते हैं और न ही ईश्वर को करीब से देख पाते हैं। फलतः थोड़ी सी समस्या या मुसीबत आने पर वे वापस अपनी दुनिया में चले जाते हैं।

येसु को अनुभव किये बिना हमारी हालात भी उन कुत्तों की तरह होगी, जो बिना खरगोश को देखे कुछ दूर दौड़ते रहे और फिर वापस लौट गये।

## गुड फ्राइडे : संदेश

### येसु का क्रूस बलिदान सारे जगत के लिए पाप व मृत्यु से छुटकारे का जरिया : बिशप सीमांत तिर्की

जीईएल चर्च के बिशप सीमांत एस तिर्की कहते हैं कि येसु की क्रूस मृत्यु के दिवस को भला दिन गुड फ्राइडे इसलिए कहा जाता है क्योंकि प्रभु ने अपने उसकी कुर्बानी देकर हमें अनंत काल की मृत्यु से बचाया। मृत्यु और पाप के कारण इस दुनिया मे आए। येसु निर्दोष व निष्पाप थे लेकिन हम सभी को पाप से बचाने के लिए तथा धर्मी बनाने के लिए स्वयं पापी बने। हम सभी के पाप का दंड अपने उपर लिया। परमेश्वर ने सारे जगत के लोगों से प्रेम किया तथा अपना एकलौता बेटा दिया जिसने हमारे पापों व उद्धार के लिए समस्त जगत के मानवजाति के पापों के उद्धार के लिए क्रूस पर अपना बलिदान दिया, ताकि हम बल्कि अनंत जीवन पाए।

### यीशु की क्रूस मृत्यु प्रेम की पराकाष्ठा : आर्चबिशप राजीव टोप्पो



एनडब्ल्यूजीईएल चर्च के आर्चबिशप राजीव सतीश टोप्पो कहते हैं कि प्रभु यीशु की क्रूस मृत्यु परमेश्वर का मनुष्यों के प्रति अत्यधिक प्रेम और बलिदान का चरमोत्कर्ष है। मनुष्यों को उनके पापों से छुटकारा व उद्धार देने के लिए उन्होंने क्रूस के क्रूरतम मृत्यु एवं अपमान को भी धैर्य के साथ चुपचाप सहन किया। उनकी इच्छा है कि उनके अनुयायी भी उनकी तरह सभी के साथ प्रेम करें। भाईचारगी रखे तथा प्रत्येक जरुरतमंदों की सहायता करें।

### क्रूस आध्यात्मिक उद्धार का चिन्ह : फादर हिलारियुस बारला



संत फ्रांसिस चर्च हरमू के पल्ली पुरोहित फादर हिलारियुस बारला टीओआर कहते है कि प्रभु येसु मानव मुक्ति के लिए ईश्वरीय विधान के अनुसार देह धारण कर क्रूसित हुए। उनका देह धारण ही सबसे बड़ा क्रूस था। येसु ने अपने क्रूस दुःखभोग व क्रूस मरण से समस्त मानवजाति को पापों से मुक्ति दिलायी व उनका उद्धार किया। यूं कहें कि क्रूस समस्त विश्वासियों के लिए आाध्यात्मिक प्रार्थना और उद्धार का चिन्ह है । शैतान की दासता से विजय का प्रतीक है क्रूस।

## क्रूस को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं और उसकी छाया में रहें

# गुड फ्राइडे के अनुष्ठान में शामिल मसीहियों ने क्रूस दु:खभोग और क्रूस मृत्यु की पीड़ा को किया स्मरण

**क्रूस, जीवन और मुक्ति का प्रतीक : फादर अजीत खेस**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**रांची।** डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत मरिया महागिरजाघर के अंतर्गत लोयोला मैदान सहित शहर के अन्य गिरजाघरों में शुक्रवार को ईसाई भक्त भारी संख्या में एकत्र होकर गुड फ्राइडे के विधि विधानों में शामिल हुए और येसु के क्रूस दुःखभोग, क्रूस मृत्यु तक की उस असहनीय पीड़ा को स्मरण किया जो उन्होंने हम सभी मानवजाति के पापों के लिए सहा। मुख्य अनुष्ठाता फेलिक्स टोप्पो थे जिनका सहयोग फादर अजित खेस तथा फादर डेविड आनंद खलखो व अन्य पुरोहितों ने दिया।

जेसुइट प्रोविंशियल फादर अजीत खेस ने अपने प्रवचन में क्रूस को जीवन व मुक्ति का प्रतीक बताया। येसु के क्रूस बलिदान को मनुष्य के लिए उनके प्रेम की पराकाष्ठा बताया। कहा कि जहां प्रेम है वहां त्याग, समर्पण व क्षमा है। क्रूस को ईश्वर के प्रेम व एक दूसरे से जोड़ने वाला बताया कहा कि पाप के कारण हमारा संबंध ईश्वर से टूट गया लेकिन इस क्रूस मृत्यु के द्वारा येसु ने हमारा संबंध ईश्वर से जोड़ा है। उन्होंने विश्वासियों से क्रूस को जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा सदैव उसकी छाया में रहने का आह्वान किया।

क्रूस उपासना की धर्मविधि में विश्वासियों ने येसु के क्रूस के सम्मान में उपासना की। इस मौके पर मुख्य अनुष्ठाता आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने तीन बार यह उच्चार किया गया क्रूस के काठ को देखिए जिसमें संसार के मुक्ति दाता टंगा है इसके प्रत्युत्तर में विश्वासी ने कहा आओ हम उसकी उपासना करें। इसके बाद मुख्य अनुष्ठक ने क्रूस पर ढंके बैगनी रंग के वस्त्र को हटाया तदुपरांत क्रूस का चुंबन किया। इसके बाद अन्य पुरोहितों के द्वारा समारोह में आए तमाम लोगों ने क्रूस चुंबन किया। उसके बाद परमप्रसाद उपासना की विधि हुई और लोगों के बीच परमप्रसाद वितरण किया गया।

गुड फ्राइडे ईसाई समुदाय के लिए आस्था के दृष्टिकोण से अतिमहत्वपूर्ण दिन है। ईसाई धर्म के प्रवर्तक ईसा मसीह ने आज के दिन क्रूस काठ अपने प्राण की आहूति दी थी। येसु ने तैंतीस वर्ष की आयु में यहूदिया प्रांत में रोमन शासन काल में तात्कालिक शासक पिलातुस ने येसु को क्रूस पर मार डालने का आदेश दिया था। येसु पर झूठा आरोप लगाया जाता है। येसु रोगियों को चंगा करते थे, पापियों के पाप क्षमा किए। सत्य व ईश्वरीय बातों को बताया, जो तत्कालीन धर्मगुरुओं व शासकों के लिए गवारा नहीं हुआ। इससे ईसा को मार डालने का षड्यंत्र रचा और येसु को कुकर्मियों एवं हत्यारों की श्रेणी में रखा। उन्हें अपमानित ढंग से मार डालने का आदेश निकाला गया। येसु को येरूशलेम से कलवारी पहाड़ तक क्रूस ढुलाया गया। कोड़े लगवाये गये। शूली में ठोंक कर गाड़ दिया जाता है। काफी कष्ट झेलने के बाद येसु ने अपना प्राण त्याग दिया। तीन दिनों के कब्र में रखे जाने के बाद ईस्टर के दिन येसु पुनर्जीवित हो जाते हैं।

### गुड फ्राइडे ईसा मसीह के बलिदान का पर्व : आलोक

**रांची।** प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने गुड फ्राइडे के मौके पर कहा कि मानव जाति के कल्याण, ज्ञान और अहिंसा के संदेश वाहक प्रभु ईसा मसीह का आशीर्वाद, प्यार और कृपा समस्त मानव जाति के ऊपर बनी रहे। गुड फ्राइडे ईसा मसीह के बलिदान और पीड़ा का प्रतीक है। प्रभु ईसा मसीह ने मनुष्य के किये गये पापों के लिए अपनी कुबार्नी दी थी। आलोक दूबे ने कहा है कि हमारे पापों को प्रभू ने अपनाया और मनुष्य को ईश्वरता का पाठ पढ़ाया। गुड फ्राइडे ईसाई धर्म के लोगों का पवित्र दिन है जिसमें इन्सानियत और धर्म की राह पर चलने और संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने कहा है कि आलोक दूबे ने कहा हमें उम्मीद है कि गुड फ्राइडे पर यीशु का बलिदान हमें प्रेम और क्षमा की शक्ति की याद दिलाता रहेगा।

## एयरपोर्ट पर शिक्षा मंत्री को सांसद सेठ ने दी श्रद्धांजलि

**रांची।** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के पार्थिव शरीर एयरपोर्ट पहुंचने पर सांसद संजय सेठ ने अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की। उन्होंने अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि जगरनाथ महतो एक परिपक्व और अच्छे राजनेता के रूप में जाने जाते थे। उनका आकस्मिक निधन से राज्य ने एक अच्छा नेता खो दिया। उन्होंने उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए कहां परिवार को इस दुख की घड़ी में ईश्वर दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## राजद नेताओं ने शोक सभा कर दी जगन्नाथ महतो को श्रद्धाजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजद के वरिष्ठ नेता राजेश यादव के अपर बाजार,जलान रोड स्थित आवास पर शुक्रवार को राज्य के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतों के निधन पर शोक सभा का आयशेजन करन उन्हे श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर नेताओं ने कहा कि जगन्नााि महतो के निधन से राज्य की राजनीति में एक ठहराव सा आ गया है। वे हमेशा झारखंड की और राज्य के विकास के लिए प्रयत्नशील रहते थे। झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में उनकी अहम भूमिका थी। नेताओं ने कहा कि वक उपर से जितना कठोर दिखते थे उतना ही वे नरम दिल इंसान थे। इसलिए उन्हे टाइगर भी कहा जाता था।

शोक व्यक्त करनेवालो में राजद नेता राजेश यादव, चन्द्रकिशोर सिंह, मुस्तफा अंसारी, अफरोज आलम, अब्दुल मनान, विशुनदेव यादव, अजीत यादव, मो. इस्लाम, शिवरतन सिंह चौहान, अहमद गद्दी, परवेज आलम, गोपाल पांडे, अशोक सिंह राजपूत, शौकत अली, अनुप साव, अशोक महतो एवं चन्द्रदेव महतो शामिल थे।

## मानव जाति के उद्धार का प्रतीक है क्रूस : बिशप सीमांत एस तिर्की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मेन रोड स्थित क्राइस्ट चर्च में बिशप सीमांत एस तिर्की ने क्रूस पर येसु द्वारा उच्चारे सात क्रूस वाणियों की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि प्रभु येसु के क्रूस मृत्यु के दिन को भला दिन इसलिए कहा जाता है क्योंकि प्रभु ने अपने क्रूस पर अपनी कुर्बानी देकर हम मनुष्यों को अनंतकाल की मृत्यु से बचाया। प्रभु येसु स्वयं निर्दोष व निष्पाप थे। लेकिन हमें पाप से बचाने के लिए और धर्मी बनाने के लिए स्वयं को कुर्बान कर दिया। क्रूस मानव जाति के उद्धार का प्रतीक बन गया। जहां से हमें अनंत जीवन की प्राप्ति हुई। क्रूस की घटना अत्यंत पीड़ादायक थी। प्रभु येसु का क्रूस बलिदान संपूर्ण जगत के छुटकारे का जरिया बन गया। मसलन पाप, मृत्यु और शैतान से। दूसरे शब्दों में परमेश्वर ने सारे जगत के लोगों से प्रेम किया तथा अपना एकलौता बेटा दिया सारे जगत के लोगों के पाप को उठाने के लिए। हमारे पाप के दंड को प्रभु ने क्रूस पर सहा। हमारे बदले उन्होंने अपना प्राण दे दिया। मौके पर रेव्ह एम बिलुंग पवित्र प्रभुभोज अनुष्ठक रहीं जबकि धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता रेव्ह ए टेटे ने किया।

## विधवा को मिलेगा 48.41 लाख का मुआवजा

**रांची।** सड़क हादसे में अपने पति शत्रुध्न राय को खो चुकी आजमगढ़ ( यूपी ) जिला निवासी रंजना राय को 48.41 लाख रुपये का मुआवजा मिलेगा। एमएसीटी के पीठासीन अधिकारी मनीष की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल दावा आवेदन पर सुनवाई पश्चात उक्त आदेश दिया है। दावेदार को मुआवजा राशि का भुगतान 30 दिनों के अंदर 7.5 फीसदी ब्याज की दर के ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को करने को कहा गया है।

मृतक रेफ्रिजरेटर मैकेनिक था और वह गैरिसन इंजीनियर, मिलिट्री इंजीनियर सर्विसद्ध में कार्यरत था। दीपाटोली मेस क्वाटर के निकट 16 जुलाई 2017 को एक सड़क दुर्घटना में उसकी मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद मृतक की मां चंद्रज्योति राय ने अदालत में दावा किया था। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि मुआवजे की राशि में छह लाख रुपये मृतक की मां को भुगतान किया जायेगा। साथ ही, मृतक के दोनों बेटों के नाम से छह-छह लाख रुपये किसी राष्ट्रीकृत बैंक में फिक्स डिपोजिट करने को कहा गया है।

## पिता ने बेटे के पेट में बोतल से किया हमला

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के मुन्ना गली में गुरुवार की देर रात एक बाप ने ही अपने बेटे को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। मामूली बात कर हुई नाराजगी के बाद पिता ने बोतल को फोड़ कर उसे अपने ही बेटे के पेट मे घुसा दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में घायल को रिम्स में भर्ती कराया गया है। हिंदपीढ़ी मुन्ना गली के रहने वाले मोहम्मद क्यूम और उनके पुत्र मोहम्मद आजम का सैनिक मार्केट के पास फूड कोर्ट है। दोनों एक साथ वहीं काम करते हैं। रमजान की वजह से उनकी दुकान बंद चल रही है। गुरुवार की शाम दोनों पिता-पुत्र के बीच रोजा खोलने के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया, बात गाली-गलौज से शुरू हुई, जिसके बाद दोनों आपस मे भिड़ गए, हालांकि उस दौरान परिवार वालों ने उनका झगड़ा छुड़ा दिया, लेकिन रात के समय बाप बेटे में एक बार फिर झगड़ा शुरू हो गया। इसी दौरान पिता क्यूम ने घर में रखे टोमेटो सॉस की बोतल फोड़कर अपने बेटे के पेट में घुसेड़ दिया। घटना को अंजाम देने के बाद पिता मौके से फरार हो गया।

## मंत्री जगरनाथ महतो को झारखंड राजद के नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर झारखंड राजद के नेताओं ने प्रदेश मुख्यालय में शोक सभा कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। शोकसभा में रंजन यादव, रानी कुमारी, रवि यादव, अंजल किशोर सिंह, सदाकत अंसारी, अनिल शर्मा, सुबोध पासवान, विक्की यादव, सुधीर, रामकुमार, शालिग्राम पांडे, संतोष यादव, सुरेंद्र पासवान मौजूद थे।

## अधीर रंजन चौधरी का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता, पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और सांसद अधीर रंजन चौधरी का शुक्रवार को रांची एयरपोर्ट पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो के नेतृत्व में स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि शनिवार को झालदा, पश्चिम बंगाल में एक विशाल जनसभा एवं रैली का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अधीर रंजन चौधरी झालदा जाने के क्रम में थोड़ी देर के लिए रांची एयरपोर्ट में रूके थे। रांची एयरपोर्ट पर अधीर रंजन चौधरी ने कार्यकताओं से कहा कि वे देश में उत्पन्न विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहे और लोकतंत्र बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा शुरू किये गये अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अभियान को सफल बनाने का काम करें।

रांची एयर पोर्ट अधीर रंजन चौधरी का स्वागत करने वालों में जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, खिजरी के विधायक राजेश कच्छप, कांग्रेस प्रवक्ता डॉ इलियास मजीद, जिला ग्रामीण कांग्रेस महासचिव संजय कुमार, महताब आलम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के नेता एवं कार्यकर्त्ता शामिल थे।

## रफ्तार के कहर में युवक की मौत

**रांची।** रांची में रफ्तार की कहर पर लगाम नहीं लग पा रहा है। रांची के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के हेतु में सड़क दुर्घटना में युवक जिगर प्रधान की तेज रफ्तार के कारण मौत हो गई। वह न्यू साकेत नगर का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि जिगर बाइक से हेतू की ओर जा रहा था, उसी दौरान विपरीत दिशा से सीमेंट लदा ट्रक आ रहा था। ट्रक में जिगर ने सामने से जाकर ठोकर मार दी। हादसे में वह पूरी तरह से घायल हो गया, आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर शुक्रवार की सुबह एक स्कॉरपियों अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई। घटना रांची के निमार्णाधीन स्मार्ट सिटी एरिया की है। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पर पांच लोग सवार थे, जो जख्मी हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्कॉर्पियो की रफ्तार काफी तेज थी इसी दौरान एक जानवर आगे से गुजर गया, उसे बचाने के चक्कर में स्कॉर्पियो नाले में जा गिरी। पुलिस को सूचना देने पर आनन-फानन में एंबुलेंस मंगवा कर सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया। घायलों में दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है। शुक्रवार को ही रांची के नामकुम रिंग रोड में एक अनियंत्रित टैंकर स्कूल में जा घुसा। इस हादसे में टैंकर चालक बुरी तरह से जख्मी हुआ है। हादसे के वक्त स्कूल में कोई बच्चा नहीं था।

## रांची जिला प्रशासन 109 लोगों की 48 एकड़ जमीन करेगा अधिग्रहण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लिंक लाइन लोधमा-पिस्का बायपासिंग हटिया परियोजना का काम शुरू हो गया है। इसको लेकर रांची जिला प्रशासन द्वारा जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए नगड़ी अंचल के टिकराटोली और कुदलुम मौजा में 109 लोगों की 48.638 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। टिकराटोली मौजा में 25 व्यक्तियों की 9.784 एकड़ और कुदलुम मौजा में 84 व्यक्तियों की 36.854 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। रांची जिला प्रशासन द्वारा जिन लोगों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा, उनमें पसिया मुंडा, पुन्नू अहीर,चमरा अहीर, विमल मंडल, चरकू उरांव, बैकू, सुबोध उरांव, सुखु, रीमा पाहन, नारायण भगत, बुधवा उरांव, गिलिंदर सिंह, किशुन महतो, मंगरा लोहरा, मनीष कुमार साहू, सुरजी देवी, राखी साहू, राहमुल्ला अंसारी, सीताराम महतो, जगरनाथ, सोमरा मुंडा, नवीन उरांव, एतवा उरांव, कजरू उरांव, चमर उरांव, जगरनाथ उरांव, दुखनी मुंडाइन, मंगरा उरांव, नंदू मुंडा, परती उराइन, महली उरांव शामिल हैं।

## एनआईए ने आरोपी का हस्ताक्षर नमूना व हस्तलिपि प्राप्त किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**15 मार्च को एनआईए ने चाईबासा जिले में सीपीआई, माओवादी से जुड़े आठ आरोपियों के घरों की ली थी तलाशी**

**रांची।** पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हमले से जुड़े मामले में एनआईए ने जेल में बंद चाईबासा के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के बिल्ला गुप्तुसई गांव निवासी अभियुक्त शैलेंद्र बहांडा का हस्ताक्षर का नमूना और उसकी हस्तलिपि प्राप्त कर लिया है। विशेष अदालत की इजाजत मिलने के बाद एनआईए ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार गई और बंद कमरे में गवाहों की मौजूदगी में उसका हस्ताक्षर का नमूना और उसकी लिखावट प्राप्त किया।

मालूम हो कि बीते 15 मार्च को एनआईए ने चाईबासा जिले में सीपीआई, माओवादी से जुड़े आठ आरोपियों के घरों की तलाशी ली थी। जिन आरोपियों की घर की तलाशी ली गई थी वे सभी माओवादी समर्थन नेटवर्क के सक्रिय सदस्य है। टीम के सदस्यों की सहायता की और पूर्व विधायक पर हमले को बढ़ाने में सीपीआई;माओवादी के सशस्त्र कैडरों को लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की। तलाशी के दौरान कई पोस्टर, अवैध कोल्हान राज्य से संबंधित दस्तावेज, डिजिटल उपकरण समेत कई अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किया गया था।

जानकारी हो कि चार जनवरी 2022 को पश्चिमी सिंहभूम के पूर्व विधायक पर नक्सली हमले के दौरान दो पुलिसकर्मियों की जान गई थी। इस घटना को लेकर गोइलकेरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इस मामले को बाद में जून 2022 में एनआईए ने टेक ओवर किया।

## इटकी का रहनेवाला है आरोपी शमीम अंसारी, पूणे में दर्ज हुआ था एफआइआर

# पीएम नरेंद्र मोदी सहित कई नेताओं की आपत्तिजनक वीडियो बनाता था, महाराष्ट्र पुलिस ने किया गिरफ्तार

### बीजेपी सांसद ने पुणे के नीगड़ी थाने में दर्ज कराया था एफआइआर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महाराष्ट्र पुलिस ने रांची में छापेमारी कर शमीम जावेद अंसारी नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शमीम पर आरोप है कि उसने प्रधानमंत्री मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, सोनिया गांधी और ममता बनर्जी समेत कई वीवीआईपी की तस्वीर को एडिट कर आपत्तिजनक वीडियो बनाया। इस संबंध में बीजेपी सांसद ने पुणे के नीगड़ी थाने में शमीम जावेद अंसारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया था। शमीम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, सोनिया गांधी, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी सहित कई वीवीआईपी की तस्वीरों को एडिट कर आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर डाल दिया है। इसके बाद आरोपी पर आइटी एक्ट की धारा 67, 68 और भादवि 295 की धारा दर्ज करते हुए मामले की तफ्तीश शुरू की गई। तफ्तीश में यह बात सामने आई कि रांची के रहनेवाले युवक एसएफ फन क्लब के नाम से यूट्यूब चैनल चलाता है। महाराष्ट्र पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि पीएम मोदी जैसे भी वीवीआईपी को बदनाम करने के लिए यूट्यूब चैनल पर अश्लील सामग्री परोसी जा रही है। वीडियो में तस्वीर किसी और की होती है, लेकिन उसके चेहरे बड़ी हस्तियों के लगा दिए जाते है। पुलिस ने सभी वीडियो को बेहद आपत्तिजनक माना है। महाराष्ट्र पुलिस के आईटी सेल ने जब मामले की तफ्तीश शुरू की तो यह जानकारी मिली की एसएफ फन क्लब के नाम से यूट्यूब पर जो आपत्तिजनक सामग्री डाली जा रही है। इस यूट्यूब चैनल को झारखंड की राजधानी रांची से नियंत्रित किया जा रहा है। महाराष्ट्र पुलिस की टीम रांची पहुंची और रांची पुलिस की मदद से इटकी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।



वीवीआईपी की तस्वीर को एडिट कर आपत्तिजनक वीडियो बनाया।

## जेल में बंद गैंगस्टर की जेब खाली अब गुर्गे से मंगवा रहे हैं रंगदारी !

**कुख्यात अमन साहू गिरोह का संचालक समेत दो मुख्य अपराधी ने किया पुलिस के समक्ष खुलासा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेपी नारायण कारा हजारीबाग और बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद गैंगस्टर की जेब खाली हो रही है। गैंगस्टर अब अपने गुर्गों से रंगदारी मंगवा रहे हैं। इसका खुलासा लातेहार पुलिस की गिरफ्त में आए अमन साहू गिरोह में शामिल अपराधियों ने किया है। कुख्यात अपराधी संगठन अमन साहू गिरोह के दो मुख्य अपराधियों के पास से दो बंदूक और 11 गोलियों के अलावा कई सामान भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार निक्की यादव और दीपक उरांव ने बताया कि गैंगस्टर के निर्देश पर ही वे इलाके में संगठन चलाते थे और रंगदारी मांगने का काम करते थे। रंगदारी की कुछ रकम गैंगस्टर को भी जाता है।

**ये है मामला :** रांची पुलिस के हत्थे चढ़े और राज्य के विभिन्न जेलों में बंद गैंगस्टर मन मर्जी की जिंदगी जीते हैं। अगर उनके ऐशो आराम और सुविधाओं के आड़े जेल के पुलिस कर्मी आते हैं तो वे उन्हें धमकाते हैं, इसके बाद भी बात न बने तो उनके गुर्गे सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल कर सीधे तौर पर पुलिस को धमकियां देने लगते हैं कि अंजाम अच्छा नहीं होगा।

**पकड़े नहीं जाए, इसके मुलाकातियों का सहारा :** इसमें कोई दो राय नहीं है कि इन गैंगस्टरों को जेल में वो हर सुविधा आसानी से मिल जाती है जो वे चाहते हैं। इसमें उन्हें सबसे पहले बाहर दहशत फैलाने के लिए और अपनी गैंग को ऑपरेट करने के लिए मोबाइल की जरुरत होती है। मोबाइल मिलने पर वे हर चीज की व्यवस्था जेल में कर लेते हैं। जेलों में आए दिन मोबाइल फोनों के इस्तेमाल और पुलिस की सक्रियता से मोबाइल उपयोग में कमी देखी जा रही है। इसके तहत गैंगस्टर के द्वारा जेल में आने वाले मुलाकाती के जरिए अपने गुर्गों के पास संदेश भेजा जाता है।

# भारत से सीखे दुनिया

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने कहा है कि भारत ने व्यापक उपयोग वाला एक विश्वस्तरीय डिजिटल सार्वजनिक ढांचा खड़ा किया है जो दूसरे देशों के लिए भी अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन में बदलाव लाने का सबक हो सकता है। डिजिटल सार्वजनिक ढांचे के तहत विशिष्ट पहचान (आधार), यूपीआई और आधार-समर्थित भुगतान सेवा के साथ डिजिलॉकर एवं खाता एग्रिगेटर जैसे डेटा विनिमय की व्यवस्था शामिल है। आईएमएफ के एक कार्य-पत्र में कहा गया है कि भारत में तीनों तरह के डिजिटल सार्वजनिक ढांचे मिलकर तमाम सार्वजनिक एवं निजी सेवाओं तक ऑनलाइन, कागज-रहित, नकदी-रहित और निजता को अहमियत देने वाली डिजिटल पहुंच सुनिश्चित करते हैं।आईएमएफ के मुताबिक, इस ढांचे में किए गए निवेश के लाभ देशभर में महसूस किए जा रहे हैं और इसने महामारी के दौर में भारत को खासी मदद पहुंचाई। आधार ने सरकारी खजाने से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी राशि पहुंचाकर सरकारी धन की बबार्दी रोकी, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई और अधिक परिवारों तक पहुंच बनाने का एक जरिया बना। भारत सरकार का अनुमान है कि मार्च, 2021 तक डिजिटल सार्वजनिक ढांचे की वजह से सकल घरेलू उत्पाद के करीब 1.1 प्रतिशत व्यय की बचत हो पाई। आईएमएफ कार्य-पत्र कहता है कि महामारी के शुरूआती दिनों में करीब 87 प्रतिशत परिवारों को कम-से-कम एक लाभ मिला था। इसके अलावा खाता एग्रिगेटर के जरिये वित्तीय सेवाओं तक पहुंच आसान होने से करीब 45 लाख लोगों एवं कंपनियों को भी लाभ पहुंचा है। जुलाई, 2017 से लेकर मार्च, 2022 के दौरान करीब 88 लाख नए करदाताओं के पंजीकृत होने से सरकारी राजस्व में भी वृद्धि हुई। ऐसे में दुनिया के देशों को भारत से सीखना चाहिए।

# हरियाली की दिवार

कई वर्षों तक चली चचाओं के पश्चात आ?खिरकार सरकार ने गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली तक विस्तारित अरावली पर्वत श्रृंखलाओं में पांच किलोमीटर चौड़ी हरियाली की पट्टी बनाने की भव्य परियोजना शुरू कर दी है।ऐसा भूमि के मरुस्थलीकरण और अपघटन से निपटने के लिए किया जा रहा है। अरावली को दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं में गिना जाता है और उसे कई मायनों में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर की जीवन रेखा तथा थार मरुस्थल एवं पश्चिमोत्तर के उर्वर मैदानों के बीच का प्राकृतिक बफर क्षेत्र भी माना जाता है।

इसे उचित ही अरावली ग्रीन वॉल का नाम दिया गया है तथा यह वनाच्छादित क्षेत्र न केवल भूमि अपघटन की समस्या से निपटने, जैव विविधता का संरक्षण करने तथा जलवायु परिवर्तन को कम करने संबंधी देश की कई अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं से निपटने के काम आएगा ब?ल्कि इसके पारि?स्थितिकी से जुड़े कई लाभ भी होंगे। बहरहाल इस परियोजना से वांछित लाभ प्राप्त होने की संभावना काफी हद तक इस बात पर निर्भर है कि सरकार अवैध खनन, अचल संपत्ति माफिया के अतिक्रमण तथा पहाड़ी इलाकों में होने वाले अन्य अवैध खनन को कितने प्रभावी ढंग से रोक पाती है। दिलचस्प बात यह है कि इस परियोजना की शुरूआत वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुग्राम के निकट टिकली नामक गांव में एक पौधा लगाकर की। यह हरियाणा का वह इलाका है जो भू-कानूनों के उल्लंघन के लिए जाना जाता है। अरावली ग्रीन बेल्ट बनाने का विचार संभवतः अफ्रीका की ग्रेट ग्रीन वॉल से आया है जिसे अफ्रीका के 11 देश मिलकर तैयार कर रहे हैं ताकि सहेल इलाके का मरुस्थलीकरण कम किया जा सके और सहारा रेगिस्तान का विस्तार रोका जा सके। यह योजना प्राकृतिक संतुलन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# अंतरिक्ष में इसरो के बढ़ते कदम





- योगेश गोयल

> ब्रिटिश स्टार्टअप कम्पनी वनवेब में भारती एंटरप्राइजेज (एयरटेल) भी शेयर होल्डर है और वनवेब के 36 उपग्रहों की यह अंतिम किस्त थी। वनवेब के पास अभी तक अंतरिक्ष की कक्षा में 582 उपग्रह थे और अब इसरो का यह मिशन सफल होने के बाद भारत के भारती एंटरप्राइजेज और यूके सरकार की ओर से समर्थित ब्रिटेन की कम्पनी वनवेब के पास अंतरिक्ष में परिक्रमा करने वाले 618 उपग्रह हो गए हैं।

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) अंतरिक्ष की दुनिया में निरन्तर कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में इसरो के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में कई बड़े मुकाम हासिल किए हैं। अब इसरो ने पिछले दिनों कुल 5805 किलोग्राम वजनी 36 उपग्रह एक साथ लांच कर एक बार फिर नया इतिहास रच दिया। इसरो के बाहुबली कहे जाने वाले सबसे भारी भरकम प्रक्षेपण यान एलएमवी3 (लांच व्हीकल मार्क-3) ने ब्रिटिश कम्पनी के इन उपग्रहों को लेकर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से उड़ान भरी और इन उपग्रहों को लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) पर लांच कर दिया। इसरो द्वारा इस रॉकेट मिशन कोड का नाम एलएमवी3-एम3/वनवेब इंडिया-2 मिशन रखा गया था।

रॉकेट लांच होने के 19 मिनट बाद ही उपग्रहों के अलग होने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी और सभी 36 उपग्रह अलग-अलग चरणों में पृथक हो गए। लो अर्थ ऑर्बिट पृथ्वी की सबसे निचली कक्षा होती है और ब्रिटेन (यूके) स्थित नेटवर्क एक्सेस एसोसिएटेड लिमिटेड (वनवेब) के 36 उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने के बाद अब पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों के समूह की पहली पीढ़ी पूरी हो गई है। इस सफल अभियान से दुनिया के प्रत्येक हिस्से में स्पेस आधार ब्रॉडबैंड इंटरनेट योजना में मदद मिलेगी।

इस वर्ष फरवरी में एसएसएलवी-डी2/ईओएस07 मिशन के सफल लांच के बाद इसरो का यह दूसरा सफल लांच था। इसरो का 43.5 मीटर लंबा और 643 टन वजनी भारतीय रॉकेट एलएमवी3 अब तक चंद्रयान-2 मिशन सहित पांच सफल उड़ानें पूरी कर चुका है और 26 मार्च को इसकी छठी सफल उड़ान थी। एलएमवी3 को पहले जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल एमके3 (जीएसएलवी एमके3) के नाम से जाना जाता था।

ब्रिटिश स्टार्टअप कम्पनी वनवेब में भारती एंटरप्राइजेज (एयरटेल) भी शेयर होल्डर है और वनवेब के 36 उपग्रहों की यह अंतिम किस्त थी। वनवेब के पास अभी तक अंतरिक्ष की कक्षा में 582 उपग्रह थे और अब इसरो का यह मिशन सफल होने के बाद भारत के भारती एंटरप्राइजेज और यूके सरकार की ओर से समर्थित ब्रिटेन की कम्पनी वनवेब के पास अंतरिक्ष में परिक्रमा करने वाले 618 उपग्रह हो गए हैं। वनवेब जेन-1 सैटेलाइट 150 किलोग्राम वर्ग के हैं। 26 मार्च को इसरो द्वारा लांच किए गए 36 उपग्रह वनवेब के लिए 18वां लांच था।

वनवेब के मुताबिक इन उपग्रहों के जरिये वनवेब भारत सहित वैश्विक कवरेज देने में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। वनवेब के उपग्रह प्रक्षेपणों के जरिये भारत के विभिन्न उपक्रमों के अलावा स्कूलों, गांवों, नगर निगमों, कस्बों सहित उन क्षेत्रों में भी सुरक्षित सम्पर्क की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी, जहां फिलहाल पहुंच बनाना मुश्किल है। तारामंडल में 648 अलग-अलग उपग्रह शामिल हैं, जिनमें से 588 सक्रिय उपग्रह 12 विमानों में समान रूप से अलग होकर पृथ्वी की सतह से करीब 1200 किलोमीटर की ऊंचाई पर संचालित होते हैं। अंतर-विमान टकराव को रोकने के लिए प्रत्येक विमान को ऊंचाई में 4 किलोमीटर से अलग किया जाता है। पेलोड एक बेंट-पाइप सिस्टम है, जो कू और के बैंड में काम करता है। फॉरवर्ड लिंक गेटवे से के-बैंड सिग्नल को उपग्रह के एंटीना के माध्यम से प्राप्त करता है। इसरो के मुताबिक वापसी लिंक उपग्रह के एंटीना के माध्यम से उपयोगकर्ता टर्मिनलों (यूटी) से केयू-बैंड सिग्नल प्राप्त करता है।वनवेब का इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के साथ कुल 72 उपग्रह लांच करने का एक हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की लांच फीस का करार हुआ था, जिसमें से एक पिछले साल पूरा हो हो गया था, जब एलएमवी3 रॉकेट से ही इसरो ने 23 अक्तूबर 2022 को वनवेब के 36 उपग्रह लांच किए थे। अब फिर से इसी भारी भरकम रॉकेट से दूसरी बार इसी निजी कम्पनी के 36 उपग्रह सफलतापूर्वक लांच किए गए हैं और इस प्रकार एलएमवी3 की सफलता दर सौ फीसदी है।

एलएमवी3 तीन चरणों वाला रॉकेट है, जिसमें पहले चरण में तरल ईंधन, ठोस ईंधन द्वारा संचालित दो स्ट्रैप-ऑन मोटर, तरल ईंधन द्वारा संचालित दूसरा और क्रायोजेनिक इंजन होता है। इसरो के इस भारी भरकम रॉकेट की क्षमता एलईओ तक 10 टन और जियो ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) तक चार टन वजन ले जाने की है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ के मुताबिक एलएमवी3 रॉकेट में गगनयान मिशन के लिए जरूरी लांचरों की ही भांति एस200 मोटर्स लगाए गए थे। एलवीएम3-एम3 रॉकेट में एस200 मोटर्स भी हैं, जिन्हें बढ़े हुए मार्जिन और विशेषताओं के साथ डिजाइन किया गया है और यह गगनयान कॉन्फिगरेशन के अनुकूल हैं। इसरो प्रमुख के अनुसार इस रॉकेट में और भी कई सुधार किए गए हैं, जिनका उद्देश्य इसे अन्य चरणों और प्रणालियों में भी मानव-रेटेड बनाना है।

वनवेब के लिए इसरो के इस सफल मिशन के बाद वर्ष 1999 से लेकर अब तक अंतरिक्ष में भारत की ओर से लांच किए गए विदेशी उपग्रहों की कुल संख्या 422 हो गई है। इसरो के भविष्य के मिशनों के बारे में इसरो प्रमुख का कहना है कि इसरो के वैज्ञानिक अप्रैल में एक ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान के व्यावसायिक प्रक्षेपण की तैयारी कर रहे हैं और जल्द ही अगले लांच अभियान के लिए तैयार हो रहे हैं।

इसरो की अगले साल जून में चंद्रयान-3 मिशन को चंद्रमा पर लांच करने की योजना को भी मूर्त रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत गगनयान मिशन में तीन सदस्यों के एक दल को तीनदिवसीय मिशन के लिए 400 किलोमीटर की कक्षा में भेजा जाएगा। इस मिशन को 2024 की चौथी तिमाही में लांच करने का लक्ष्य रखा गया है। अंतरिक्ष में अपनी पैठ बनाने में कई स्तरों पर बेहतरीन प्रयोगों और उसमें सफलता के जरिये स्वयं को एक मजबूत केन्द्र के रूप में विश्व के समक्ष साबित किया है। अन्य देशों के मुकाबले विशेष रूप से विज्ञान के क्षेत्र में निरन्तर उच्चस्तरीय स्थान बनाया है।

## खास बात

# बड़ी सफलता

**के खुशी**

**स्टैंड-**अप इंडिया योजना को वर्ष 2025 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। इस योजना की शुरूआत 5 अप्रैल 2016 को आर्थिक सशक्तिकरण और रोजगार सृजन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए जमीनी स्तर पर उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी।

ऊर्जावान, उत्साही एवं महत्वाकांक्षी अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग और महिला उद्यमियों को अपने सपनों को साकार करने में पेश आने वाली विभिन्न चुनौतियों के तथ्य को स्वीकार करते हुए, स्टैंड-अप इंडिया का शुभारंभ महिलाओं और अनुसूचित जाति (एससी) व अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लोगों के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और उन्हें विनिर्माण, सेवा या व्यापार क्षेत्र एवं कृषि से जुड़ी गतिविधियों से संबंधित एक ग्रीनफील्ड उद्यम शुरू करने में मदद देने के लिए किया गया था।

1.8 लाख से अधिक महिलाओं तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए 40,600 करोड़ रुपये से अधिक राशि के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। योजना की सातवीं वर्षगांठ के अवसर पर, केन्द्रीय वित्त मंत्री ने कहा, इस योजना ने एक ऐसा इकोसिस्टम बनाया है जिसने सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की शाखाओं से मिलने वाले ऋण के जरिए ग्रीनफील्ड उद्यम स्थापित करने में एक सहायक वातावरण के निर्माण को सुविधाजनक बनाया है और उसे जारी रखा है।

स्टैंड-अप इंडिया योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुई है। वित्त मंत्री सीतारामन ने कहा कि स्टैंड-अप इंडिया योजना ने सुविधाओं से वंचित/कम सुविधा प्राप्त उद्यमियों के लिए परेशानी मुक्त किफायती ऋण सुनिश्चित करके कई लोगों के जीवन को संवारा है। वित्त मंत्री ने कहा कि इस योजना ने उभरते उद्यमियों की उद्यमशीलता संबंधी उड़ान में पंख दिए हैं और ये उभरते उद्यमी रोजगार के सृजनकर्ता बनकर आर्थिक विकास को गति देने और एक मजबूत इकोसिस्टम के निर्माण में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं।

# जीवन मूल्य

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**गुरु** नारदजी के कहने पर बाल्मीकि जी ने काव्य रुप में रामायण की रचना की। यह ग्रंथ संस्कृत में लिखा गया। कालांतर में अपने गुरु नरहरिदास जी की आज्ञा से तुलसीदास ने ग्राम्यगिरा में इसी भक्ति कथा को रामचरितमानस के रूप में लिखा गया। भारत की लगभग सभी भाषाओं में श्रीराम कथा अलग-अलग नामों में लिखी जा चुकी है। रामायण वस्तुतः कुछ नहीं बल्कि भक्ति की गाथा है। ब्रह्मर्षि वशिष्ठ जी जैसे गुरु की आज्ञा से विश्वामित्र जी ने बक्सर में रहकर श्री राम के किशोरवय होने की प्रतीक्षा की। फिर यज्ञ रक्षा के बहाने राम को बक्सर लाकर शस्त्र की शिक्षा दी,ताड़का बध कराया,रास्ते में अहिल्या उद्धार कराते हुए जनकपुर ले गये और उसको आदिशक्ति सीता जी से विवाह कराया। गुरु वशिष्ठकी भक्ति में श्रीराम लंका जाकर रावण का वध किये। उन्हीं की आज्ञा से भरतजी राम की भक्ति किये तथा शत्रुध्न जी भरत जी के साथ जीवन व्यतीत किये। बाल्मीकि कृत रामायण संस्कृत में रचित होने से तथा रामचरितमानस काव्य ग्रंथ के रुप में होने से जो भी ग्रंथों का पठन पाठन के लिये उपलब्ध हैउसमें टीकाकारों द्वारा पाठ्य सामग्री का अनुवाद किया गया है। इस अनुवादित ग्रंथों की प्रति आज पठन-पाठन के लिये उपलब्ध है। इस अनुवादित ग्रंथों में गुरुभक्ति का जो वर्णन बाल्मीकिजी एवं तुलसीदास द्वारा किया गया है वैसा अनुवादकों द्वारा स्पष्ट रुप से नहीं लिखा गया।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**अपना** जीवन आनंदमय बनाएं, इनर इंजीनियरिंग के साथ।

इनर इंजीनियरः सद्गुरु द्वारा डिजाइन की हुई एक शक्तिशाली तकनीक जो हमें खुश और आनंदमय रहने के उपकरण और प्रक्रिया प्रदान करता है।

**-जग्गी बासुदेव**

## आपके ट्वीट

**बीते** 9 वर्षों से हम भारतीय रेल के कायाकल्प में निरंतर जुटे हुए हैं। इसी का नतीजा है कि आज देशवासियों के लिए ट्रेन का सफर पहले से कहीं अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक हुआ है।

**- नरेन्द्र मोदी**





लॉकअप में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का चीरहरण !या तो सरकार की गोद में बैठकर उनके गुणगान गाओ, या जेल के चक्कर काटो। नए भारत की सरकार, सच से डरती है।

**- राहुल गांधी**

# हिमाचल के सीएम सुक्खू भी अपनी छुट्टी अनाथ बच्चों के साथ बिताते हैं

**मार्च** महीने में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा पहला बजट पेश करने के चंद रोज पहले भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने शिमला से मटौर तक चार लेन वाली सड़क परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी।

अनुमान है कि इस परियोजना पर लगभग 10,000 करोड़ रुपये का खर्च आएगा जबकि पठानकोट से मंडी तक बनने वाली चार लेन सड़क परियोजना पर 12,000 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। हिमाचल में भी कहीं जोशीमठ जैसी घटनाएं न घटें, ऐसी चिंता को दूर करने के लिए एनएचएआई ने एक अवधारणा पत्र पेश करके बताया कि राज्य में सड़क विस्तार के दौरान कैसे भूस्खलन को कम किया जाएगा या ऐसी घटनाओं से बचा जाएगा। इस परियोजना में 300 करोड़ रुपये के निवेश की बात कही गई। 30 दिन के भीतर इसका हल निकालने को कहा। उन्हें 26 दिन में ही इसका उपाय सुझा दिया गया। अब हिमाचल प्रदेश पुरानी पेंशन योजना को अपना रहा है। उन्होंने अपने बजट में तीन महीने पहले चुनाव अभियान के कई वादों को निभाया।

राज्य में पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस बात को स्वीकार किया जा रहा है कि राज्य की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि वहां हवाई अड्डों का सीमित निर्माण हो सकता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए हेली-पोर्ट पर ध्यान दिया जा रहा है। यह एक टैक्सी सेवा है जिसके तहत चंडीगढ़ से पर्यटकों को आधे घंटे में प्रदेश के कई ऐसे पर्यटन स्थलों तक

## चर्चा में

पहुंचाया जा सकेगा जहां पहुंचना आसान नहीं है। मनाली पर्यटकों की पसंदीदा जगह है लेकिन न तो कुल्लू और न ही मनाली में कोई पांच सितारा होटल है। सुक्खू इन स्थितियों को बदलना चाहते हैं।

इन सब के बीच सुक्खू ने खामोशी से ऐसा काम भी किया है जिसने कई लोगों को चौंकाया है। वह चुपचाप राज्य के अनाथालयों में जाते हैं। अनाथालयों के लिए बजट आवंटन किया गया है। वह अपनी ज्यादातर छुट्टियां इन्हीं अनाथालयों में बच्चों के साथ मानते हैं। उन्होंने अनाथालयों की स्थिति सुधारने की बात कही है ताकि उन लोगों का ध्यान रखा जा सके जिनका कोई नहीं। सुक्खू को पता है संघर्ष क्या है। अपने शुरूआती दिनों में वह आजीविका के लिए दूध ढोया करते थे और बाद में उन्होंने दूध बेचने का काम शुरू किया। जब कठिन समय आया तो उन्होंने प्रदेश के बिजली विभाग में वॉचमैन की नौकरी भी की।

राज्य बिजली बोर्ड ने उन्हें टीमेट (हेल्पर के समकक्ष) की नौकरी की पेशकश भी की थी। उनके पिता राज्य बस परिवहन निगम में चालक थे।उन्होंने अपने आसपास जिन लोगों को देखा है, उनका जीवन सुधारने के लिए वह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने एक बार बिजनेस स्टैंडर्ड से कहा था, हमारा जीवन बहुत कठिन है। मैं बस यह चाहता हूं कि सबके पास समान अवसर हों। उन्होंने जिस दिन बजट पेश किया उसी दिन उन्होंने ट्विटर पर लिखा, किसी व्य?क्ति को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए, चाहे भले ही वह कितने भी ऊंचे पद पर पहुंच जाए। बजट के दिन वह अपनी पुरानी ऑल्टो कार से सचिवालय गए जो उन्होंने पहली बार विधायक बनने पर खरीदी थी।

राज्य के दिग्गज कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह और उनमें काफी अंतर रहा क्योंकि दोनों नेता एकदम अलग-अलग पृष्ठभूमि से आते थे। सिंह और उनका परिवार हिमाचल प्रदेश का शाही परिवार रहा। वह रामपुर-बुशहर परिवार के आखिरी राजा थे संसद में गए। सुक्खू के खिलाफ एक आरोप यह है कि उन्होंने पार्टी और सरकार में अपने लोगों को भरना आरंभ कर दिया है और वह वीरभद्र सिंह के खेमे के लोगों को किनारे लगा रहे हैं।

## कॉर्टून वर्ल्ड

पुतिन की नीति ...




## लेटर टू एडीटर

### आनलाइन शिक्षा

**संयुक्त** राष्ट्र के महासचिव के अनुसार कोविड-19 की अवधि में शिक्षा को बचाना इस समय सबसे मूल्यवान है। इस अवधि के दौरान शिक्षा बहुत अधिक प्रभावित हुई है। ऑनलाइन शिक्षा ही शिक्षा प्रदान करने का विकल्प बन गई है। शिक्षकों और छात्रों के बीच प्रत्यक्ष संपर्क समाप्त हो गया है। वर्तमान में देश ऐसी शिक्षा के लिए तैयार नहीं है।

**-नरेंद्र शर्मा, रांची**

### सड़क दुर्घटना

**सरकार** सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को कम करने के लिए तेजी से काम कर रही है। 2030 तक भारतीय सड़कों पर जीरो एक्सीडेंट की दृष्टिगत करने की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। गडकरी के अनुसार सरकार सड़क पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र की पहचान करने और इसके समाधान के लिए 14 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसमें सभी राज्यों को सहयोग करना चहिए। **- कपिलदेव सिंह, गढ़वा**

# समय से न्याय हेतु जवाब दावे की अवधि



**मृत्युंजय प्रसाद**

देश में उपभोक्ताओं को न्याय प्रदान करने के लिए गठित उपभोक्ता आयोग के पास उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत ऐसी कई विधिक शक्तियां हैं जिनके बल पर आयोग पीड़ित व शोषित उपभोक्ता को समयबद्ध न्याय दे सकता है। उपभोक्ता द्वारा न्याय प्राप्ति के लिए दर्ज कराई गई शिकायत पर विरोधी पक्ष यानि जिनके विरुद्ध शिकायत की गई है,वह परिवाद की जानकारी मिलने के 30 दिन के अंदर अपना जवाब या फिर आपत्ति दे सकता है और उपभोक्ता आयोग को उपभोक्ता अधिनियम में उल्लिखित 15 दिनों की निर्धारित अवधि से अधिक के विरोधी पक्ष के लिखित बयान को दाखिल करने में देरी को माफ करने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।

अब नये अधिनियम के प्रावधान लागू

एक मामले में राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के समक्ष विरोधी पक्ष ने 45 दिनों की अवधि के बाद लिखित बयान दाखिल किया। आयोग ने यह कहते हुए देरी को माफ करने से इनकार कर दिया,कि 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 13 (1) (ए) के तहत प्रदान किए गए लिखित बयान को दाखिल करने का समय अब उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 38 (2) (ए) द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है जो 20 जुलाई 2020 से लागू है, के तहत जवाब दावा दाखिल करने का समय समाप्त हो गया है। इस आयोग के पास कानून में प्रदान किए गए अनुसार 30 + 15 दिनों से अधिक की देरी को माफ करने की शक्ति नहीं है।'

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से समर्थन

आयोग के इस आदेश के खिलाफ विरोधी पक्ष ने विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर कर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस एमएम सुंदरेश ने उक्त एसएलपी को खारिज करते हुए कहा, 'यह विवाद में नहीं है कि लिखित बयान 45 दिनों की अवधि से परे दायर किया गया था। फाइल करने की सीमा की अवधि 30 दिन है, जिसे केवल 15 दिनों तक ही माफ किया जा सकता है। जैसा कि इस न्यायालय द्वारा इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बनाम हिली मल्टीपर्पज कोल्ड स्टोरेज (पी) लिमिटेड मामले में देखा गया है। ट्रिब्यूनल के पास कानून में उल्लिखित निर्धारित अवधि से अधिक देरी को माफ करने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।'

समयबद्ध न्याय है मकसद

हिली मल्टीपर्पज कोल्ड स्टोरेज प्राइवेट लिमिटेड मामले में, संविधान पीठ ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 उपभोक्ता फोरम को 45 दिनों की अवधि से आगे का समय बढ़ाने का अधिकार नहीं देता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की धारा 13 के तहत निर्धारित समय अवधि अनिवार्य है। यह भी देखा गया कि शिकायत के साथ नोटिस प्राप्त होने के समय से समय सीमा शुरू होगी, न कि केवल नोटिस भेजने की तिथि से। जवाबदावे के लिए समय सीमा का निर्धारण करने के पीछे समयबद्ध न्याय प्राप्त कराना है। उपभोक्ता अधिनियम 2019 उपभोक्ता शिकायतों की सुनवाई को बार-बार स्थगित करने के पक्ष में नहीं है। लेकिन फिर भी कहीं उपभोक्ता आयोगों में कोरम का अभाव, कहीं वकीलों की हड़ताल तो कहीं किसी एक पक्ष द्वारा या फिर दोनों पक्षों द्वारा बार-बार तारीख लेने की प्रवृत्ति के चलते उपभोक्ता शिकायतों के निस्तारण में देरी हो जाती है जिसमें सुधार की

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर राधा गोविंद विवि के छात्रों ने निकाली रैली



रामगढ़। राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, रामगढ़ के शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं ने छह किलोमीटर रैली निकाली । जिसके अंतर्गत चेटर गांव में जाकर गांव वालों को स्वच्छता के बारे में शारीरिक कसरत करते हुए जागरूक किया गया । व्यायाम और योग के माध्यम ने विद्यार्थियों ने समस्त ग्रामीण को फिट रहने के तौर तरीकों से भी अवगत कराया । संजय राय चौधरी ने ग्रामीणों से नित्य कसरत एवं योग करने की अपील की । ज्योति देवी ने कहा की शरीर के स्वस्थ्य रहने से सुविचार आते हैं और मन-मस्तिष्क पर संयम रहता है । प्रभा कुमारी ने बताया की जैसे हम सुबह उठकर नित्य क्रियाओं को करते हैं उसी प्रकार हम अपने आदत में व्यायाम को शामिल कर स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें ताकि हम बीमारियों से बच सकें । इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक सुरजीत भकत, अमन वर्मा, प्रदीप रजक, अजित कुमार, राजू साव आदि मौजूद रहे ।

### जुबिली कॉलेज में दी गई हेल्थ जानकारी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 एवं 2 के तत्वावधान में शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो.एनके तिवारी व संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.अर्जुन कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रो.एनके तिवारी ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वस्थ उसे ही कहा जा सकता है जो शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से समृद्ध हो। श्री तिवारी ने पूरे मानव जाति की उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए स्वयंसेवकों को बधाई दी। डॉ.विशेश्वर रविदास ने कहा इस कोरोना महामारी काल में गरीब वही है जो हेल्थ से गरीब है।

### शिक्षा बचाओ समिति की बैठक 10 को

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में स्कूली ड्रेस, पुस्तक सहित अन्य संसाधनों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ शिक्षा बचाओ संघर्ष समिति द्वारा आगामी 10 अप्रैल की सुबह 10 बजे भुरकुंडा पंचायत भवन में बैठक आहुत की गई है। उक्त जानकारी देते हुए समिति के संस्थापक सदस्य विश्वरंजन सिन्हा ने बताया कि बैठक में विभिन्न मुद्दों पर आगामी आंदोलन की रणनीति सहित शिक्षा बचाओ संघर्ष समिति द्वारा क्षेत्र के निर्धन और जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए जिन्हे जरूरत नहीं वो दे जाएं जिन्हे जरूरत हो वो ले जाएं की तर्ज पर नि:शुल्क पुस्तक बैंक की स्थापना करने पर विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों, अभिभावकों एवं आमजनों से उक्त बैठक में उपस्थित होकर अपना-अपना विचार व सुझाव देने की अपील की है।

### श्री श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा को ले बैठक



**कुजू।** श्री श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा 1008 पंच दिवसीय महायज्ञ को लेकर पैंकी हनुमान मंदिर के समीप ग्रामीणों ने शुक्रवार को बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद चिंतामन उर्फ चितू महतो व संचालन दामोदर महतो ने किया। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि आगामी 14 मई को यज्ञ को लेकर भूमि पूजन किया जाएगा। जबकि 28 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ प्रारंभ होगा। इसके लिए अभी से ही गांव के महिला - पुरुष ग्रामीणों को यज्ञ की सफलता के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। ग्रामीणों ने कहा कि आयोजित होने वाला पंच दिवसीय महायज्ञ यज्ञाचार्य नितेश तिवारी के देख रेख में संपन्न होगा। बैठक के पश्चात ग्रामीणों ने यज्ञ की सफलता को लेकर कमेटी का गठन किया। जिसमें मुख्य संरक्षक के रूप में वार्ड पार्षद चिंतामन उर्फ चितू महतो, संरक्षक तेजपाल महतो, जयपाल महतो, महेंद्र महतो, अध्यक्ष दामोदर महतो, उपाध्यक्ष देवलाल महतो, हीरानंद करमाली, सचिव बालेश्वर महतो, सह सचिव संजय महतो, अरविंद महतो, कोषाध्यक्ष प्रेम लाल महतो, उप कोषाध्यक्ष जितेंद्र महतो को बनाया। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों कई लोग शामिल है।

### शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक सभा



रजरप्पा। कोयलांचल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में राज्य के लोकप्रिय शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के असामयिक निधन पर शोक -सभा आयोजित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गयी। विद्यालय के भैया-बहनों सहित अभी आचार्य-आचार्या दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने शिक्षा के क्षेत्र में उनके कार्य की सराहना करते हुए एक अपूरणीय क्षति बताया. वहीं प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना ने उन्हें शिक्षा में सुधार के लिए सदैव संघर्षरत रहने वाले जनता का सच्चा सेवक कहा।

### ईसाई धर्मालंबियों ने मनाया गुड फ्राइडे



भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कैथोलिक आश्रम चर्च में शुक्रवार को ईसाई समुदाय के लोगो ने गुड फ्राइडे का त्यौहार मनाया। इस मौके पर आश्रम चर्च में कोयलांचल के मसीही परिवार के सैकड़ों लोगो ने चर्च में यीशु के बलिदान को याद करते हुए प्रार्थना सभा में शामिल हुए। इस दौरान लोगों ने प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। बताया गया की गुड फ्राइडे ईसाई धर्म के लिए खास पर्व होता है। इस दिन लोग प्रभु यीशु के बलिदान को याद करते हैं। और उनके दिखाए गए शांति और प्रेम के मार्ग पर चलने का वचन लेते हैं। इस दिन लोग गिरजा घर जाकर प्रार्थना करते हैं। ईसाई धर्म ग्रंथ बाइबल के अनुसार, मानव जाति के कल्याण के लिए प्रभु यीशु ने प्रेम, ज्ञान और अहिंसा का संदेश दिया। कहा गया कि यहूदी शासकों द्वारा कठोर शारीरिक और मानसिक यातनाएं देते हुए प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ा दिया गया। मान्यता है कि जिस दिन प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ावा गया उस दिन शुक्रवार था।

# संवैधानिक संस्थाओं को किया जा रहा ध्वस्त : अविनाश पांडेय

**पदमा में जय भारत सत्याग्रह**

**भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व महंगाई चरम पर : आलमगीर आलम**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पदमा (हजारीबाग)।** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पदमा प्रखंड रोमी पंचायत के चम्पाडीह बाजार में जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव तथा कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने की ।

कार्यक्रम की शुरूवात विधिवत शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगरनाथ महतो के याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई ।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि भारत विकट परिस्थित के दौर से गुजर रहा है। देश की जनता चिंता में है कि देश किस ओर जा रहा है। देश के संवैधानिक संस्थाओं को ध्वस्त किया जा रहा है । भारत का संविधान खतरे में है । सारी परिस्थितयों को देखते हुए राहुल गांधी ने कन्या कुमारी से काश्मीर तक पदयात्रा कर देश की जनता से भारत की वास्तविक स्थिति से अवगत होने का काम किया । इसके बाद उन्होंने लोकसभा सत्र में कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े किए । तो देश की सत्तारूढ़ पार्टी ने देशहित में जवाब देने के बजाय आक्रोशित होकर राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता समाप्त कर डाला ।

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि भाजपा के द्वारा देश में तानाशाह की हुकुमत चल रही है । भाजपा के द्वारा देश की जनता का ध्यान भटकाने के लिए धर्म, भाषा, क्षेत्रवाद की आग लगाई जा रही है । भाजपा के आठ वर्ष के शासनकाल में देश की जनता को कुछ भी हाथ नही लगा । यदि जनता को हाथ लगा तो नोटबंदी, बेरोजगारी, बढ़ती हुई मंहगाई से जनता त्रस्त हो चुकी है । सभा को संबोधित करते हुए बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि पुरा देश संकट स्थिति के दौर से गुजर रहा है । हमारे पूर्वज ईस्ट इंडिया कम्पनी से आजादी दिलाई थी । आज हम सभी पुनः गुलामी के जंजीरों मे जकड़ते जा रहें हैं । देश की संवैधानिक संस्थाओं के साथ एलआईसी, एसबीआई भी खतरे में पड़ने जा रहा है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय,बरही विधानसभा विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला यादव,कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सहजादा अनवर,,महिला प्रदेश अध्यक्ष कुमारी गुंजन,कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव,पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह,कांग्रेस के पूर्व सदर प्रत्याशी डॉ आर सी प्रसाद,दिगंबर प्रसाद। प्रदेश सोशल मीडिया चेयरमैन गजेन्द्र सिंह एससी प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान प्रदेश के वरिष्ठ नेता शमशेर सदर विधान सभा प्रभारी कमल ठाकुर बरही विधान सभा अशोक सिंह बरकठ्ठा विधान सभा प्रभारी पिंकी सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार प्रदेश महासचिव बिनोद कशवाहा, ,पदमा बीस सूत्री अध्यक्ष संजय यादव,विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता, बंदरबेला मुखिया विजय मेहता, सूरजपुरा मुखिया सीताराम मेहता, प.स.स. कुलदीप रविदास, पूर्व विधायक प्रतिनिधि विजय रविदास, संजय मेहता (केबी),राजेश मेहता, पंकज मेहता,चुन्नू मेहता,अशोक राणा, राहुल कुमार,प्रभु मेहता,बिनोद मेहता, अवधेश कुमार,मनीष कुमार,सुजीत मेहता,नागेश्वर मेहता,रामचंद्र मेहता व हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## बरही के जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण विकास मंत्री आलम को सौंपा ज्ञापन

**सड़क समेत कई विकास योजनाओं की मांग की**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड के बुनियादी जरूरतों को देखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने लिखित ज्ञापन के द्वारा ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को अवगत कराया। मंत्री से मिलकर उन्होंने विकास योजनाओं को लेकर अपनी बात रखी और विकास योजना से सम्बंधित एक मांग पत्र सौंपा। उन्होंने मंत्री को बताया कि हजारीबाग जिला के प्रखंड बरही अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में आजादी के बाद भी विकास से कोसों दूर है।

झारखंड राज्य अलग होने के कई वर्षों के बाद भी मंत्रीगण झारखंड की बुनियादी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं है। कई सुदूरवर्ती क्षेत्रों में बीमार व्यक्ति को आज भी मुख्य सड़क तक खटोली कर के लाना पड़ता है। उन्होंने रोड, चेक डैम, गार्डवाल समेत विभिन्न मांगों को रखा है। जिसमें बताया है प्रखंड के बिजैया पंचायत में विजैया उत्क्रमित हाई स्कूल से ओरपरता तक लगभग 2 किलोमीटर कालीकरण रोड निर्माण, बिजैया पंचायत के ग्राम बिजैया श्मशान घाट के पास पुलिया निर्माण, बरही प्रखण्ड के ग्राम गरजामो बेहरवाटांड से डपोक मध्य विद्यालय आरईओ रोड,गार्ड वाल, पुलिया निर्माण, प्रखण्ड के पंचायत डपोक मे पिपराटांड से डपोक करमाटांड चौक आरईओ रोड तक कालीकरण, पुल गार्ड वाल निर्माण 1.5 किलोमीटर, बरही प्रखण्ड के ग्राम पंचायत डपोक से गरजामो होते हुए पंचायत बिजैया बैंक मोड तक 4 किलोमीटर तक कालीकरण पुलिया निर्माण की मांग रखी है।

इसके अलावा उन्होंने विजैया पंचायत को प्रखण्ड का दर्जा दिलाने व प्रखण्ड बरही के विजैया में ओपी थाना का स्थापना करने की मांग की है। बरही के प्लस 2 उच्च विद्यालय बिजैया को भवन सौंदर्यीकरण एवं चहारदीवारी निर्माण कराने की मांग रखी है। मांग पत्र के माध्यम से तिलैया डैम के पानी को बिजैया चौक पर बड़ा टंकी बनाकर पूरे विजैया पंचायत एवं डपोक पंचायत को पानी की व्यवस्था कराने की बात कही है।मंत्री आलमगीर आलम ने उन्हें आश्वस्त किया है कि मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जल्द से जल्द इसका निराकरण किया जाएगा। वहीं अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया दशरथ यादव ने कहा कि सभी मांगे जायज है। मौके पर मुख्य रूप से अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू खान, अनिल दास, दिनेश दास समेत अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्याय मार्च में शामिल होंगे आजसू कार्यकर्ता

**बड़कागांव।** आजसू पार्टी प्रखंड आवासीय कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा की अध्यक्षता में विशेष बैठक किया गया। जिसका संचालन प्रखंड प्रवक्ता प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया। बैठक में पार्टी के मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर चर्चा किया गया। 13 अप्रैल को सभी पंचायत से आजसू पार्टी के सभी कार्यकर्ता उपायुक्त कार्यालय हजारीबाग में जाकर न्याय मार्च में शामिल होंगे।इसके साथ 14 अप्रैल को बड़कागांव पार्टी कार्यालय में भारत के संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा।साथ ही जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को आजसू पार्टी के क्रियाकलापों और पार्टी का झारखंड वासियों के प्रति निष्ठा को पहुंचाया जाएगा। केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रौशन लाल चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ता के बिना पार्टी कुछ भी नहीं है। कहा कि वर्तमान सरकार के नाकामयाबी को, जुमलेबाजी को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें और ग्रामीणों को बताएं कि किस प्रकार से वर्तमान हेमंत सरकार जनहित के लिए कोई भी काम नहीं कर रहा है चाहे वह नियोजन नीति का मामला हो या फिर और 1932 का खतियान, या जल सहिया का मामला हो या फिर युवाओं को ठगने का मामला हो इसलिए आने वाला समय जनता इस निकम्मी सरकार को करारा जवाब देगी। मौके पर संदीप कुशवाहा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी, नागेश्वर तुरी, मोहम्मद आवेश ,फिरोज आलम ,दिनेश महतो, तुलेश्वर राम, संतोष सिन्हा सुरेश गिरी,अर्जुन महतो,पूजा देवी, निर्मल महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आरोप : डीलर दे रहे नमक में मिला है कंकर और पत्थर

**दारू।** प्रखंड के कई डीलरों द्वारा दिये जा रहे नमक में कंकर पत्थर मिलने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्राम बासोबार के ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने पेटो के एक डीलर रघु महतो के यहां से राशन के साथ नमक भी लिया था। नमक की इस पैकेट के बाहर से कंकड़, पत्थर आदि के बुरादे नजर आ रहे थे। नमक को पानी मे थोड़ा घोलने से इसमें काफी मात्रा में मिले कंकर, बालू आदि साफ साफ नजर आते है। पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार ने कहा कि जानवरो को खिलाने के लायक भी नही है । इस तरह का नमक राशन कार्ड के लाभुकों को दिया जाना बहुत ही गलत है। वार्ड सदस्य महेंद्र सिंह ने कहा कि कुछ ग्रामीणों ने नमक में मिलावट होने की शिकायत की थी जिसके बाद ध्यान से देखने और पानी में डालने से कंकर , बालू आदि साफ साफ नजर आने लगे। शिकायत करने वालो में अशोक सिंह,संतोष कुमार, राजेश कुमार, सुरेश कुशवाहा, किशोरी राम, संध्या देवी आदि शामिल है।

## संघर्ष मोर्चा ने प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

**▸▸ लोकल सेल चालू करने बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग की**




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंडी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा कोयलांचल क्षेत्र ने मजदूरों के हक-अधिकार एवं रोड सेल पुनः चालू करने की मांग को ले गुरूवार को भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में पीओ के नाम सात सूत्री ज्ञापन सौंपा। साथ ही कहा कि लोकल सेल चालू करके कोयलांचल के प्रभावितों को रोजगार सुनिश्चित किया जाए। सात सूत्री मांग पत्र के माध्यम से मोर्चा ने कोयलांचल क्षेत्र के मजदूरों के विभिन्न समस्याओं से प्रबंधन को अवगत कराते हुए कहा कि उक्त मांगों पर प्रबंधक अविलम्ब सकारात्मक पहल करे। कोयलांचल के प्रभावितों को भुरकुंडा कोलियरी में रोड सेल पुनः चालू कर रोजगार सुनिश्चित कराए। ज्ञापन में भुरकुंडा लोकल सेल जल्द से जल्द करने, कोयलांचल क्षेत्र के प्रभावितों को रोड सेल में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने, बलकुदरा का कोयला भुरकु\, कोयलांचल के बच्चों के खेल-कूद के लिए मडर्न ग्राउण्ड की व्यवस्था करने, कोयलांचल के लोगों के लिए एकेसी हस्पीटल भुरकुण्डा में आधुनिक ईलाज का व्यवस्था करने, ईको फ्रेंडली पार्क में लगातार हो रहे आगजनी की जांच कर इसके देखभाल की व्यवस्था करने की मांग शामिल है।

## कई मांगों को ले सेल समिति ने दिया धरना



**पीओ के सकरात्मक आश्वासन के बाद ट्रांसपोर्टिंग हुआ चालू**

भुरकुंडा (रामगढ़)। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति के सैकड़ों मजदूरों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए बलकुदरा आउट सोर्सिंग का कोयला संप्रेषण को ठप कर दिया। साथ ही बलकुदरा चेकपोस्ट के पास धरना में बैठ गए। इस दौरान सैंकड़ों मजदूरों ने एक स्वर में सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए वादा खिलाफी का आरोप लगाया।

कहा गया कि लोकल सेल बंद होने के कारण मजदूरों के समक्ष बेरोजगारी व पलायन जैसी समस्या उत्पन्न हो गई। 40 वर्षों से लगातार लोकल सेल के मजदूर कोयला लोडिंग का कार्य अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते आये हैं। लेकिन 4 वर्षों से लोकल सेल बंद है जिससे हमसबों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सीसीएल प्रबंधक पुनः रोड सेल चालू कर मजदूरों को रोजगार से जोड़े। मजदूरों ने कहा कि प्रबंधन द्वारा लगातार रोड सेल चालू करने की बात कही जाती है, कोयले का उत्पादन तो होता है लेकिन प्रबंधन सेल चालू करने की दिशा में सकारात्मक पहल नहीं करती है। मजदूर रोजगार के अभाव में दर-दर भटकने को मजबूर है। अभी भुरकुंडा कोलियरी के बलकुदरा खुली खदान से उत्पादन व संप्रेषण जारी है। लेकिन अभी तक भुरकुंडा रोड सेल में कोयला का आवंटन नहीं किया जा रहा है। इससे यह प्रतीत होता है कि सीसीएल प्रबंधन हमारी मांगों के प्रति गंभीर नहीं है। कहा गया कि अगर रोड सेल नहीं तो भुरकुंडा कोलियरी भी नहीं। सीसीएल प्रबंधन आश्वासन देकर श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ धोखा कर रही है। प्रबंधन के इस रवैये से रोड सेल में कार्यरत मजदूरों, स्थानीय बेरोजगारों, ग्रामीण व रैयतों में काफी अक्रोश व्याप्त है। मजदूरों की सात सूत्री मांगों में भुरकुंडा रोड सेल में अधिकांश कोयला देने व पेलोडर की बजाय मजदूरों से लोडिंग कराने आदि की मांगे प्रमुख हैं। पीओ ने मजदूरों एवं मजदूर प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए बलकुदरा खदान के सेकेंड फेज से होने वाले उत्पादन में भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल में कोयला देने का लिखित आदेश है। जो हर संभव पूरा किया जायेगा।

## एक नजर में

### शिक्षा मंत्री का निधन अपूरणीय क्षति : राजेन्द्र



बरही। धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक व्यक्त किया है।टाइगर कहे जाने वाले डुमरी विधानसभा सीट से जेएमएम विधायक व राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का निधन रजयबक लिए अपूर्णनीय क्षति बताया। चेन्नई के एक हॉस्पिटल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से बोकारो जिला सहित पूरे, झारखंड में शोक की लहर दौड़ गई है। झारखंड में 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू कराने वाले मुख्य स्तंभ के रूप में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को वर्षों तक झारखंड वासियों द्वारा याद जाएगा।

### जगरनाथ महतो को बिनोद विश्वकर्मा ने दी श्रद्धांजलि



**बरही।** झामुमो के केंद्रीय कमिटी सदस्य सह पूर्व बरही विधान सभा प्रत्यासी बिनोद विश्वकर्मा ने झारखंड के शिक्षा मंत्री दिवंगत जगरनाथ महतो के अंतिम दर्शन कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। विधानसभा के बाद उनके पार्थिव शरीर को हरमू (रांची) स्थित पार्टी कार्यालय लाया गया।झामुमो के पूर्व प्रत्याशी बरही विधानसभा बिनोद विश्वकर्मा ने स्व. जगरनाथ महतो का अंतिम दर्शन किया। उन्होंने दिवंगत जगरनाथ महतो के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### हर्षोल्लास के साथ मना हनुमान जन्मोत्सव

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड के अचलजामो में पुरे हर्षोल्लास के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। हनुमान जन्मोत्सव पूर्व मुखिया हरीश पटेल की अगुवाई में मनाई गई। गुरुवार कों स्थानीय हनुमान मंदिर में ग्रामीणों द्वारा पूजा पाठ किया गया।उपरांत बड़ी संख्या में ग्रामीण युवाओं ने जन्मोत्सव के बाबत हनुमान जी को खीर पूड़ी और लड्डू का भोग लगाये। इस अवसर पर खीर पूरी बंटी जिसमें भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित हुवें।जन्मोत्सव के बाबत हनुमान का रूप धारण करने करने वाले बीर हनुमान जी द्वारा सूजी के केक काटे गए साथ हीं पुरे गांव में हनुमंत नगर भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया 'श्री राम जानकी बैठे है मेरे सीने में......! गाने के बोल पर जम कर बीर हनुमान जी गदा लिए खूब ठुमके लगाए.'। इस अवसर पर हरीश पटेल, अमर राजवार, भोला रजवार, विकास राम, पिंटू कसेरा,राजेश महतो, राकेश महतो,अनीश घटवार,उपेंद्र महतो,कैलाश पासवान,मित्र जीत व अन्य शामिल थे।

### भाजपा ने 44 वां स्थपना दिवस मनाया

**चरही।** गुरुवार को चरही स्थित जगदम्बा कॉम्पलेक्स में भाजपा के द्वारा 44 वां स्थपना दिवस मनाया गया।जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हरे मुरारी सिंह ने किया।इसके मुख्यअतिथि भाजपा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष अशोक यादव थे।मुख्य अतिथि ने कहा कि आज भाजपा पूरे देश में अपना 44 वां स्थापना दिवस मना रही है। जो बड़े गर्व की बात है। तथा यह भी कहा कि चुरचू मंडल के 54 बुथों पर स्थापना दिवस मनाया गया।इस अवसर पर भाजपा के सभी सदस्यों ने अपने घरों में झंडा को लहराया। तथा आगामी 11 अप्रैल को हेमंत हटाओ,झारखंड बचाओ आंदोलन के लिए 500 कार्यकर्ता रांची जाएंगे।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजय साव,विधायक प्रतिनिधि वीणा मिश्रा,महिला मोर्च अध्यक्ष आशा राय,युवा मोर्चा अध्यक्ष ललन शर्मा, महामंत्री घनश्याम करमाली,वरिष्ट नेता फुलेश्वर महतो, राम प्रसाद महतो,घनश्याम महतो सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हनुमान जनमोत्सव पर निकाली गई शोभा यात्रा

**चरही।** गुरुवार को श्री हनुमान जनमोत्स्व के शुभ अवसर बजरंग दल,दुर्गा वाहनी,भाजपा और श्री राम क्लब के तत्वावधान रथ शोभा यात्रा निकाली गई।जन्मोत्सव का कार्यक्रम सीसीएल कॉलोनी चरही में स्थापित हनुमान मंदिर से शाम को शोभा यात्रा की शुरूआत की गई।उक्त यात्रा राजमार्ग होते हुए बाजारटांड़ पहुंची।उसके बाद चरही मंड टांड़ के हनुमान मंदिर पहुंची।जहां पर सामुहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर संपन किया गया।इस मौके पर उमेश सिंह,मुरारी सिंह,आशा राय,वीणा मिश्रा, भुनेश्वर ठाकुर,सत्येन्द्र नारायण सिंह,अजित सिंह, सतीश कुमार साहू ,शशि कुमार ,गौतम सिंह, कमल किशोर सिंह सहित दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे।

### वन प्रबंधन समिति ने दिया वनभोज



**बड़कागांव।** प्रखंड के काँड़तरी पंचायत के वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति के तत्वाधान में डुमारो जंगल में वनभोज समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिप सदस्य सुनीता देवी व संचालन समिति के अध्यक्ष बालेश्वर महतो ने किया। समारोह में वक्ताओं ने जंगल में लगी आग को बुझाने एवं जंगल को बचाने के लिए जो वन विभाग द्वारा राशि आती है उस राशि का समिति के सदस्यों के बीच वितरण कर दिया जाए क्योंकि वन समिति के सदस्य धूप हो या बारिश सभी मौसम में जंगल को बचाने के लिए तत्पर रहते हैं।समारोह में फुलवा देवी ने वन बचाने एवं पर्यावरण बचाने के लिए जागरूकता गीत प्रस्तुत की। मौके पर कालेश्वर महतो, तुलेश्वर महतो, बाली देवी, सरजू महतो,मनोहर कुमार,लीला देवी,गोपाल प्रसाद,झुना देवी,विकास महतो,देवंती देवी,चंचला कुमारी, हरिनंदन महतो,कुलेश्वर कुमार,शिक्षक बलदेव महतो,दौलत साव,सावित्री देवी आदि मौजूद थे।

### जरगा में लहरा रहा है महाबीरी ध्वजा

**दारू।** पुनाई पंचायत के जरगा में कुछ माह पूर्व ईसाई धर्म से वापस हिन्दू धर्म मे लौटे कई बिरहोर परिवार के घरों में जहां पहले क्रॉस का चिन्ह होता था अब वहां महाबीरी झंडा लहरा रहा है। पुनाई पंचायत के जरगा में गरीब लाचार बेबस कुछ बिरहोर परिवार के सदस्य को ईसाई धर्म मे शामिल करा दिया गया था साथ ही उनके घरों में क्रॉस का चिन्ह भी लगा दिया गया था। इन परिवारों के धर्म परिवर्तन किए जाने की खबर मुखिया अनिल कुमार देव को लगी उसके बाद पांच परिवार के अठारह लोगो को मुखिया के प्रयास से एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर विधि विधान से घर वापसी कराई गई थी। अब इन परिवारों ने पूरी तरह से ईसाई धर्म को छोड़कर वापस अपने धर्म मे जुड़ गए है । रामनवमी में इन सभी के घरों में बजरंग बली का झंडा लहराया गया और जय श्री राम के नारे लगाए। मुखिया ने कहा कि लोगों की सेवा और मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

# जिसने सदा सुहागन रहने का दिया था आशीर्वाद, उसी ने बहू का घोंट दिया गला

**मृतका का पति, सास, ससुर और भाभी समेत चार गिरफ्तार**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव जिसने सुहागन होने का आशीर्वाद दिया, उसी ने घोंट डाला अपनी बहू का गला। शोर सुनकर जब बच्चे उठे तो दादा ने उन दोनों को भी मौत की नींद सुला दी। शुक्रवार को ग्रामीण एसपी मो नौशाद ने पूरे मामले का खुलासा कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मृतक महिला ममता देवी के पति समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में महिला के पति विजेन्द्र राम, विजेन्द्र का पिता कमल राम, रीना देवी और कोशिला देवी शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मोबाइल, चुड़ी का टुकडा, माला, पायल, अधजला सुटकेश, चाकू और अन्य सामानों को बरामद किया गया।



**अवैध संबंध के शक में हुई थी हत्या**

पुलिस के द्वारा मृत महिला ममता देवी के पति को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया, तो उसने बताया कि उसे शक था कि इसकी पत्नी का किसी दूसरे के साथ अवैध संबंध है और मेरा पहला बच्चा भी उसी का पैदा किया हुआ है। इसी शक में बीते तीन अप्रैल को अपने परिजनों के साथ मिलकर साजिश के तहत पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करते देखने पर बच्चे चिल्ला-चिल्लाकर रोने लगे तो ये अपने परिजनों के साथ मिलकर दोनों बच्चों की भी गला दबाकर हत्या कर दी और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से तीनों शवों को ठाकुरगांव थाना क्षेत्रान्तर्गत बेती बगदा जंगल में ले जाकर जला दिया।

## कुंदी में महाराष्ट्र पुलिस का छापा, एक गिरफ्तार



**इटकी।** महाराष्ट्र पुलिस ने इटकी पुलिस के सहयोग से शुक्रवार को कुंदी गांव से छापेमारी कर शमीम जावेद अंसारी नामक युवक को गिरफ्तार किया है। शमीम पर देश के प्रधानमंत्री और यूपी के मुख्यमंत्री का फोटो एडिट कर अश्लील वीडियो बनाकर यूट्यूब पर वायरल करने का आरोप है। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने जानकारी दी कि उक्त युवक के विरूद्ध पुणे जिले के निगडी थाना में सांसद अमर शंकर सावले के बयान पर एक मामला दर्ज है। दर्ज मामले में उक्त युवक अप्राथमिकी अभियुक्त है।

## किरण हत्याकांड : पुलिस ने पत्नीहंता को भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 148-2023 के नामजद अभियुक्त और काटमकुली निवासी कुलदीप महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह लालजी महतो का पुत्र है। उस पर दहेज के लिये पत्नी किरण देवी को जलाकर हत्या कर दिये जाने का आरोप है। पांच अन्य आरोपियों में मृतका का श्वसुर लालजी महतो, सास मालखो देवी, ननद सीमा और रीना तथा रीना के पति पवन महतो शामिल हैं। घटना के बाद से सभी फरार हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है। बताते चलें कि दहेज की खातिर किरण देवी को 5 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे जलाकर हत्या कर दी गयी थी। मायका बुढ़मू के सुमुकोठा में था। 19 अप्रैल 22 को सामाजिक रीति-रिवाज के साथ कुलदीप महतो से शादी हुई थी। शादी के बाद पति-पत्नी चटकपुर में रहते थे। मृतका के भाई महेंद्र महतो के बयान पर रातू थाने में भादवि की धारा 302-34 के तहत मामला दर्ज कराया गया है।

**सोफा और टीवी के लिये कर दी हत्या**

मृतका किरण देवी के परिजनों ने बताया कि महज सोफासेट और रंगीन टीवी के लिये उसकी हत्या कर दी गयी। जबकिए विदाई के समय उसके पिता महादेव महतो की ओर से 3 लाख नकद समेत पल्सर मोटर साइकिल और घरेलू सामान दी गयी थी। सोफा व टीवी बाद में देने की बात कही गयी थी। इसी को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था। किरण का दो माह की एक बच्ची भी है।

## स्पीड न्यूज

### रुगड़ी टोली में खेत से अज्ञात बुजुर्ग का शव बरामद

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के रुगड़ी टोली के समीप खेत में शुक्रवार को दोपहर साढ़े तीन बजे एक अज्ञात शव मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना नगड़ी थाना को दी । नगड़ी पुलिस ने तुरंत घटनास्थल में पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। इस संबंध में अज्ञात बुजुर्ग का उम्र लगभग 75 वर्ष है और हरा टी शर्ट बने हुए खेत में पड़े हुए थे। ग्रामीण जब सुबह खेत की और गए तो उन्होंने खेत पर एक अज्ञात बुजुर्ग का शव को देखा और इसकी जानकारी ग्रामीणों ने नगड़ी थाना को दी।

### सिल्ली पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**सिल्ली।** सिल्ली थाने के समीप रांची-पुरुलिया मार्ग पर शुक्रवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। एसआई अनुप टोपनो के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में दर्जनों दोपहिया वाहनों के कागजात, रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस, हेलमेट आदि की जांच की गई। कागजात और हेलमेट नहीं होने के कारण कई दोपहिया वाहनों को जब्त की गई। जिसे बाद मे हिदायत देकर छोड़ा गया। अभियान में लगभग 30 बाइक की जांच की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई होगी।

### बालू की अवैध ढुलाई करते दो हाइवा जब्त

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के बांकू घाट से बालू की अवैध ढुलाई करते दो हाइवा जेएच01सी 5 3038 तथा जेएच 09 ए टी 7297 को जब्त किया है। बांकु घाट से अवैध बालू ले जाते हुए हाइवा को ग्रामीणों ने रोक कर पुलिस को सूचना दिया। ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल पुलिस गांव पहुंच कर दोनों हाइवा को जब्त कर मामला दर्ज कर कार्रवाई किया है।

### हुंदूर गांव में मंडा पूजा आज से

**रांची।** पिठोरिया थाना क्षेत्र हुन्दूर गांव का शिव मंडा पूजा 8 अप्रैल को झूलन 9 अप्रैल को शुबह 10 बजे है। यहां 8 दिन से शिव भक्त उपवास कर भगवान शिव का पूजा अर्चना करते हैं। वहीं जागरण रात शिव भक्त दहकते अंगारों पर चलते हैं। रात में फुलखुंदी के बाद रात भर जागरण होगा।

### नौकरी के नाम पर ठगी का आरोपी पटना से गिरफ्तार

**नामकुम।** पुलिस ने पैसा लेकर नौकरी लगाने के नाम पर पैसा ठगी करने के आरोपी आषुतोस कुमार 22 वर्ष को पटना के कदमकुंआ अमरूददीन गली,नाला रोड से गिरफतार कर लिया है। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि पर वर्ष 10 जनवरी 2021 में ही मामला दर्ज कराया गया था और वह तब से ही फरार चल रहा था। पुलिस टीम पटना से उसे पकड़कर ले आयी और शुक्रवार को उसे जेल भेज दिया गया।

### बैठक: शिव मंदिर राय बस्ती में रूद्र महायज्ञ कराने का निर्णय

**पिपरवार।** शिव मंदिर राय बस्ती मे श्री श्री 1008 पांच दिवसीय रूद महा यज्ञ सह शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कराने का निर्णय लिया गया। शुक्रवार को शिव मंदिर राय बस्ती मे राय पंचायत के ग्रामीणो के साथ बैठक हुई। इस बैठक मे सर्व समिति से यह निर्णय लिया गया की। 21 मई से 25 मई तक शिव मंदिर राय बस्ती मे 5 दिवसीय श्री श्री 1008 पंचदिवसीय रूद महा यज्ञ सह शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान किया जायेगा। इस यज्ञ को सफल बनाने के लिए कमिटि का गठन किया गया । जिसमे अध्यक्ष नागेश्वर महतोए कार्य कारी अध्यक्ष शंकर सिंहए सचिव गणेश कुमार महतोए सह सचिव पारस कुमार महतोएदुर्गा प्रसाद महतोए चंद्रा देवी को बनाया गया। कार्य करनी सदस्य ज संतोष प्रजापति, अनिल साव, रूपेश महतो, महविर, हरिष, ब्रजेश, अजय नायक, सरेश, साजन, लोकनाथ, किटिया, शंकर नायक, छोटेलाल एवं समस्त ग्रामीण मौजूद रहेंगे।

## जमीन पर कब्जा के विरोध पर युवक को पीट कर किया घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना अंतर्गत बालू गांव में जमीन पर जबरन कब्जा का विरोध करने पर गांव के युवक प्रेम कुमार यादव के ऊपर जानलेवा हमला किया गया। घायल अवस्था में उसे रिम्स रांची में भर्ती किया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। बालू गांव के निवासी रामजन्म यादव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पीड़ित परिवार का कहना है कि उनकी पैतृक जमीन को जबरन हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। मामला अनुमंडल दंडाधिकारी, न्यायलय सदर रांची में धारा 144 के तहत विचाराधीन है। बावजूद इसके दो दिन पूर्व ही रांची शहर के जमीन कब्जा दिलाने वाले पेशेवर गिरोह, भू-माफिया एवं गुंडे द्वारा कब्जा लेने के लिए भू.स्थल जाकर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया गया। इसकी सूचना उन्होंने वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को आवेदन के माध्यम से देकर न्याय की गुहार लगाई है। उस आवेदन में उन्होंने आशंका जताई थी कि उनके ऊपर जानलेवा हमला हो सकता है। आज उनलोगों के ऊपर जानलेवा हमला व मारपीट किया गयाए जिसमें प्रेम कुमार यादव का सिर फट गया और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। मामला पिठोरिया थाना में दर्ज कर लिया गया। उक्त शिकायत में सुखदेव महतो, रूपेश कुमार यादव, राहुल कुमार यादव एवं सुनील कुमार यादव को आरोपी बनाया गया है। समाचार लिखे जाने तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

## प्रेमिका के बुलावे पर पिठोरिया से लाली आये प्रेमी को परिजनों ने रंगेहाथ पकड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के लाली महुवाटेली के रहनेवाले जगेश्वर महतो ने सिमरबेडा पिठोरिया के रहनेवाले रोहित कुमार महतो पर शादी का झांसा देकर उनकी बेटी मीना कुमारी 17 वर्ष (बदला हुआ नाम) के साथ लगभग एक वर्स से यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में जगेष्वर ने बताया है कि गुरुवार सुबह दस बजे उन्होने रोहित को अपने घर में बेटी के साथ रंगे हाथ पकडा,जिसके बाद दोनो ने बताया कि वे दोनो एक दूसरे से लगभग एक वर्स से संपर्क में है और दोनो षादी करना चाहते है। जगेष्वर ने आरोप लगाया कि रोहित उनकी बेटी को बहला फसला कर उसका यौन शोषण कर रहा है। उसपर कानूनी कारवाई की जाए। उसके बाद परिजनों ने रोहित को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। रोहित ने बताया कि वह मीना के बुलाने पर घर आया था दोनो नाबालिग है और बालिग हो जाने पर शादी कर लेंगे।

### युवक को ग्रामीणों ने पीट कर मार डाला

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के महुआ टोली में गुरुवार रात ग्रामीणों के पिटाई से चोरी करने गए एक युवक की शुक्रवार की सुबह लगभग 11.00 बजे रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पंडरी निवासी का सुफियान अंसारी 18 वर्ष का युवक महुआ टोली में एक व्यक्ति के दुकान में चोरी करने की नियत से शुक्रवार कि सुबह लगभग 4.30 बजे जीवन उरांव के किराने दुकान में घुसा था आहट सुनने पर जीवन के घर के सदस्य की नींद खुली और लोगो ने सुफियान को पकड़कर पिटने लगे। हंगामा सुनकर आस.पास के लोग जमा हो गये और सभी ने सुफियान पर अपना हाथ साफ कर लिया। ग्रामीणो के अनुसार अंधेरा होने कारण चोरो की संख्या नही देख पाए सुफियान के साथी के अन्य साथी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। वहीं सुफियान भी फरार हो जाता परंतु मोपेड के स्टार्ट नहीं होने के कारण सुफियान ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया इसके बाद ग्रामीणों ने उसकी जमकर धुनाई की। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस उसे ग्रामीणों के चुंगल से छुड़ाकर इलाज के लिए भेजा जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## एक नजर में

### बीजेपी स्थापना दिवस पर कार्यकर्ता उत्साहित



**रातू।** भारतीय जनता पार्टी की 43 वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ता बेहद उत्साहित हैं। शुक्रवार को अल्पसंख्यक मोर्चा जिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष इमरान खान की अगुआई में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाजरत मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया। श्री खान ने बताया कि मोर्चा ने पूरे सूबे के अंदर यह अभियान चलाया। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष कयूम अंसारीए अयूब अंसारीए असफाक अंसारीए जिला मंत्री आसिफ अंसारीए मंडल अध्यक्ष कलामुदीनए मनवर हुसैनए मिडिया प्रभारी इरफान अंसारीए जिला कार्यसमिति सदस्य मजीद आलम व फिरोज अंसारी आदि मौजूद थे।

### गेतलसूद में भाजपा एसटी मोर्चा का सेवा पखवाड़ा



**अनगड़ा।** प्रखंड के गेतलसूद गांव में भाजपा एसटी मोर्चा द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया गया। मालूम हो कि भाजपा एसटी मोर्चा द्वारा भाजपा के स्थापना दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है । इसी क्रम में भाजपा एसटी मोर्चा के अध्यक्ष गौरी शंकर मुंडा की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रतिभाशाली बच्चों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामकुमार पहन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार राजेन्द्र मुंडा शिकारी महतो फूलकुमारी देवी गणेश लोहरा आदि उपस्थित रहे।

### बिलारी बना प्रीमियर क्रिकेट लीग का चैंपियन




**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कल्याणपुर में न्यू स्टार क्लब ठेना द्वारा आयोजित कल्याणपुर नाइट क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन वन का चैंपियन बनी बिलारी नाइट राइडर की टीम। गुरुवार की रात प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला न्यू स्टार क्लब ठेना एवं बिलारी नाइट राइडर के बीच खेला गया। जिसमें प्रथम बल्लेबाजी करते हुए न्यू स्टार क्लब ठेना की टीम ने जीत के लिए 75 रनों का लक्ष्य अपने प्रतिद्वंदी टीम बिलारी नाइट राइडर्स को दिया। यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा बिलारी नाइट राइडर की टीम 9 ओवर 3 बॉल में 5 विकेट के नुकसान पर 77 रन लाकर इस कल्याणपुर नाइट प्रीमियर लीग की विजेता बनी।

### शौर्य प्रदर्शन: बुंडू में निकला रामनवमी जुलूस

**बुंडू।** बुंडू में श्रद्धा-भक्ति एवं शौर्य प्रदर्शन के साथ रामनवमी की भव्य जुलुश निकली। विभिन्न लाठी संघों महावीर मन्दिर लाठी संघएबजरंग दल, डामारी लाठी संघ, टांगर टोली, नवाडीह टोली, देलहातू लाठी संघ, ताऊ लाठी संघ, दलकीडीह लाठी संघ आदि का जुलूस अपने-अपने अखाड़े से गाजे.बाजे एवं लाठीबाजी व तलवारबाजी आदि का शौर्य प्रदर्शन करते हुए बुंडू के मुख्य मार्गो से गुजरी।काली मंदिर चौक में स्थानीय विधायक विकास मुंडा ने विभिन्न अखाड़ो के प्रमुख को पगड़ी पहना कर एवं तलवार भेंट कर सम्मानित किया। कई अखाड़ों द्वारा भगवान श्रीराम एवं बजरंग बली के प्रसंग से जुड़ी झांकी भी निकाली गई। इस बीच मुख मार्ग पर विभिन समाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा स्टॉल लगाकर पानी, शर्बत, चना, गुड़, बुंदिया आदि का वितरण किया गया। रामनवमी जुलूस को लेकर हर चौक-चौराहों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। समाचार लिखे जाने तक इस दौरान किसी अप्रिय घटना का कोई सूचना नहीं है।

### मनातू रिंग रोड चौक पर बने ओवरब्रिज: अनुप

**पिठोरिया।** कांके प्रखंड के मनातू गांव के समाजसेवी अनूप कुमार महतो ने पूर्व भू राजस्व मंत्री वर्तमान टुंडी विधायक सचेतक सत्तारूढ़ दल मथुरा प्रसाद महतो से मिलकर रिंग रोड चौक मनातू में ओवरब्रिज बनवाने की मांग की है। मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि वह जल्द से जल्द पथ सचिव को इस समस्या से अवगत कराएंगे एवं जितनी जल्दी से जल्दी रिंग रोड मनातू में ओवरब्रिज बनवाने का प्रयास करेंगे स समाजसेवी अनुप कुमार महतो ने कहा कि वह पिछले 3 वर्षों से इस जगह पर ओवरब्रिज बनवाने के लिए प्रयासरत हैं। स इस संबंध में वह बी डी ओए सी ओए उपायुक्तए सांसदए विधायकए मंत्री एवं मुख्यमंत्री को आवेदन दे चुके हैं।

## सिल्ली: शिक्षा मंत्री के निधन पर शोकसभा

**सिल्ली।** सिल्ली के बुढ़ाआम स्थित झामुमो कार्यालय में शुक्रवार को झामुमो प्रखंड कमेटी की ओर से झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत जगन्नाथ महतो के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा। मौके पर झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, अमित कुमार महतो, हेमंत कोइरी, अनिल बेदिया, संतोष साहू, अजीत कुमार महतो, अशोक कुमार महतो, पांडे महतो, द्वारिका महतो, देवेंद्र महतो, मधुसूदन महतो, भगीरथ महतो, दशरथ महतो, सरवन मुंडा, उपेंद्र महतो, फेंकना महतो, मुकेश कुमार महतो, दिलीप कुमार महतो, चैता महतो, मिथुन चंद्र महतो, विनोद कुमार महतो, नागेश्वर महतो मौजदू थे।

## ऐसे व्यक्तित्व का जाना राज्य के लिए अपूरणीय क्षति

**ओरमांझी में टाइगर को दी अंतिम विदाई पार्थिव शरीर पर लोगों ने की पुष्प वर्षा**

खबर मन्त्र संवाददाता



ओरमांझी में टाईगर को विदाई देते रामटहल चौधरी व अन्य।

**ओरमांझी।** फूलों से सजा वाहन में तिरंगे में लिपटा राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की पार्थिव शरीर जैसे ही ओरमांझी पहुंची, पुष्प वर्षा करते हुए जगरनाथ महतो अमर रहे का नारा लगाने लगने लगी। लगभग पांच मीनट के लिए वाहन शास्त्री चौक ओरमांझी में रूकी, उसके साथ प्रषासन व स्वजन और समर्थक के वाहनों की लंबी लाइन लग गई। रांची, रामगढ़ व गोला आने जाने वाले वाहनों की गति थम गई। वहीं पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के साथ जेएमएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुदूष अंसारी, आरटीसी कॉलेज के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो सहित कई लोगों ने पुष्प अर्पित कर नमन किए। काफिला आगे बढ़ा तो सभी लोग लालबाहादुर शास्त्री की प्रतिमा निचे दो मिनट का मौन रख अपने शिक्षा मंत्री टाईगर को विदाई दी। रामटहल चौधरी ने कहा अपने कर्तव्य निष्ठा, सादगी व स्पष्टता और शिक्षा मंत्री के बेहतर कार्यकाल को लेकर उन्हे सदा याद रखा जाएगा। जगरनाथ महतो जैसे व्यक्तित्व का जाना राज्य के अपूर्णिय छति है। श्रद्धांजलि देने वालों में रणधीर चौधरी, अलखनाथ महतो, आफताब आलम कौशर, बालक पाहन, दिगंबर महतो, अनिल महतो, जगमोहन मुंडा, आकाश महतो, सुनील महतो, रामलखन महतो, अनिल महतो, संजय तिर्की, श्रवण कुमार, मनोज प्रभाकर सहित जेएमएम, कांग्रेस, भाजपा, आजसू के कार्यकता आदि शामिल थे।

### बुंडू: जगरनाथ महतो को दी गई श्रद्धांजलि

**बुंडू।** तमाड़ विधायक विकास मुंडा के बुंडू स्थित आवासीय परिसर पर माननीय शिक्षा मंत्री सह डुमरी से जेएमएम विधायक स्व० जगरनाथ महतो के फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर मुख्य रूप से बुंडू प्रमुख राजकुमार बिंझिया ;फेकलाद्धए तमाड़ पूर्वी जिला परिषद सदस्या भवानी मुंडाए तमाड़ विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतोए अरविंद कुमारए गिरीश मुंडाए कलेश्वर मुंडाए वासु सेठए उमेश महतोए पीकू सिंहए बुधराम बड़ाईकए राजू महतो ;छात्र नेताद्धए नरेंद्र महतोए नारायण महतोए कुलपति मुंडाए कलोशसी मुंडाए शरद चंद्र महतोए शिबू प्रजापतिए गुड्डू चेलए नीरज पाठकए बबलू कुंडूए मोनू जायसवाल शामिल थे।

## बुढ़मू-पिठोरिया के रास्ते जारी है अवैध बालू का कारोबार

**एक-दो वाहनों को पकड़ कर होती रहती है खानापूर्ति**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** बुढ़मू पिठोरिया के रास्ते बालू का अवैध कारोबार रात के अंधेरे में हो रहा है। सूत्रों के अनुसार बालू का उठाव बुढ़मू थाना क्षेत्र के छापर नदी से हो रहा है लेकिन पूरा प्रशासनिक महकमा मौन धारण किए हुए है। इस कारोबार में सफेदपोश नेताओं बालू माफिया सहित प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता है। जानकार सूत्र बताते हैं कि अगर प्रशासनिक दृष्टिकोण से अगर सही तरीके से बालू का उठाव होता तो रात के अंधेरे में सैकड़ों हाईवा और ट्रैक्टर टर्बो ट्रक नहीं चलते। यह दिन में भी चल सकते थे। इस पर लगाम लगाने के लिए कभी कभार छापामारी कर 1-2 गाड़ियों को जप्त किया जाता है। फिर मामला ठंडा पड़ने पर फिर अवैध कारोबार शुरू हो जाता है। जिला खनन कार्यालय के अधिकारी भी इस पर ध्यान नहीं देते। छपरा नदी से बालू का अवैध उत्खनन रात के अंधेरे में ही होता है। रात के 8 बजे से लेकर सुबह के 5 बजे तक गाड़ियों का परिचालन निरंतर इस सड़क पर होते रहता है। जिसे देखा जा सकता है। बालू घाटों पर रात भर हाईवा ट्रैक्टर और टर्बो ट्रक का आवाजाही लगी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के अंधेरे में बालू का अवैध कारोबार ही किया जा रहा है। अगर वैध कारोबार होता तो दिन के उजाले में भी किया जा सकता था लेकिन सुबह होते ही यह कारोबार बंद हो जाती है। इस संबंध में प्रशासनिक महकमा से जुड़े लोग कुछ भी बोलने से बच

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने झंडे को सलामी देकर मनाया स्थापना दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। सबसे पहले भाजपा कार्यकताओं ने अपने.अपने घरों में भाजपा के झंडे को सलामी दी तत्पश्चात भाजपा महिला मोर्चा एवं कार्यकताओं द्वारा पंचायत भवन बचरा की साफ सफाई की गई। पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम शुरू करने से पहले अटल बिहारी वाजपेईएश्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। सलामी देने वक्त मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी के संस्थापकों को धन्यवाद दिया और बताया कि भाजपा ने आज पूरा देश का कल्याण कर सबसे मजबूत नेता के रूप में भारत के सबसे ऊंच पद प्रधानमंत्री पद के लिए श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी को स्थापित किया है।

# मसीहियों ने प्रभु यीशु के बलिदान को किया याद

**गुड फ्राइडे**

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** प्रभु यीशु की बलिदान को याद करते हुए गुडफ्राइडे का त्यौहार शुक्रवार को इटकी क्षेत्र में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। मौके पर क्षेत्र के चर्चों में विशेष आराधना सभा हुई। क्षेत्र के मुख्य सीएनआई चर्च में आयोजित सभा मे पादरी रेव्ह नियारेन कंडुलना ने अपने संदेश में कहा कि मानव कल्याण के लिये प्रभु यीशु ने हंसते.हंसते सूली पर चढ़ गये।उन्होंने कहा कि प्रभु के सातों वचनों को मानने से ही मानव का कल्याण संभव है। इधर महुआ टोली एनडब्ल्यू जीइएल व रानीखटंगा स्थित चर्च में भी विशेष आराधना सभा हुई व प्रभु यीशु के बलिदान की चर्चा की गयी।

### मंडा पूजा में हुई फूलों की वर्षा



इटकी में झूले पर झूलते हुए फूलों की वर्षा करते भोक्ता।

स्पीड न्यूज


कुडमी समाज के रेल रोको आंदोलन के चलते सुनसान पड़ा टाटानगर स्टेशन।

## डिजनीलैंड मेला का भूमि पूजन संपन



जमशेदपुर। साकची आमबगान मैदान में डिजनीलैंड मेला-2023 का भूमि पूजन दिनांक 07.04.2023 को सम्पन्न हुआ। उक्त जानकारी देते हुए फनवर्ल्ड के संचालक चन्द्रशेखर पर्वत ने कहा कि अप्रैल महिने के अंतिम सप्ताह से शुरू होने वाले इस मेले में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हस्तशिल्प के उत्पाद, कॉटन गारमेन्ट्स, लेडिज, जेन्ट्स एवं किड्स के परिधान, फर्नीचर सेल आदि के अतिरिक्त डिजनीलैंड में वाटर बोट एवं टोरा टोरा के अतिरिक्त अन्य झुलें बच्चों का आकर्षण का केन्द्र होगा। ज्ञात रहे कि फन वर्ल्ड द्वारा आयोजित डिजनीलैंड मेला का इंतजार न केवल जमशेदपुर वासियों को बल्कि इसके आस-पास के क्षेत्रों के लोगों को भी रहता है यही कारण है कि डिजनीलैंड मेला काफी सफल रहता है। फन वर्ल्ड के संयोजक श्री चन्द्रशेखर पर्वत ने बताया कि इस फन वर्ल्ड (डिजनीलैंड) में मिनी भारत की एक झलक दिखेगी। जहां हिन्दुस्तान के हर प्रांत के परिधान एवं हेन्डी क्राफ्ट के समान उपलब्ध रहेंगे। इस फन वर्ल्ड एक ऐसा समूह है जो कि बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराता है।

## मेंटेनेंस कार्य को लेकर चांडिल में चार घंटे रहेगी बिजली आपूर्ति बाधित

चांडिल। शनिवार को चांडिल फीडर 33 केवी में बामुनडीह के पास मेंटेनेंस के कार्य को लेकर दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक चार घंटे चांडिल बाजार, चांडिल डैम रोड, मुखिया होटल, चौका, ईचागढ, कटिया, बनसा, दुबराजपुर सहित पूरे चांडिल पीएसएस में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी चांडिल के जेई दिवाकर उरांव ने दिया। उन्होंने कहा चांडिल पीएसएस के कई जगहों पर मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा।

## तालाबों के लिए राशि जुटाने को 15 अप्रैल को कॉमेडी शो



जमशेदपुर। तालाब बनाने के सहातार्थ राशि जुटाने के लिए यंग इंडियंस (वायआई) का जमशेदपुर चैप्टर 15 अप्रैल को देश के मशहूर स्टैंड अप कॉमेडियन अतुल खत्री का शो आयोजित करने जा रहा है। लोयोला स्कूल के फेजी ऑडिटोरियम में 15 अप्रैल की शाम साढ़े सात बजे से होने वाले खत्री से खतरा नामक इस शो में अतुल खत्री अपनी कॉमेडी से शहरवासियों को गुदगुदाएंगे। यह आयोजन जमशेदपुर चैप्टर द्वारा तालाब परियोजना के तहत धन जुटाने के लिए किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अतुल खत्री एक भारतीय स्टैंड-अप कॉमेडियन और यूट्यूब व्यक्तित्व हैं। उन्हें सीएनएन-आईबीएन द्वारा शीर्ष भारतीय हास्य अभिनेताओं में से एक का दर्जा दिया गया था और वे हांगकांग इंटरनेशनल कॉमेडी फेस्टिवल में प्रदर्शन करने वाले एकमात्र भारतीय थे। वे सीईओ गॉट टैलेंट सीजन वन के विजेता भी रहे हैं।

## भामसं नेता कृष्णा सिंह के निधन पर शोक

जमशेदपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जमशेदपुर के तेजतर्रार छात्र नेता व मजदूर नेता कृष्णा सिंह का गुरुवार को बिहार, मुजफ़्फ़रपुर निधन में हो गया हैं। श्री सिंह के आकस्मिक निधन से नरेंद्र मोदी विचार मंच झारखण्ड अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता शोक में हैं। मंच के प्रदेश संयोजक एवं उनके पुराने मित्र अश्वनी झा ने कहा कि सिंह एक बहुत ही ईमानदार, जिंदादिल और साहसी व्यक्ति थे और दिन रात सामाज के लिए उपस्थित रहते थे, उनका आकस्मिक निधन से हमलोगों बहुत दु:खी है, मैं ईश्वर से उनके पुण्यात्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते हैं। भाजपा नेता मनोज सिंह, कामख्या सिंह, रमाशंकर सिंह, बिजेंद्र सिंह, सुजीत वर्मा, रितेश सिंह, नीतीश राय आदि ने कृष्णा सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया।

# खीस्तीय समुदाय ने गुड फ्राइडे मनाया, प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद किया

● सात वचनों पर चलने का संकल्प दुहराया

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। गुड फ्राइडे के अवसर पर लौहनगरी का खीस्तीय समुदाय शुक्रवार को अपने अपने मत के कलीसिया चर्च में पहुंचे और उन्होंने प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद किया और उनके सात वचनों पर चलने का संकल्प दुहराया। स्थानीय लोयला स्कूल के चर्च में प्रिंसिपल एवं फादर विनोद फर्नांडिस ने यीशु मसीह के सात वचनों की व्याख्या करते हुए सवाल उठाए कि संसार में प्रेम शांति का साम्राज्य स्थापित होने तक उनके बताए मार्ग पर चलना है। हम सभी मदर मेरी की संतान है और इसमें नफरत हिंसा एशिया का कोई स्थान नहीं है। यहां मसीही लोगों ने पवित्र क्रूस को को चूमा और मिसा बलिदान का परम प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले प्रभु यीशु के क्रूस मार्ग की आराधना हुई और सभी की समृद्धि शांति प्रेम का साम्राज्य स्थापित करने के लिए प्रार्थना भी हुई। यहां फादर कुरुविला, फादर के एम जोसेफ, फादर चार्ली परेरा, फादर जेम्स आदि शामिल हुए। परसों प्रभु यीशु मसीह का पुनरुत्थान पर्व इस पर मनाया जाएगा और इसके लिए शनिवार की रात तथा रविवार की सुबह में विशेष प्रार्थना सभाएं होंगी। इसी तरह, सीएनआई चर्च, संत जोसेफ महा गिरजाघर, बेल्डीह चर्च, जीईएल चर्च, सेंट मेरी चर्च में भी प्रार्थना सभाएं आयोजित हुई। सीएनआई, बेल्डीह जीइएल मत के मसीही शनिवार-रविवार की रात कब्रिस्तान में जाकर अपने पूर्वजों के कब्र पर फूल माला अर्पित करेंगे एवं मोमबत्ती जलाएंगे। इसके साथ ही पिछले 40 दिन का उपवास लेंट का समापन हो जायेगा।


गोलमुरी चर्च में निकाली गयी झांकी का दृश्य।


गोलमुरी चर्च में गुड फ्राइडे को जमा मसीही समुदाय।

## ईसा का लोगों को मानवता का संदेश

तकरीबन2000 साल पहले यरुशलम के गैलिली प्रांत में ईसा लोगों को मानवता,एकता और अहिंसा का उपदेश दे रहे थे। उनके उपदेशों से प्रभावित होकर वहां के लोगों ने उन्हें ईश्वर मानना शुरू कर दिया। इस बात से वहां धार्मिक अंधविश्वास फैलाने वाले धर्मगुरु उनसे चिढ़ने लग गए। यहूदी लोगों के बीच ईसा की बढ़ती लोकप्रियता वहां के ढोंगी धर्मगुरुओं को अखरने लगी। उन्होंने ईसा की शिकायत रोम के शासक पिलातुस से कर दी। उन्होंने पिलातुस को बताया कि खुद को ईश्वरपुत्र बताने वाला यह युवक पापी होने के साथ ईश्वर राज की बातें भी करता है। शिकायत मिलने के बाद ईसा पर धर्म की अवमानना के साथ राजद्रोह का आरोप लगाया गया। इसके बाद ईसा को क्रूज पर मत्यु दंड देने का फरमान जारी कर दिया गया। कोड़े-चाबुक बरसाने और कांटों का ताज पहनाने के बाद कीलों से ठोकते हुए प्रभु यीशु को सूली पर लटका दिया गया। इस यातना भरे मार्ग को क्रूस मार्ग कहा जाता है।

### पुण्य शुक्रवार को क्या हुआ

जिस दिन प्रभु ईसा मसीह को तमाम शारीरिक यातनाएं देने के बाद सूली पर चढ़ाया गया था। ईसा मसीह ने मानव जाति के लिए हंसते-हंसते अपना जीवन कुर्बान कर दिया, **इसलिए इस शुक्रवार को ईसाई धर्म के लोग गुड फ्राइडे** के रूप में मनाते हैं। इस दिन को ईसाई धर्म में कुबार्नी दिवस के रूप में भी जाना जाता है।

# टाटा स्टील जमशेदपुर पूर्वी में नेशनल लेवल का स्कूल बनाये : रघुवर दास

खबर मन्त्र ब्यूरो


पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास।

जमशेदपुर। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने टाटा स्टील के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन को पत्र लिखकर कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 23-24 के लिए बनायी जाने वाली विकास योजनाओं में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया है। उन्होंने कंपनी प्रबंधन द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में जमशेदपुर के नागरिकों को दी जाने वाली विशेष सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा है कि वे चाहते हैं कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की योजनाओं में गैर कंपनी क्षेत्रों के मनीफीट, मोहरदा, नामदा बस्ती, महानंद बस्ती, हरिजन बस्ती में घर-घर जलापूर्ति की जाए। उन्होंने कहा है कि केबुल टाउन बस्ती में कंपनी द्वारा लोगों से पानी का बिल व्यक्तिगत तौर पर लिया जाता है, लेकिन बिजली बिल का सामूहिक रूप से भुगतान करना पड़ता है। इस संबंध में आपसे पहले भी बात हुई थी। वे चाहते हैं कि पानी बिल की तरह ही बिजली बिल भी व्यक्तिगत रूप से लिया जाये। इसके साथ ही मोहरदा जलापूर्ति योजना से स्वच्छ जलापूर्ति की जाए और शेष क्षेत्रों में हर घर जलापूर्ति की जाए। दास ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग व टाटा स्टील के बीच हुए समझौते की चर्चा करते हुए कहा है कि कंपनी जमशेदपुर एवं सरायकेला के आवासीय कॉलोनियों में उक्त समझौते के अनुरूप बिजली की आपूर्ति करें। इसके साथ ही जमशेदपुर पूर्वी के प्रमुख स्थानों पर हाई मास्ट लाइट लगाई जाए और स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था की जाए। पूर्व सीएम ने कंपनी के द्वारा संकरी सडकों का चौड़ीकरण किये जाने को जहां एक अच्छा कदम बताया है, वहीं बारीडीह गोलचक्कर से बजरंगबली मंदिर तक सडक चौड़ीकरण कार्य में और गति लाने की जरूरत पर बल दिया है। उन्होंने जमशेदपुर के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों बने पार्कों की सराहना की और कहा कि अब इन क्षेत्रों बच्चों के लिए खेल का मैदान बनाने की जरूरत है। दास ने अपने पत्र में जमशेदपुर वासियों के व्यापक हित में यह सुझाव दिया है कि टाटा स्टील ने जिस प्रकार उनके शासनकाल में बारीडीह में मणिपाल मेडिकल कॉलेज की स्थापना कर मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में जमशेदपुर को एक बेहतरीन तोहफा दिया है, उसी प्रकार राष्ट्रीय स्तर की स्कूली शिक्षा के लिए जमशेदपुर पूर्वी में एक उच्च मानक के स्कूल की स्थापना करे। कंपनी के सीईओ को लिखे गये इस पत्र की प्रतिलिपि टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट एवं टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक को भी प्रेषित किया गया है।

## डिवाइन मिशन कॉलेज खुलेगा झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी का स्टडी सेंटर



जादूगोड़ा। झारखण्ड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी रांची के जांच टीम द्वारा आज दोपहर में डिवाइन मिशन कॉलेज हितकू (नरवा) में अध्ययन केन्द्र खोलने हेतु विधिवत निरीक्षण किया व जरूरी मापदंड को सही पाया। इस दौरान कार्यालय कक्ष, अध्ययन कक्ष, स्टोर रूम अन्य आवश्यक संसाधनों को प्रमुखता से देखा व जरूरी मापदंड को सही पाया। इसके पूर्व कॉलेज प्राचार्य डॉ प्रियंका सिंह ने यूनिवर्सिटी के समन्वयक डॉ प्रेम सागर केशरी तथा विकास कुमार मौर्य को पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कॉलेज परिसर में समारोह आयोजित की गई जहा दौरे पर आई यूनिवर्सिटी के पदाधिकारी ने सभी संसाधनों से परिपूर्ण पाए जाने पर संतुष्टि जताई व अप्रैल के अन्तिम सप्ताह में यहां अध्ययन केन्द्र उदघाट्न खोलने हेतु सभी प्रक्रिया पूरी करने संभावना बताया। इस अध्ययन केंद्र के स्थापित होने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्रायें अब उच्च शिक्षा एवं व्यासायिक शिक्षा आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। उच्च शिक्षा से वंचित बच्चों को इसका विशेष लाभ मिलेगा।

## टाटा मोटर्स यूनियन ने 10 सेवानिवृत सदस्यों को दी विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। शुक्रवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में गत माह सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया एवं विदाई दी गई। इस सम्मान समारोह में 10 सेवानिवृत्त कर्मचारी गण अपने परिवार के साथ शामिल हुए। इन सेवानिवृत सदस्यों के नाम निम्नलिखित हैः- स्वरूप दत्ता, बिनोद कुमार कुंडू, देवासिष घोष, आलोक कुमार बरुआ, दिलीप कुमार दास, देव कुमार चक्रबर्ती, ए के मल्लिक, डेमियन अन्थोनी, देवाशीष चक्रवर्ती, गोपाल। इस अवसर पर महामंत्री श्री आर के सिंह ने कहा कि आप सब ने अपना बहुमूल्य समय इस कंपनी को बढ़ाने में दिया है। आप सभी के योगदान से आज टाटा मोटर्स कई प्लांट स्थापित कर पाई है और टाटा मोटर्स दुनिया में बेहतर वाहन बनाने वाली कंपनी में से एक है। आप सब का आने वाला जीवन सुख में हो स्वस्थ रहें और आप सामाजिक कार्यों में अपनी तरफ तत्परता बढ़ाएं ऐसी हम कामना करते हैं। अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह महोदय ने अपने संबोधन में सभी लोगों की स्वास्थ्य की कामना किया और आशा किए कि आप ज्यादा से ज्यादा समय अपने परिवार में दें ताकि उनका जीवन खुशी खुशी व्यतीत हो। जब भी यूनियन की आवश्यकता होगी यूनियन आपके लिए सदैव खड़ा है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अनिल शर्मा ने किया मंच संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया।

## स्वस्थ जीवन शैली अपनायें, लंबा जीवन पायें : डॉ धीरेंद्र

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



नोआमुंडी, पश्चिम सिंहभूम। टाटा स्टील अस्पताल, नोआमुंडी में शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बड़ा जामदा क्षेत्र के डिरिबुरु गांव में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जबकि आवासीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर लोगों को उनके स्वास्थ्य और जीवन शैली की बीमारियों से संबंधित अन्य विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक करने के लिए कई सत्र आयोजित किए गए। स्वास्थ्य शिविर में आसपास के क्षेत्र के करीब 150 ग्रामीणों ने भाग लिया और उनकी जांच की गई। जेआरडीटीटीआई कॉम्प्लेक्स और नॉलेज सेंटर में आयोजित सत्रों में टाटा स्टील के अधिकारी, कर्मचारी और ठेका कर्मचारी शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. धीरेंद्र कुमार, चीफ मेडिकल ऑफिसर, टाटा स्टील अस्पताल, नोआमुंडी ने कहा, वर्षों से, गैर-संचारी रोग मृत्यु और पीड़ा का प्रमुख कारण बन गए हैं। इनमें से आधे से अधिक मौतें हृदय रोग, कैंसर, पुरानी सांस की बीमारी और मधुमेह के कारण होती हैं। इसलिए हमें अपने स्वास्थ्य और जीवन शैली के बारे में अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उपस्थित लोगों को बीमारियों से बचाव के लिए नियमित समय अंतराल में स्वस्थ जीवन शैली, नियमित व्यायाम और स्वास्थ्य की जांच करते रहने की सलाह दी गई।

# दो दिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह आज से

बौद्ध मंदिर मैदान में मिथिला सांस्कृतिक परिषद कर रहा आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो


संवाददाताओं को समारोह के बारे में जानकारी देते सुजीत झा व बबलू झा।

जमशेदपुर। मिथिला सांस्कृतिक परिषद, जमशेदपुर के तत्वावधान में द्विदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का भव्य आयोजन दिनांक 8 और 9 अप्रैल 2023 को बौद्ध मंदिर मैदान (निकट राजेन्द्र विद्यालय), साकची के प्रांगण में किया जा रहा है। आयोजन के हकार (आमंत्रण)को घर घर तक पहुँचाने के लिये विद्यापति रथ प्रस्थान किया जा रहा है, जिससे आयोजन से सम्बंधित सूचना हर घर तक पहुंच सके। रथयात्रा समारोह के अतिथि में के एन मिश्र (पूर्व पुलिस उपाधिक्षक) बिजय खां (पूर्व कांग्रेस, ज़िलाध्यक्ष) सहित समाजसेवी एम सी मधुकर जी शामिल हुए। यह विद्यापति प्रचार रथ शहर के कोने कोने में जाकर सभी मैथिल भाषा भाषियों सहित आमजन को समारोह का हकार (आमंत्रण) देंगे। यह आयोजन संध्या 5 बजे से आरम्भ होकर रात्रि 10 बजे तक चलेगा इस सांस्कृतिक महाकुंभ के दिल्ली से मैथिली के प्रसिद्ध गायक विकास झा और अनामिका झा, दरभंगा से अरविंद सिंह, कंचन पांडेय, पंकज झा, शंकर नाथ झा सहित अनेक स्थानीय कलाकार भी उपस्थित रहेंगे। साथ ही उद्घोषणा एवं हास्य के लिए श्री कृष्णा मिश्रा जी अपनी मनमोहक प्रस्तुति से आप सभी दर्शकों को मनोरंजन करेंगे। समारोह में आनंद मेला का आयोजन किया गया है जिसमे मैथिल खानपान सहित, विभिन्न तरह के अनेक स्टाल रहेंगे। इसबार दोनों दिन आनन्दमेला का आयोजन किया गया है।

आप सभी मैथिली प्रेमियों के लिए अनेक मैथिली किताब, सी डी, केसेट, पाग, मिथिला पेंटिंग सहित अनेकानेक स्टाल रहेंगे। जिससे आप मिथिला की पारंपरिक समान खरीद पायेंगे। आइये और इस भव्य सांस्कृतिक महाकुम्भ को अपनी गरिमामयी उपास्थिति से और भव्य मनाइए और सपरिवार गीत संगीत नृत्य सहित मिथिला के पारंपरिक व्यंजन का आनंद उठाइए।

## सीतारामडेरा गुरुद्वारा के पूर्व सचिव मोहन सिंह संधू का निधन



जमशेदपुर। लंबे समय से बीमार चल रहे सीतारामडेरा गुरुद्वारा के पूर्व सचिव मोहन सिंह संधु का शुक्रवार की शाम टाटा मोटर्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। 80 वर्षीय मोहन सिंह संधू ने देर शाम अपनी अंतिम सांस ली। उनकी मृत्यु की खबर सुन सिख समाज मे शोक की लहर है। शनिवार की सुबह सीतारामडेरा आवास से मानगो स्वर्णरेखा घाट में उनके शरीर को ले जाया जाएगा।

# धैर्य, निरंतर प्रयास और लचीला होने से मिलती है बिजनेस में सफलता : हर्ष मरीवाला

एक्सएलआरआई में सीएक्सओ सीरीज इंटरेक्शन संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

### हर्ष मारीवाला को जानिए



हर्ष सी. मारीवाला इसके अध्यक्ष के रूप में मैरिको लिमिटेड (मैरिको) का नेतृत्व करते हैं। पिछले तीन दशकों में, उन्होंने सौंदर्य और कल्याण के क्षेत्र में एक पारंपरिक वस्तु-संचालित व्यवसाय को एक प्रमुख उपभोक्ता उत्पाद कंपनी में बदल दिया है। मैरिको दूसरों के बीच पैराशूट एडवांस्ड, सफोला, मेडिकर, रिवाइव, सेटवेट और लिवोन जैसे प्रमुख ब्रांडों का विपणन करती है। आज तीन में से एक भारतीय मैरिको का उपभोक्ता है। मैरिको ने एशिया और अफ्रीका में अपने विदेशी बाजारों में मजबूत उपभोक्ता फ्रेंचाइजी भी स्थापित की हैं। नवाचार के लिए हर्ष के जुनून ने उन्हें 2003 में मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन स्थापित करने के लिए उत्साहित किया जो भारत में नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। अपनी व्यक्तिगत सामाजिक जिम्मेदारी की अभिव्यक्ति के रूप में, 2012 में, उन्होंने एसेंट फाउंडेशन - एक्सेलेरेटिंग द स्केलिंग अप ऑफ एंटरप्राइज - एक पीयर-लर्निंग एंटरप्रेन्योरियल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। वह काया लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक भी हैं। शार्प वेंचर्स हर्ष मारीवाला परिवार का फैमिली ऑफिस है। उन्होंने समाज को वापस देने के परोपकारी उद्देश्य के साथ 2015 में मारीवाला हेल्थ इनिशिएटिव (एमएचआई) की भी स्थापना की। उन्हें हाल ही में भारत के लिए ई वाई एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवार्ड 2020 से सम्मानित किया गया, जो उद्यमियों के लिए दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित बिजनेस अवार्ड है।

जमशेदपुर। एक्सएलआरआई पीजीडीएम (जीएम) मे हर्ष मारीवाला के साथ सीएक्सओ सीरीज इंटरेक्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शांतनु, एक्सएलआरआई जमशेदपुर के उद्घाटन भाषण से हुई, जिन्होंने अतिथि वक्ता हर्ष मारीवाला के साथ प्रोफेसर संजय पात्रो-डीन-एकेडमिक्स और मार्केटिंग के प्रोफेसर, और एक्सएलआरआई के प्रोफेसर्स का स्वागत किया। सत्र के अतिथि हर्ष मारीवाला थे, जो मैरिको के अध्यक्ष हैं। हर्ष मारीवाला ने इस बात की जानकारी दी कि कैसे कंपनियां राइट टू विन बनाती हैं। उन्होंने इस बारे में बात की कि सीखने की इच्छा होना और किसी से भी सीखने के लिए उच्च स्तर की जिज्ञासा दिखाना कितना महत्वपूर्ण है क्योंकि सीखना सबसे निचले स्तर से आता है और वे आपको सबसे अच्छी सलाह देते हैं जो आपको बढ़ने में मदद करती है। और अगर आप सफल होना चाहते हैं तो आपको धैर्यवान, निरंतर और लचीला होना होगा। हर्ष उपभोक्ता अंर्तदष्टि में बहुत विश्वास करते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि आपको उपभोक्ताओं के दिमाग में गहराई तक जाने की जरूरत है और उपभोक्ताओं के दिमाग में मौजूद चीजों का पता लगाना होगा क्योंकि यह किसी भी व्यवसाय को बेहतर बनाने की कुंजी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्रांड/व्यवसाय को सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर नवाचार पर चलना चाहिए और इसे आपकी संस्कृति में शामिल किया जाना चाहिए। संस्कृति को रणनीति के साथ मिलकर काम करना चाहिए और संस्कृति विश्वास और कार्यबल को सशक्त बनाने पर आधारित है। यदि रणनीति मजबूत है और संस्कृति कमजोर है तो वह काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि नवोन्मेष के लिए सबसे बड़ी बाधा असफलता का डर है और अगर संगठन में लोग जोखिम उठाना बंद कर देंगे तो नवोन्मेष नहीं होगा। उन्होंने व्यक्तिगत नवाचार को बढ़ावा देने के बजाय टीम नवाचार पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया।

## खबर एक नजर में

### बीएनएमएच का नि:शुल्क हेल्थ चेक अप कैंप आयोजित



जमशेदपुर। शुक्रवार की सुबह कदमा सोनारी लिंक रोड पर स्थित जॉगर्स पार्क, फिटनेस जोन के समीप वर्ल्ड हेल्थ डे के 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल (बीएनएमएच) द्वारा एक नि:शुल्क हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 100 से भी ज्यादा लोगों की नि:शुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन एवं बीएमआई की जांच की गई। मौके पर उपस्थित डायबिटीज रोग विशेषज्ञ डॉ कल्याण कुमार ने बताया कि इस वर्ष का थीम सभी के लिए स्वास्थ्य है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को अपने कार्य को अच्छे से करना चाहिए एवं अपने दिनचर्या में सक्रिय और खुश रहना चाहिए ताकि हम बीमारियों से मुक्त रहकर जी सकें। फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने बताया कि हमें अपने आसपास के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना चाहिए और प्रीवेंटिव हेल्थ चेक अप पर ध्यान देना चाहिए। इस तरह के आयोजन से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलती है।

### पातकोम दिशोम मांझी पारगाना 21वां वार्षिक सम्मेलन का हुआ शुभारंभ


सम्मेलन का शुभारंभ करते श्यामल मार्डी एवं आदिवासी समाज के लोग।

चांडिल। शुक्रवार को पातकोम दिशोम मांझी पारगाना माहाल द्वारा 21 वां तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का शुभारंभ पातकोम दिशोम देश पारगाना के रामेश्वर बेसरा ने वीर शहीद बाबा तिलका मांझी, सिद्धू कानू, चांद भैरव, फूलो झानो, भगवान बिरसा मुंडा, अल गुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू, एवं पूर्व पातकोम दिशोम देश पारगाना स्वर्गीय नकुल बेसरा के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया। कार्यक्रम में चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से आतु मांझी बाबा, नाईके बाबा, गड़ेत, भर्द, पारानिक एवं माहाल महासचिव श्यामल मार्डी, गुरुचरण किस्कू, सुधीर किस्कू, कुनाराम सोरेन, नेपाल बेसरा, सुनील मार्डी, कन्हाई लाल मार्डी, हाराधन मार्डी, संजीव टुडू, हपना मार्डी, राधारानी हेम्ब्रम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पोटका : शिक्षा मंत्री के निधन पर सहायक अध्यापकों ने की शोक सभा



पोटका। हाता स्थित रामगढ़ आश्रम स्कूल परिसर में शिक्षा मंत्री टाइगर जगन्नाथ महतो के असामयिक निधन से उनकी आत्मा की शांति के लिए पोटका अंचल के सहायक अध्यापकों ने शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जितेंद्र गोप ने की। प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र गोप ने स्व मंत्री के कार्यकाल में पारा शिक्षक को जो सम्मान मिला उसे कभी भुलाया नही जा सकता। इनके असमय चले जाने से हम सब बहुत दुखित हैं। इसके अलावा अन्य शिक्षकों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके बाद शोक संदेश मे दिवंगत आत्मा की शाति एवं परिवार जनों को इस असीम दुख की घड़ी में ईश्वर से दुख सहने की क्षमता देने की कामना की। शोक सभा में शिक्षक अर्धेंदु गोप,गौरांग महाकुर,दुलाल दास, रीना भट्टामिश्र, कृष्ण सिंह सरदार, श्रीमंत पांडेय,श्यामल सरकार,पलाश रजक सहित काफी संख्या में सहायक अध्यापक मौजूद थे।

### माताजी आश्रम में भाजपा ने चलाया सफाई अभियान



पोटका। भाजयुमो जमशेदपुर महानगर जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल के निर्देश पर धार्मिक संस्था माताजी आश्रम हाता में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मेनका सरदार, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष गणेश सरदार, जिला परिषद सदस्य सविता सरदार, अनुसूचित जन जाति मोर्चा के मनोज सरदार, महावीर महतो, यदुपति गोप, जमीला डे, घसीराम सरदार, राजा नंदी, राहुल रॉय आदि उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित नेताओ ने माताजी आश्रम परिसर में फैले गंदगी को साफ सफाई किया। पूरे परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई किया गया।

### एमएस पैरामेडिकल में हेल्थ जांच शिविर संपन्न



जमशेदपुर। एमएस पैरा मेडिकल्स में एक दिवसीय हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन शुक्रवार को किया गया। संस्थान के डायरेक्टर खालिद इकबाल ने अपने विचार विमर्श में कहा कि हम हर एक के अच्छे स्वास्थ के लिए प्रार्थना करते हैं और उन सभी हेल्थ वर्कर और योद्धाओं के प्रति अपनी गहरी कृत्यगयता व्यक्त करते है और डॉक्टर जाहिद तहसीन ने हेल्थ जागरूकता में डेली रूटीन जांच में यूरिक एसिड, बीपी, कोलेस्ट्रॉल, योग करने पर जोर दिया। प्रिंसिपल मेहरून निशा रूमी ने चलना, साइकिल चलाना, हाथ पैर को क्रॉस करना, रस्सी कूदना करने की टिप्स दी। सना परवीन ने अपने स्पीच में बताया कि महिलाएं रोजाना 20 मिनट धूप में बिताए और सलाद और फल का ज्यादा से ज्यादा सेवन करे। अफसाना खातून को सर्वोत्तम जागरूकता पेश करने के लिए पुरस्कार दिया गया।

### भाजयुमो बिष्टुपुर ने चलाया स्वच्छता अभियान



जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के द्वारा 5 अप्रैल से 16 अप्रैल तक पूरे झारखंड में सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मना रही ह। इसी मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा बिस्टुपुर मंडल के द्वारा मंडल अध्यक्ष राम महानंद के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान बिस्टुपुर सब्जी मार्केट मैं चलाया गया। कार्यक्रम में भाजयुमो बिष्टुपुर मंडल के प्रभारी पिंटू कुमार साह ने कहा कि जिस प्रकार मोदी जी ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया है। इस मौके पर बिष्टुपुर मंडल के मंत्री बबलू नायक, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष बृजेश सोनकर महामंत्री संजय कुमार नाग पिनाकी ठक्कर आनंद कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री जी की पुण्यतिथि मनाई गई



जमशेदपुर। शुक्रवार को सोनारी बी-7 वृंदावन गार्डन आवास पर संस्कृत और हिन्दी के महाकवि आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री जी की बारहवीं पुण्यतिथि मनाई गई। वरिष्ठ साहित्यकार सह असिस्टेंट प्रोफेसर डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन डॉ अरुण सज्जन ने अपने उद्बोधन में आचार्य को छायावोदोत्तर हिन्दी कविता के शीर्ष महाकवि के रूप में स्मरण करते हुए कहा कि आचार्य के गीतों में मानवीय संवेदना की जो अन्तर्वेदना सुनाई पड़ती है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। समारोह में उपस्थित साहित्यकारों ने आचार्य शास्त्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की जिनमें डॉ.जूही समर्पिता, इन्दिरा पांडेय,मधु सिंह, अरुणा झा,किरण सज्जन आदि सम्मिलित थीं।

# टीएसपीसी के कहने पर कई जगह गोलीबारी की घटना को दिया है अंजाम

## जेल में रहकर कुख्यात अपराधी अमन साव अपने सहयोगी हरि तिवारी एवं आशीष साव के साथ मिलकर अपने गिरोह को चला रहा है



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने इस गिरोह के विरुद्ध एक विशेष टीम गठन कर छापामारी की गई। जिसमें अमन साव गिरोह के निक्की यादव उर्फ अकाश यादव अपने सहयोगियों के साथ नीलाम्बर पीताम्बर के पास दबोच लिया गया। पुलिस के द्वारा दोनों अपराधियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि कुख्यात अपराधकर्मी अमन साहू, हरि तिवारी, सुजीत सिन्हा, योगेश्वर महतो, आशीष साव झारखंड के विभिन्न जिलों में बंद है एवं जेल से ही अपने गिरोह का संचालन कर रहे हैं और अपने गुर्गो के माध्यम से अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिलवा रहे हैं।

**निक्की यादव उर्फ अकाश यादव लातेहार एवं चतरा जिले में अमन साहू का मुख्य संचालक है :** इस गिरोह में अब तक छह अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पकड़ाये दोनों अपराध कर्मी अमन साहू गिरोह के सक्रिय सदस्य है। निक्की यादव उर्फ अकाश यादव लातेहार एवं चतरा जिले में अमन साहू का मुख्य संचालक है। इस गिरोह के द्वारा हाल में ही लातेहार के रेलवे स्टेशन रोड में गोलीबारी की घटना, नावागढ़ स्थित प्रदीप पासवान के घर में गोलीबारी की घटना, बालूमाथ थाना अंतर्गत रेलवे थर्ड लाइन में हो रहे निर्माण कार्य में लगातार रंगदारी की मांग की जा रही थी। परंतु रंगदारी नहीं देने पर निर्माण स्थल पर जाकर जान से मारने की नियत से गोलीबारी की घटना को अंजाम दिए थे।

**अमन साहू गिरोह के लोग टीएसपीसी संगठन के कहने पर कई जगह गोलीबारी की घटना को दिया है अंजाम :** एसपी ने आगे बताया कि पूछताछ में यह भी ज्ञात हुआ है कि इस गिरोह का प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के विराज जी एवं डब्लू यादव से संपर्क है और अमन साहू गिरोह के लोग टीएसपीसी संगठन के कहने पर कई जगह गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। इस गिरोह के द्वारा टीएसपीसी उग्रवादी सब जोनल कमांडर विराज जी के कहने पर अपने सहयोगियों के माध्यम से बरवाडीह थाना अंतर्गत एकल विद्यालय में गोलीबारी की घटना का अंजाम दिए थे। टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर कुलदीप मेहता उर्फ विकेश जी के जेल चले जाने के कारण निक्की यादव के द्वारा टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर डब्ल्यू यादव के कहने पर विकेश जी के नाम से रंगदारी की राशि की मांग कर रहा है और कई जगह से रंगदारी की राशि प्राप्त किए हैं। वहीं टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर डब्लू यादव के कहने पर इस गिरोह के द्वारा मनिका थाना अंतर्गत तुम्बागड़ा छिपादोहर मार्ग में हो रहे हैं निर्माण कार्य में लगे मशीनों में आगजनी की घटना को अंजाम दिए थे।

### निक्की यादव पर 16 मामले व दीपक उरांव पर पांच मामले दर्ज हैं

एसपी ने आगे बताया कि अमन साहू, हरि तिवारी, आशीष साहू,सुजीत सिन्हा, योगेश्वर महतो एवं पकड़ाये निक्की यादव व दीपक उरांव अपराध कर्मी के विरुद्ध तकनीकी शाखा एवं पुलिस के पास इनके अपराध करने के विरोध में पुख्ता सबूत है। इन दोनों अपराध कर्मियों के अपराधिक मामला लातेहार, चतरा और रामगढ़ थानों में निक्की यादव पर 16 मामले एवं दीपक उरांव पर पांच मामले 17 सीएलएक्ट के तहत मामला दर्ज है।

### छापामारी अभियान में शामिल पुलिस पदाधिकारी

लातेहार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी, चंदवा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, लातेहार पुलिस निरीक्षक बबलू कुमार, लातेहार थान पुअनि धर्मेंद्र कुमार महतो, लातेहार थाना पुअनि रोहित कुमार महतो, लातेहार थाना पुअनि कुमार सुमित यादव, लातेहार थाना पुअनि राकेश कुमार राम, लातेहार थाना पुअनि राज रौशन सिन्हा, लातेहार थाना पुअनि देवनंदन कुमार, चंदवा थाना पुअनि सुनील टूटी,चंदवा थाना सअनि अरविंद कुमार सिंह, लातेहार थाना एवं चंदवा थाना सशस्त्र बल एवं सैट 1 के जवान शामिल थे।

# लोहा चोरी कर ले जा रहा पिकअप धराया, 10 क्विंटल लोहा जब्त



बरामद पिकअप।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अभियान पर निकली चंदवा पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के चकला सदबार गांव के पास से लगभग 10 क्विंटल अवैध लोहा लदी एक पिकअप जेएच19सी 8473 को पकड़ने में सफल रही। इस दौरान पुलिस को देखते ही लोहा चोर भागने में सफल रहे। जिसके बाद पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि उक्त लोहा को चकला के अभिजीत प्लांट से चोरी कर लाया जा रहा था।

## भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सदर अस्पताल में की सेवा

# मरीजों के बीच किया फल का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी के 44 वे स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा लातेहार के द्वारा सदर अस्पताल में जरूरतमंदों एवं मरीजों के बीच फल सामग्रियां वितरित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष महताब आलम ने किया।

इस अवसर पर लातेहार भाजपा की पूरी टीम सदर अस्पताल में मरीजों के बीच पहुंची एवं उनका हाल जाना तथा उन्हें फल सामग्रियां उपलब्ध कराई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष सह मनिका विधानसभा के पूर्व विधायक हरिकृष्ण एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष राजधानी प्रसाद यादव मौजूद रहे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष महताब आलम ने कहा कि भारतीय जनता का एकमात्र उद्देश्य देश एवं देश की जनता का बिना भेदभाव सेवा करना है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से पिछड़े गरीब जरूरतमंद की आंखों में खुशी की लहर होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी के लिए सुलभ और सहज हेल्थ केयर उपलब्ध कराया। सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, इसके लिए मोदी सरकार ने ना केवल स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया है।

बल्कि महंगी दवाइयों और चिकित्सा के खर्च को भी कम किया है। उन्होंने आगे कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क पांच लाख तक मरीजों को उपचार किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री पंकज सिंह, बंसी यादव, राजीव रंजन पांडे, रामदेव सिंह, मो. शमीम, मुकेश पांडे, राम देव सिंह, शाहबाज खान, मो. सिराजुद्दीन, फिरोज आलम, मंसूर खान, आनंद सिंह, प्रमोद कुमार, रितेश कुमार (निक्कू) राजन तिवारी एवं अन्य उपस्थित थे।



फल वितरण करते भाजपा कार्यकर्ता ।

## एक नजर में

### गुड फ्राइडे पर खीस्तीय विश्वासियों ने प्रभु यीशु की वेदना को किया याद, निकाली क्रूस यात्रा



प्रभु यीशु की वेदना को याद करते मसीही समुदाय के लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** ईसाई समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को गुड फ्राइडे का त्योहार सादगीपूर्ण से मनाया। मसीही समुदाय के लोग इसे पुण्य का शुक्रवार मानते हैं क्योंकि इस दिन प्रभु यीशु को क्रूस पर लटकाया गया था। इस मौके पर संत कॉन्वेंट परिसर से क्रूस यात्रा निकाली गयी। जो चर्च परिसर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान 14 स्थानों पर प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इसके बाद फादर वासिल डुंगडुंग की अगुवाई में चर्च परिसर में मिस्सा पूजा अनुष्ठान किया गया। जिसमे फादर एमानुएल केरकेट्टा, फादर अल्फोंस, फादर जोसेज व फादर प्रदीप पन्ना ने उनका साथ दिया।

# अवैध तरीके से संचालित हो रहे ईंट भट्ठों पर कार्रवाई की मांग

## ट्वीट : कर्मचारियों की दिक्कत है तो ग्रामीणों को ही दें सत्यापन करने का कार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जिले में संचालित कई ऐसे ईंट भठ्ठे हैं जो कि अवैध तरीके से संचालित हो रहे हैं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इस संबंध में विगत 26 मार्च को ट्वीट कर लातेहार सदर प्रखंड के सासंग, नेवाड़ी, पतरातु, आरागुंडी पंचायत समेत जिले भर में करवाई की मांग की थी। दस दिनों के बाद भी किसी तरह की करवाई नही होने पर प्रतुल ने इसे प्रशासनिक विफलता बताया। प्रतुल ने पुनः ट्वीट करते हुए लातेहार डीसी से कहा कि बिना प्रदूषण सर्टिफिकेट के चल रहे ईंट भठ्ठे के खिलाफ करवाई करने का आग्रह किया। प्रतुल ने कहा की यदि जिले में अफसरों और कर्मचारियों की कमी है तो ग्रामीणों को ही इन भठ्ठों के सत्यापन करने की अनुमति दे। आखिर प्रदूषण फैलने से और मिट्टी के अवैध कटाव से सबसे ज्यादा प्रभावित ग्रामीण ही होते हैं। प्रतुल ने कहा की इन अवैध भठ्ठों के संचालन से सरकार को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।बता दे कि प्रतुल शाहदेव ने बीते 26 मार्च को ट्वीट कर मासियातु, सेरक,माल्हन सासंग, नेवाड़ी, पतरातु, आरागुंडी समेत कई जगहों में चल रहे ईंट भठ्ठे बिना प्रदूषण सर्टिफिकेट और अवैध कोयला की खपत जैसे मामलों को उठाते हुए कार्रवाई की मांग की थीं।



प्रतुल नाथ शाहदेव।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



मौके पर मौजूद लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा पंचायत स्थित मुरपा बगीचा में बिजली विभाग द्वारा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने फीता काटकर किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने बताया कि उक्त ट्रांसफार्मर पिछले 15 दिनों से खराब था। जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा लगातार ट्रांसफर बदलने की मांग की जा रही थी।

### एक माह से ट्रांसफार्मर जला है, अंधेरे में रहने को विवश हैं ग्रामीण

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा पंचायत स्तिथ जीपुआ ग्राम में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण लोग अंधेरे में रहने को विवश है । इस संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया 25 केवीए के ट्रांसफार्मर से 70 कनेक्शन धारी हैं। जिसमे लगभग ग्रामीणों द्वारा ससमय पर बिजली बिल का भुगतान किया जाता है। बीते एक माह पूर्व ट्रांसफार्मर जल गया था। जिसे बिजली। विभाग द्वारा बदला नही जा रहा है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा की हम सभी ग्रामीण अगर बिल नहीं भरें तो कनेक्शन काट दिया जाता है और केस दर्ज कर दिया जाता है। लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं रहने के कारण पिछले एक माह से हम लोग अंधेरे में हैं।

### आजादी के 75वें अमृत काल में युवक एवं युवतियों का सम्मान कार्यक्रम हुआ संपन्न



सम्मान समारोह में शामिल लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा ग्रामीण मंडल लातेहार के अध्यक्ष हरमोहन सिंह के अध्यक्षता में आजादी के 75 में अमृत काल में युवक एवं युवतियों का सम्मान कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रमंडलीय प्रभारी अवधेश सिंह चेरो उपस्थित थे। उक्त अवसर पर जनजातीय क्षेत्र में सामाजिक योगदान एवं खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय खिलाड़ियों को अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। वहीं सम्मानित होने वालों में सोमनाथ उरांव राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी, सुनीता कुमारी वॉलीबॉल राष्ट्रीय खिलाड़ी, भरत प्रसाद गुप्ता, वॉलीबॉल कोच सह राष्ट्रीय खिलाड़ी, रमेश उरांव, जनजातीय क्षेत्र में सराहनीय योगदान, कमलेश उरांव, जनजातीय क्षेत्र में सराहनीय योगदान रहा।

# देश, समाज व राजनीति में अचानक अपूरणीय क्षति हुई है : शशि भूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** राज्य के शिक्षा मंत्री टाइगर जगरनाथ महतो के निधन पर पूरे देश के राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। जगह- जगह श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन कर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी जा रही है। इसी बीच झारखण्ड मुक्ति मोर्चा बरवाडीह प्रखण्ड कमेटी के द्वारा शुक्रवार को प्रखण्ड के बेतला में शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यकताओं ने उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



श्रद्धांजलि अर्पित करते जेएमएम कार्यकर्ता।

## बीआरपी-सीआरपी संघ ने जताया शोक

**चंदवा।** प्रखंड संसाधन केंद्र चंदवा के परिसर में सुबे के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीआरपी-सीआरपी संघ के जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार ने गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा मंत्री कोरोना काल के बाद अस्वस्थ होने के बावजूद भी शिक्षा, शिक्षक एवं शिक्षा विभाग से जुड़े अन्य कर्मचारियों के लिए हमेशा समर्पण के भाव से काम करते रहे। लोगों के बीच टाइगर के नाम से मशहूर सुबे के शिक्षा मंत्री के असमय निधन होने के कारण शिक्षा विभाग ने भी अपना एक अभिभावक खो दिया। वक्ताओं ने कहा कि तबीयत खराब होने के बाद भी उन्होंने शिक्षा विभाग से जुड़े दो महत्वपूर्ण फैसले लिए, सीआरपी- बीआरपी के मानदेय में वृद्धि एवं सहायक शिक्षकों को पीएफ देने की बात को लेकर महत्वपूर्ण फैसला लिया था।सुबे के शिक्षा मंत्री लगातार राज्य में सरकार के द्वारा शिक्षा विभाग के लिए चलाए जा रहे योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कृत संकल्पित रहते थे। शोक सभा के उपरांत 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया। इस अवसर पर दीपक कुमार, धनंजय कुमार, शिव शंकर कुमार, समेत सभी संकुल साधन सेवी एवं प्रखंड साधन सेवी मौजूद थे।

# नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ और मारपीट के मामले के दो आरोपी गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** थाना क्षेत्र के खुरा पंचायत के लंका ग्राम में 25 मार्च को गांव की एक नाबालिग लड़की के साथ कुछ युवकों के द्वारा छेड़खानी करने की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसका परिजनों के द्वारा विरोध करने पर युवकों ने मारपीट भी की थी। जिसके बाद पीड़ित परिवार के द्वारा थाने पहुंचकर छेड़छाड़ और मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। वही थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह के द्वारा पूरे घटना की सत्यता की जांच करने के बाद मामले में संलिप्त आरोपी युवकों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उन पर धारा 341/ 323 /325/ 334ऊ/34 / 8 पोस्को एक्ट की धाराएं लगाई गई थी। जिसके बाद मामले के आरोपी दो युवक अनुज सिंह, पिता लल्लू सिंह और नेपाली सिंह, पिता मुन्ना सिंह को ग्राम बभनडीह से गिरफ्तार करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं थाना प्रभारी श्री निवास सिंह ने बताया कि मामले में अन्य युवकों को भी जल्द गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी उनके खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

# केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस ने किया जय भारत सत्याग्रह

## अडाणी और प्रधानमंत्री के घोटाले का पर्दाफाश करेगी कांग्रेस : नसीम अंसारी

## इस देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना गुनाह हो गया है : रविंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** केंद्र की भाजपा सरकार के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत अंबेडकर चौक पर प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता की अध्यक्षता में जय भारत सत्याग्रह का आयोजन किया।

कार्यक्रम में वरिष्ट नेता अनिल सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह और प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम सहित कई कांग्रेसी शामिल हुए। जहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रविंद्र राम ने कहा कि देश के लोकप्रिय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में देश की जनता ने उन्हें जो प्यार और सम्मान दिया। इसे देख मोदी सरकार बौखला गई है। अपनी कुर्सी पर खतरा मंडराता देख मोदी सरकार ने राहुल जी को झूठे मानहानि के मुकदमे में फंसा दिया और उनकी लोकसभा सदस्यता समाप्त करा दी गई, ताकि देश के नेता राहुल गांधी लोकसभा में देश की बातो को जनता तक नहीं रख सकें। वहीं वरिष्ट नेता अनिल सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने लोकसभा में लगातार नरेन्द्र मोदी और अडाणी की मिलीभगत से किए गए भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा रहे थे। इसलिए उनकी आवाज को दबाने के लिए जल्दबाजी में लोकसभा से उनकी सदस्यता समाप्त करने का फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि आम जनता के लिये उठाये मुद्दों पर बात करने की बजाए केन्द्र सरकार लगातार विपक्षी नेताओं की आवाज दबाने हेतु संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर रही है। वहीं बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अडाणी और प्रधानमंत्री के घोटाले का पदार्फाश करेगी। हम इसके लिए हम सब सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन करेंगे।

**शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो को दी गई श्रद्धांजलि :** सत्याग्रह के पूर्व कांग्रेस नेताओं ने शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन पर दो मिनट का मौन धारण उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, संजीव श्रीवास्तव, राहुल गुप्ता, सुरेश मिश्रा, विशुन राम, जयप्रकाश रजक, प्रेम कुमार अधूरा सहित कई वक्ताओं ने संबोधित करते हुए देश को राहुल गांधी के साथ आने का आह्वान किया। मौके पर कई रिकी गुप्ता, अजीत गुप्ता, संजय यादव, संजीव कुमार, अकरम अंसारी, मनोज पासवान, अनिल कुमार, आलोक सिंह, दिलावर अंसारी, अखिलेश यादव, समसुल अंसारी, एनामुल अंसारी और सईद अंसारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि देते झामुमों कार्यकर्ता ।

**बालूमाथ।** राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के असामयिक निधन पर झामुमो प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव समेत पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया।

## सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी की बैठक संपन्न

**लातेहार।** सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक अमल दास के निदेर्शानुसार आज लातेहार जिला के बालूमाथ प्रखण्ड के मुरपा पंचायत के जिपवा गाव मे जिला प्रभारी राजू सिंह के संचालन व अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुआ। वहां उपस्थित सभी पंचायत प्रभारी को अमरीता उरांव ने बताया की आज हमारे संस्था झारखंड के साथ-साथ बिहार एवं उत्तर प्रदेश में भी कार्य कर रही हैं। संस्था के मुख्य उद्देश्य गरीब एवम असहाय लोगों को मदद करना एवं संस्था के सदस्य को जिला हर घर तक पहुंचना है। आगे बताया की संस्था महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए संस्था की ओर से मोमबत्ती, अगरवत्ती, सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटीशियन, मशरूम, पापड़, आदि प्रशिक्षण दिलाया जाता है।




## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 | +1.358 |
| गुजरात | 2 | 2 | 0 | 4 | +0.700 |
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 | +0.333 |
| कोलकाता | 2 | 1 | 1 | 2 | +2.056 |
| राजस्थान | 2 | 1 | 1 | 2 | +1.675 |
| चेन्नई | 2 | 1 | 1 | 2 | +0.036 |
| बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 2 | +1.981 |
| दिल्ली | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.703 |
| मुंबई | 1 | 0 | 1 | 0 | -1.981 |
| हैदराबाद | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.867 |

**पर्पल कैप**



मार्क वुड
लखनऊ
विकेट: 08

**औरेंज कैप**



गायकवाड
चेन्नई
रन: 149

## स्कोर कार्ड

**हैदराबाद : 121/8 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अनमोल एलबीडब्ल्यू बो. क्रुणाल | 31 | 26 | 3/1 |
| मयंक कै. मार्कस बो. क्रुणाल | 08 | 07 | 1/0 |
| राहुल कै. अमित बो. ठाकुर | 34 | 41 | 4/0 |
| एडन मार्करम बो. क्रुणाल | 00 | 01 | 0/0 |
| हैरी ब्रूक स्टंप पूरन बो. बिश्नोई | 03 | 04 | 0/0 |
| सुंदर कै. दीपक बो. अमित | 16 | 28 | 0/0 |
| अब्दुल नाबाद | 21 | 10 | 1/2 |
| रशीद कै. हूडा बो. अमित | 04 | 03 | 1/0 |
| उमरान रन आउट दीपक/जयदेव | 00 | 00 | 0/0 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |

अतिरिक्त : 04

विकेट पतन: 1-21, 2-50, 3-50, 4-55, 5-94, 6-104, 7-108, 8-109

गेंदबाज : काईल मेयर्स : 1-0-05-0, जयदेव उनादकट: 3-0-26-0, क्रुणाल पंड्या : 4-0-18-3, याश ठाकुर : 3-0-23-1, रवि बिश्नोई : 4-0-16-1, दीपक हूडा : 1-0-08-0, अमित मिश्रा : 4-0-23-2.

**लखनऊ : 127/5 (16 ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| काईल कै. मयंक बो. फारूकी | 13 | 14 | 2/0 |
| लोकेश राहुल एलबीडब्ल्यू रशीद | 35 | 31 | 4/0 |
| दीपक हूडा कै. बो. भुवनेश्वर | 07 | 08 | 0/1 |
| क्रुणाल कै. सिंह बो. मलिक | 34 | 23 | 4/1 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 10 | 13 | 2/0 |
| रोमारियो एलबीडब्ल्यू रशीद | 00 | 00 | 0/0 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 11 | 06 | 1/1 |

अतिरिक्त :17

विकेट पतन: 1-35, 2-45, 3-100, 4-114, 5-114

गेंदबाज: भुवनेश्वर कुमार : 2-0-19-1, वॉशिंगटन सुंदर : 1- 0-11-0, फजलहक फारूकी : 3-0-13-1, एडन मार्करम : 2-0-14-0, आदिल रशीद : 3-0-23-2, टी नटराजन : 3-0-23-0, उमरान मलिक : 2-0-22-1

# लखनऊ की घर में दूसरी जीत : हैदराबाद को 5 विकेट से हराया

## क्रुणाल पंड्या का दोहरा प्रदर्शन, राहुल ने बनाये 35 रन




**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स ने आईपीएल के 10वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराया। इस जीत के साथ राहुल के नेतृत्व वाली लखनऊ की टीम अंकतालिका में पहले स्थान पर पहुंच गयी है। होमग्राउंड पर यह लखनऊ की लगातार दूसरी जीत हासिल की है। इससे पहले इकाना स्टेडियम में लखनऊ ने दिल्ली कैपिटल्स को हराया था। हैदराबाद की टूर्नामेंट में लगातार दूसरी हार है। पिछले मैच में उसे राजस्थान रॉयल्स ने हराया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 121 रन ही बना सकी। इसके जवाब में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 16 ओवर में 5 विकेट खोकर ये लक्ष्य हासिल कर लिया। लखनऊ के लिए मैच का समापन निकोलस पूरन ने छक्के के साथ किया। उन्होंने 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर नटराजन को छक्का मारा। वह छह गेंद पर 11 रन बनाकर नाबाद रहे। मार्कस स्टोइनिस ने 13 गेंद पर नाबाद 10 रन बनाये। लखनऊ की ओर से कप्तान केएल राहुल ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। हैदराबाद के लिए आदिल रशीद ने सर्वाधिक दो विकेट लिए। भुवनेश्वर कुमार, फजहलहक फारूकी और उमरान मलिक को एक-एक सफलता मिली।

हैदराबाद द्वारा मिले 122 रनों का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स को 35 के स्कोर पर काइल मेयर्स के रूप में पहला झटका लगा। मेयर्स 14 गेंद में 13 रन बनाकर पवेलियन लौटे। दीपक हुड्डा कुछ देर बाद 7 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद राहुल और क्रुणाल ने तीसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की। क्रुणाल 34 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद आदिल रशीद ने एक ही ओवर में दो विकेट लेकर लखनऊ के पांच विकेट गिरा दिए। कप्तान केएल राहुल ने 31 गेंद में 35 रन बनाये। मार्कस स्टायनिश (9) और निकोलस पूरन (11) ने टीम को जीत दिलायी।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**सनराइजर्स हैदराबाद:** मयंक अग्रवाल, अनमोलप्रीत सिंह (विकेटकीपर), राहुल त्रिपाठी, एडेन मार्करम (कप्तान), हैरी ब्रुक, वाशिंगटन सुंदर, अब्दुल समद, भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, उमरान मलिक, आदिल राशिद।

**लखनऊ सुपर जाएंट्स:** केएल राहुल (कप्तान), कायेल मेयर्स, दीपक हुड्डा, मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पांड्या, अमित मिश्रा, यश ठाकुर, जयदेव उनादकट, रवि बिश्नोई।

सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 121 रन बनाए। बीच के ओवरों में सनराइजर्स हैदराबाद ने विकेट गंवाने के साथ रन भी कम बनाए। टीम के लिए राहुल त्रिपाठी ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। लखनऊ के लिए क्रुणाल ने तीन विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की शुरूआत ठीक रही। टीम ने पावरप्ले में सिर्फ एक विकेट गंवाया था। लेकिन पावरप्ले के खत्म होने के बाद टीम ने तीन ओवर के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। मयंक अग्रवाल 7 गेंद में 8 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अनमोलप्रीत सिंह ने 26 गेंद में 31 रन की पारी खेली। इसके बाद आईपीएल 2023 में अपना पहला मैच खेल रहे सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडन मार्करम पहली गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। क्रुणाल पांड्या ने अपने तीसरे ओवर में दो विकेट झटके। इसके बाद 51 गेंद में सुंदर और त्रिपाठी के बीच पांचवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी भी हुई।

# मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों से एमएस धोनी ने की मुलाकात, आज दोनों के बीच होगी टक्कर

**एजेंसी**

**मुंबई।** रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला खेला जायेगा। इस मैच के लिए दोनों टीमें मुंबई पहुंच चुकी है, टीमों का प्रैक्टिस सेशन भी शुरू हो गया है। महेंद्र सिंह धोनी को लेकर भी मुंबई के फैंस में जमकर क्रेज देखा जा रहा है। इस बीच धोनी ने मुंबई पहुंचकर मुंबई इंडियंस टीम के खिलाड़ियों से भी मुलाकात की है।

**मुकाबला कड़ा होने की उम्मीद :** मुंबई की तरह चेन्नई सुपर किंग्स भी पहला मुकाबला गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार गई थी। हालांकि धोनी की टीम ने दूसरे मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की थी। ऐसे में रोहित और धोनी की टीमों के बीच होने वाला यह मुकाबला दिलचस्प होने की पूरी उम्मीद है। क्योंकि मुंबई जहां जीत की राह पर लौटना चाहेगी, वहीं चेन्नई अपनी लय बरकारर रखना चाहेगी।



### आज का मैच

| राजस्थान बनाम दिल्ली कैपिटल्स | |
|---|---|
| समय | स्थान |
| 3:30 पीएम | गुवाहाटी |

| चेन्नई बनाम मुंबई इंडियंस | |
|---|---|
| समय | स्थान |
| 7:30 पीएम | मुंबई |

### धोनी ने खिलाड़ियों से की बातचीत

महेंद्र सिंह धोनी ने वानखेड़ स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों मुलाकात कर उनसे बातचती की। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुंबई के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन से भी बातचीत की। बता दें कि ईशान किशन और एमएस धोनी एक ही राज्य झारखंड से आते हैं। जबकि चेन्नई के दूसरे खिलाड़ी रवींद्र जडेजा और ड्वेन ब्रावो भी मुंबई के खिलाड़ियों से बात चीत करते हुए नजर आए।

### सचिन ने खिलाड़ियों को दिए टिप्स

इस दौरान मुंबई इंडियंस के मैटांर सचिन तेंदुलकर भी स्टेडियम में पहुंचे, जहां उन्होंने मुंबई के खिलाड़ियों को टिप्स दिए। सचिन ने बल्लेबाजों को बैटिंग की तकनीक सिखाई है। बता दें कि मुंबई इंडियंस पहला मुकाबला हार चुकी है। ऐसे में यह मुकाबला उसके घर में खेला जा रहा है। जहां उस पर दवाब होगा।

## दिल्ली कैपिटल्स ने पूर्वोत्तर में अपनी पहली क्रिकेट अकादमी खोली

**गुवाहाटी।** जेएसडब्ल्यू-जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने पूर्वोत्तर में अपनी पहली डीसी क्रिकेट अकादमी खोलने के लिए आईसीओएन स्पोर्ट्स अकादमी के साथ हाथ मिलाया है। आईसीओएन स्पोर्ट्स अकादमी और दिल्ली कैपिटल्स के बीच सहयोग जनवरी 2023 में शुरू हुआ था, लेकिन नई डीसी क्रिकेट अकादमी के बारे में आधिकारिक घोषणा शुक्रवार को गुवाहाटी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की गई। आईसीओएन स्पोर्ट्स अकादमी गुवाहाटी में पहली क्रिकेट सुविधा है, जिसमें एक इनडोर प्रशिक्षण क्षेत्र है। अकादमी कई नवोदित क्रिकेटरों को अपने कौशल को सुधारने के लिए आवास की सुविधा और कई टर्फ भी प्रदान करती है।

## पेज तीन का शेष

### हथियार के साथ...

इन लोगों का मुख्य काम लोगों को धमकी देकर रंगदारी वसूलना था। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अपराधी पूर्व में भी जेल जा चुके हैं। निक्की यादव पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 16 अपराधिक मामले दर्ज हैं। दीपक उरांव पर पांच मामले दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि दोनों अपराधी टीएसपीसी नक्सली संगठन के लिए भी लेवी वसूलने का काम करते थे। एसपी ने कहा कि गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी है।

### पंकज मिश्रा पर...

**क्या है मामला :** साहिबगंज में ईडी की कार्रवाई के बाद भी अवैध खनन नहीं रुका है। पिछले दो दिनों से इडी की टीम साहिबगंज में रूकी हुई है। जांच में पाया गया कि पंकज मिश्रा की सरपरस्ती में अब भी साहिबगंज के अलग-अलग जगहों पर अवैध खनन जारी है। इडी ने पाया कि जेल मे रहने के बावजूद बच्चा यादव, पवित्र यादव, डाहू यादव समेत अन्य की मदद से अब भी साहिबगंज में अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है। ईडी ने विजय हांसदा के बयान पर दर्ज केस में नया ईसीआईआर दर्ज किया है, जो नींबू पहाड़ी पर अवैध खनन से जुड़ा है। इसी केस की जांच में ईडी की टीम अभी साहिबगंज में है। ईडी के द्वारा जब साहिबगंज में उन जगहों का दोबारा सर्वे किया गया, जहां पहले अवैध खनन हुआ था। जांच में पूर्व में हुए सर्वे के बाद उस इलाके में फिर से खुदाई का दायरा बढ़ा हुआ पाया गया। नींबू पहाड़ी में अवैध खनन के लिए लाया गया एक्सपोलोसिव भी ईडी के द्वारा बरामद किया गया है।

### स्कूली शिक्षा में बड़े बदलाव...

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 योग्यता-आधारित शिक्षा पर केंद्रित है। इसमें सांस्कृतिक जड़ता, इक्विटी और समावेशन, बहुभाषावाद, अनुभवात्मक शिक्षा, पाठ्यक्रम में कला और खेल का एकीकरण आदि शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रारंभिक शिक्षा, टीचर एजुकेशन और वयस्क शिक्षा पाठ्यक्रम को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस संबंध में डॉ के कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में एक समिति ने मार्गदर्शन की थी। वहीं, पाठ्यचर्या की रूपरेखा को लेकर शिक्षकों, माता-पिता, छात्रों, शैक्षिक संस्थानों, नव- और गैर-साक्षरों, विषय विशेषज्ञों, विद्वानों, चाइल्डकैअर कर्मियों आदि सहित विभिन्न हितधारकों से सुझाव लिये गये थे। डिजिटल मोड में व्यापक सार्वजनिक परामर्श किये गये। मंत्रालय ने कहा कि विचार-विमर्श और चर्चा की इस प्रक्रिया में 500 से अधिक जिला स्तरीय परामर्श और विभिन्न मंत्रालयों, धार्मिक समूहों, नागरिक समाज संगठनों के साथ 50 से अधिक मंत्रालयों से परामर्श लिये गये हैं। साथ ही 8000 से अधिक विविध हितधारकों की भागीदारी के साथ गैर-सरकारी संगठनों और विश्वविद्यालयों से परामर्श लिये गये।

### लिट्टी चोखा नहीं मिला...

इसके पीछे कारण रहे अभिजीत भट्टाचार्य जिन्होंने मंच में गानों के प्रस्तुति के दौरान ही अपने एक बैंड कर्मी से पूछ लिया कि तुमने लिट्टी चोखा खाया है कि नहीं? जब बैंड कर्मी ने नहीं में जवाब दिया तो अभिजीत ने फिर कहा तुम्हें लिट्टी चोखा खाना चाहिए था। अभिजीत भट्टाचार्य यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे कहा कि मुझे भी लिट्टी चोखा नहीं मिला है। इसके बाद उन्होंने मंच से ही अपील की और कहा कि आसपास दिखाइए और लिट्टी चोखा मंगवा कर इनको खिलाइए। अभिजीत भट्टाचार्य इसके बाद बस इतना सा ख्वाब है अपना फेमस गाना गाने लगे।

### हॉटस्पॉट की पहचान...

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ हुई वर्चुअल बैठक में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुपा समेत तमाम राज्य के मंत्री शामिल हुए। समीक्षा बैठक में केरल, पश्चिम बंगाल और राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री शामिल नहीं हुए। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, स्वास्थ्य मंत्री भी हैं। मंडविया ने कोविड टेस्टिंग एवं जीनोम सीक्वेंसिंग के साथ कोविड नियमों के पालन कराने पर जोर दिया। **छह हजार से अधिक नये केस मिलने लगे :** भारत में छह हजार से अधिक नये केस मिलने लगे हैं। यही वजह है कि कोरोना कहर को देखते हुए सरकार अलर्ट मोड में आ गयी है। इसे ले कर स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक की। बैठक में कोरोना के हालातों और राज्य सरकारों की तैयारियों को लेकर चर्चा की गयी। **सतर्क रहना है और भय नहीं फैलाना है :** बैठक में मनसुख मांडविया ने कोविड टेस्टिंग एवं जीनोम सीक्वेंसिंग के साथ कोविड नियमों के पालन का प्रसार बढ़ाने पर बात हुई। मांडविया ने कहा कि हमें सतर्क रहना है और अनावश्यक भय नहीं फैलाना है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य मंत्रियों से आग्रह किया कि वो अपने राज्यों में कोविड की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर समीक्षा बैठक करें। इस दौरान उन्होंने 10 व 11 अप्रैल को पूरे देश में कोविड को लेकर मॉक ड्रिल कराने की बात कही, इसके साथ ही उन्होंने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों को भी अस्पतालों का दौरा करने को कहा है।

**केंद्र-राज्य में सहयोग जरूरी :** मंडाविया ने कहा कि केंद्र और राज्यों को सहयोगात्मक भावना से काम करना जारी रखने की आवश्यकता है, जो जब पहले कोविड-19 के मामले में थे। रूप से बुजुर्गों और कमजोर जनसंख्या समूह के टीकाकरण में तेजी लायें।

**एसओपी जल्द :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य हित के विषय को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में कोरोना के मामले बढ़े हैं। ऐसे में झारखंड भी अलर्ट पर है। कोरोना को लेकर जल्द ही नया एसओपी बनाया जायेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री से भी चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार स्थिति में निपटने में सक्षम है।

# जहां धोनी ने लगाया था विनिंग छक्का वहां बनेगा स्मारक, वानखेड़े से हटायी पांच कुर्सियां

**एजेंसी**

**मुंबई।** 2 अप्रैल 2011 का दिन, श्रीलंका की ओर से 275 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया के 233 रनों पर 4 विकेट गिर गए थे। 97 रन बनाकर आउट हुए गौतम गंभीर के पवेलियन लौटने के बाद करोड़ों फैंस की चिंताएं बढ़ने लगीं, लेकिन मुश्किल वक्त में भारतीय कप्तान एमएस धोनी ने टीम को जिताने की जिम्मेदारी निभाई और 49वें ओवर की दूसरी गेंद पर लॉन्ग ऑन के ऊपर से करारा छक्का ठोक टीम इंडिया के वर्ल्ड कप जीतने के ख्वाब को पूरा कर दिखाया। मुंबई का वानखेड़े स्टेडियम आज भी इस ऐतिहासिक छक्के का गवाह है।



### 2011 विश्व कप विजय स्मारक

इस अनोखी याद को संजोने के लिए मुंबई क्रिकेट संघ ने बड़ी पहल की है। क्रिकेट संघ ने फैसला लिया है कि विजयी छक्का लगाने वाली जगह पर 2011 विश्व कप विजय स्मारक बनाया जाएगा। धोनी शुक्रवार को संघ के अधिकारियों के साथ इसी जगह पर नजर आए। उन्हें यहां सम्मानित किया गया। धोनी ने इस मौके पर 2011 विश्व कप विजय स्मारक को शुरू करने के लिए फीता काटा।

## इंग्लैंड ने ब्राजील को हराकर पहला महिला खिताब जीता

**लंदन।** इंग्लैंड ने क्लो केली के गोल के दम पर ब्राजील को यहां पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से पराजित करके पहला महिला फाइनलिसिमा फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीता। यह मुकाबला यूरोप और दक्षिण अमेरिका की चैंपियन टीमों के बीच खेला जाता है। वेम्बले में खेले गए इस फाइनल मैच को देखने के लिए 83,132 दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। इलिया टूने के 23वें मिनट में किए गए गोल से इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन ब्राजील ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया। ब्राजील की एंड्रेसा अल्वेस ने इंग्लैंड की गोलकीपर मैरी एर्प्स की गलती का फायदा उठाते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मैच पेनल्टी शूटआउट तक खिंच गया जिसमें इंग्लैंड की तरफ से जॉर्जिया स्टैनवे, राचेल डेली, एलेक्स ग्रीनवुड और केली ने गोल करके जीत सुनिश्चित की।

## चार्ल्सटन ओपन : शीर्ष वरीयता प्राप्त पेगुला टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी**



**चार्ल्सटन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने लगातार 10 गेम गंवाए और अंतिम सेट में एक समय वह 0-4 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने जबरदस्त वापसी करके चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में तीसरे नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला ने 15वीं वरीयता प्राप्त इरिना कैमिलिया बेगु को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 7-5, 4-6 , 6-4 से हराया। पेगुला को अगर क्वार्टर फाइनल में 12वीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा को हराकर अंतिम चार में जगह बनानी है तो उन्हें अपने खेल में निरंतरता दिखानी होगी। बडोसा ने एक अन्य मैच में डायना स्नायडर पर 6-3, 6-1 से जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त ओन्स जाबेर, तीसरी वरीय डारिया कसातकिना और मौजूदा चैंपियन बेलिंडा बेनसिच भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। जाबेर ने कारोलिन डोलहाइड को 6-3, 7-5 से, कसातकिना ने बर्नार्डा पेरा को 6-3, 7-6 (3) से और बेनसिच ने शेल्बी रोजर्स को 4-6, 7-5, 6-2 से हराया।

## दोस्त की पत्नी के आपत्तिजनक फोटो लिए, फिर वायरल करने की धमकी देकर मांगे पैसे

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर से एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। दरअसल, एक शख्स का फोन गिरकर खराब हो गया। उसने फोन अपने किसी दोस्त को ठीक करवाने के लिए दिया। मोबाइल ठीक करवाने के बहाने युवक ने मोबाइल में स्थित दोस्त की पत्नी के आपत्तिजनक फोटो निकाल लिए। इसके बाद वह फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा। बताया जा रहा है कि उसने इसकी एवज में पैसे भी ले लिए और अब 10 लाख रुपये देने का दबाव बना रहा था। इस बात से परेशान पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस से उसने आप बीती बताई। पुलिस रंगदारी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## मुजफ्फरपुर से एक करोड़ की शराब हुई बरामद

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शराबबंदी के लाख दावे करें, मगर शराब की तस्करी का सिलसिला जारी है। ताजा मामला मुजफ्फरपुर बेला औद्योगिक क्षेत्र फेज वन का है। मुजफ्फरपुर के बेला औद्योगिक क्षेत्र में गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लेदर कलस्टर में पालना घर का उद्घाटन करने पहुंचे थे। इसके बावजूद शराब तस्करों का मनोबल इतना बढ़ चुका है कि मात्र मुख्यमंत्री के जाने के 24 घंटे बाद ही उसी बेला औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री को शराब तस्करी के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। जिसकी सूचना शुक्रवार को बेला थाना पुलिस को मिली। बेला थानाध्यक्ष नीरू कुमारी ने दलबल के साथ जब फैक्ट्री पर छापा मारा तो वहां से एक ट्रक, 4 पिकअप और दो ऑटो अवैध विदेशी शराब से भरा पाया गया। जिसके बाद पुलिस बल ने फैक्ट्री के अन्य हिस्सों में छानबीन की तो पहले से स्टॉक किया हुआ विदेशी शराब के सैकड़ों कार्टन बरामद हुए।

## नौगछिया में भीड़ ने पुलिस कर्मियों पर किया हमला

**पटना।** बिहार के नौगछिया के दिमाहा गांव में गुरुवार रात एक आरोपी के आवास पर छापेमारी के दौरान भीड़ ने पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया। पुलिस को एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार करना था। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने आरोपी की पत्नी और बच्चे के साथ मारपीट की है, जिसके बाद गांववाले गुस्से में आ गए। इसके बाद ग्रामीणों ने एक पुलिसकर्मी की जमकर पिटाई कर दी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गोपालपुर थाना की पुलिस टीम थाना क्षेत्र के डीमाहा गांव में आरोपी प्रदीप मंडल को पकड़ने के लिए पहुंची थी। इस दौरान पुलिस आरोपी की तलाशी कर रही थी और तभी उसकी पत्नी के साथ पुलिस ने मारपीट कर दी। बताया जा रहा है कि महिला को पीटने के दौरान पुलिस की लाठी गलती से गोद में लिए 6 दिन के बच्चे को लग गई। इसके बाद ग्रामीणों को गुस्सा हो गया और पुलिस पर हमला कर दिया। जान बचा कर पुलिस को वहां से भागना पड़ा।

# बिहार में कोविड वैक्सीन खत्म, नीतीश कुमार ने किया केंद्र सरकार से स्टॉक उपलब्ध कराने का अनुरोध

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को केंद्र से कोविड टीकों का नया स्टॉक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। पटना में आयोजित एक समारोह के बाद देश में कोरोना के मामले बढ़ने के बारे में पूछे जाने पर पत्रकारों से कहा, वर्ष 2020 में कोरोना के शुरू होने से लेकर आज तक की दैनिक रिपोर्ट मेरे पास है। पूरे तीन साल की रिपोर्ट मेरे पास है। कोरोना को लेकर प्रतिदिन मेरे पास रिपोर्ट आती है। अभी पूरे देश में कोरोना की जितनी जांच हो रही है उसकी एक तिहाई जांच बिहार में हो रही हैं।

### कोविड टीके की मांग

देश में प्रति 10 लाख की आबादी पर औसतन छह लाख जांच हो रही हैं जबकि बिहार में यह आठ लाख से ज्यादा है। कोरोना के मामले घटें या बढ़ें, बिहार में कोरोना की जांच निरंतर होती रहती है। उन्होंने कहा कि बिहार में कोविड-19 टीकाकरण भी कराया जा रहा है। राज्य में कोविड-19 रोधी टीके खत्म हो गए हैं। इसको लेकर भारत सरकार से मांग की गई है। अभी पटना समेत चार-पांच जिलों में कोरोना के कुछ मामले सामने आए हैं। इसको लेकर बिहार में शुरू से लोग सतर्क हैं।



### हिंसा पर बोले मुख्यमंत्री

बिहार में हुई हिंसा को लेकर केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा, उन लोगों से हमें कोई मतलब नहीं है। बिहार में आपस में लोगों के बीच कोई विवाद नहीं हो, इसको लेकर हमने शुरू से काम किया है। एक-दो जगहों पर आपस में झगड़ा होने पर तुरंत उस पर काबू किया गया। यहां पर एक-एक चीज पर ध्यान दिया जाता रहा है। बिहार में यह सब नहीं होता था। आज कल जो कुछ हुआ है उसकी जांच की जा रही है। यह सब किसने किया पता चल जाएगा। गड़बड़ करने वालों को पकड़ा जा रहा है।

## नीतीश के इफ्तार पार्टी से बीजेपी ने किया किनारा



**एजेंसी**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज इफ्तार पार्टी का आयोजन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास पर इफ्तार पार्टी दी जाएगी। इसके लिए राज्यपाल समेत सभी पार्टी को न्योता भेजा गया है। बिहार की राजनीति में इफ्तार पार्टी की परंपरा रही है। हालांकि बीजेपी ने इफ्तार पार्टी में आने से मना कर दिया है। नीतीश कुमार ने बीजेपी के नेताओं को भी इसमें शामिल होने के लिए बुलाया है। बिहार में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा, बिहार हिंसा में जल रहा है। कानून व्यवस्था खत्म हो चुकी है और सीएम इफ्तार पार्टी दे रहे हैं। हम इस इफ्तार पार्टी में शामिल नहीं होंगे। इससे पहले नीतीश कुमार फुलवारीशरीफ में इफ्तार पार्टी में शामिल हुए थे। बिहार के कई जिलों में रामनवमी में हिंसा की घटनाएं हुई। इसे लेकर बीजेपी नीतीश कुमार पर हमलावर है। बीजेपी उनपर तुष्टिकरण के आरोप लगाया है। सीएम नीतीश की इफ्तार पार्टी पर सबकी नजर है। खास कर इस में शामिल होने वाले मेहमानों पर।

## स्पीड न्यूज

### बंगाल में दिनदहाड़े तृणमूल नेता की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के हंसखली में एक चौंकाने वाली घटना में तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय नेता की शुक्रवार सुबह बदमाशों ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान अमोद अली बिस्वास के रूप में हुई है, जो हंसखली में तृणमूल का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष था। चश्मदीदों के मुताबिक, बिस्वास शुक्रवार सुबह बाजार आया और चाय की दुकान पर चाय का ऑर्डर दिया, ऐसा वह रोज करता था। अचानक करीब आठ बाइक सवार बदमाशों की टोली मौके पर पहुंची और करीब से बिस्वास पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। सभी बदमाशों ने अपने चेहरे ढके हुए थे। खून से लथपथ बिस्वास की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हमलावर वहां से फरार हो गए।

### दुष्कर्म के आरोप में नेता प्रतिपक्ष का बेटा गिरफ्तार

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर–चांपा जिले की पुलिस ने एक महिला से बलात्कार के आरोप में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के पुत्र पलाश चंदेल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चंदेल ने पुलिस के सामने अग्रिम जमानत की अर्जी पेश की तब उसे थाने से ही रिहा कर दिया गया।

### पुडुचेरी में मास्क पहनना अनिवार्य

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी प्रशासन ने शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में वृद्धि के कारण शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया। जिलाधिकारी ई. वल्लवन ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में वर्तमान में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है और क्षेत्रीय प्रशासन ने कोविड–19 के मामलों को बढ़ने से रोकने के वास्ते एहतियाती उपायों को तत्काल प्रभाव से लागू किया है।

### पेपर लीक : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रिहा

**हैदराबाद।** दसवीं कक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में जमानत मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष बंडी संजय कुमार को जेल से रिहा कर दिया गया है। हनमकोंडा जिले के प्रधान न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने कुमार को गुरुवार रात 20 हजार रुपये के निजी मुचलके और दो जमानतदारों की शर्त पर जमानत दे दी थी।

### सामाजिक कार्यकर्ता सौम्या आप में शामिल

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की सामाजिक कार्यकर्ता सौम्या भट्ट ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) का दामन थाम लिया। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सौम्या भट्ट को पार्टी में शामिल करवाया। संजय सिंह ने पार्टी के दिल्ली मुख्यालय में सौम्या भट्ट को टोपी और पटका पहनाकर आप में शामिल कराया। इस दौरान सौम्या भट्ट ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर वह आम आदमी पार्टी में शामिल हो हैं।

### अपहरण मामले में अतीक पर आरोप तय

**लखनऊ।** सीबीआई अदालत ने शुक्रवार को देवरिया जेल में एक व्यवसायी के अपहरण और मारपीट के एक मामले में गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके बेटे उमर के खिलाफ आरोप तय किए हैं। तब अतीक देवरिया जेल में ही था। आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप तय किए गए हैं ।वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अतीक की कोर्ट में पेशी हुई। अतीक ने कथित तौर पर देवरिया जेल में लखनऊ के एक व्यवसायी मोहित जायसवाल के साथ मारपीट की थी, जहां दिसंबर 2018 में उसे अगवा करके रखा गया था।

# विज्ञान की पढ़ाई को रुचिकर व रचनात्मक बनायें

## एनसीएफ ने कक्षा, जमीनी अनुभव और प्रयोगशाला के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने का दिया सुझाव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) के मसौदे में स्कूलों में विज्ञान की पढ़ाई को रुचिकर एवं रचनात्मक बनाने के लिए कक्षा, जमीनी अनुभव और प्रयोगशाला के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने का सुझाव दिया गया है।

साथ ही वैज्ञानिक प्रयोग, खोज, जांच परख, परियोजना केंद्रित पहल, शिक्षाप्रद अनुप्रयोग एवं प्रदर्शन मानक की छह सूत्री व्यवस्था को अपनाने का कहा गया है। मसौदे में कहा गया है कि विज्ञान की पढ़ाई केवल विषय के सिद्धांत और तथ्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करना ही नहीं है, बल्कि सिद्धांत एवं वास्तविक जीवन के बीच संबंध, विज्ञान की प्रक्रिया क्षमता का ज्ञान प्राप्त करना और इन जानकारियों का

**वैज्ञानिक प्रयोग, खोज व जांच समेत छह सूत्री व्यवस्था शुरू हो**



उपयोग दुनिया को समझने में करना है। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुसार तैयार किए जा रहे एनसीएफ में यह भी कहा गया है कि छात्र अपने आसपास की दुनिया को जानना और यह समझना चाहते हैं कि ऐसा क्यों और कैसे हो रहा है। जांच पड़ताल एवं अन्वेषण की इस प्रक्रिया में वे अपनी परिकल्पना की जांच करने के लिए परीक्षण एवं त्रुटि की पद्धति (ट्रायल एंड एरर) का उपयोग करते हैं और एक निष्कर्ष तक पहुंचते हैं। इसमें कहा गया है कि विज्ञान को सिर्फ जानकारी एवं तथ्यों का संग्रह मानने की प्रवृति है। इस तरह की मान्यता में ऐसा मान लिया जाता है कि ऐसे कुछ सिद्धांत, तथ्य और जानकारियां हैं जिन्हें छात्रों को अवश्य जानना चाहिए।

**अभूतपूर्व रफ्तार से बढ़ रहा विज्ञान :** हालांकि, वास्तविकता यह है कि आज विज्ञान के ज्ञान का आधार काफी व्यापक है और यह अभूतपूर्व रफ्तार से बढ़ रहा है।

मसौदे में कहा गया है कि इससे स्पष्ट होता है कि हम विज्ञान के कितने भी तथ्य जान लें, यह कभी पर्याप्त नहीं होगा। ऐसे में दुनिया के बारे में किसी आयु वर्ग के लिए पर्याप्त जानकारी देना, विज्ञान की पढ़ाई के लिए उपयुक्त आधार एवं प्लेटफार्म प्रदान करना तथा विज्ञान से जुड़ी क्षमता एवं मूल्यों के विकास के लिए उत्तम सामग्री उपलब्ध करना महत्वपूर्ण है। एनसीएफ के मसौदे के अनुसार, पठन पाठन के मानक में इन सिद्धांतों का बुद्धिमतापूर्ण समावेश हो ताकि छात्रों पर से सामग्री के बोझ को कम किया जा सके। विज्ञान के पाठ्यक्रम में कुछ बुनियादी सवालों के जवाब होने चाहिए, मसलन..छात्र अपने आसपास क्या देखता है ? छात्रों के किस प्रकार के सामान्य आकलन होते हैं ? विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के कौन कौन से आयाम उनके दैनिक जीवन का हिस्सा हैं ? उनकी तात्कालिक चिंताएं क्या हैं? वे पर्यावरण के विविध आयामों का किस प्रकार से आकलन करते हैं ? छात्र किस प्रकार से सबसे अच्छे तरीके से सीख सकता है तथा विज्ञान की पढ़ाई किस प्रकार उसे दैनिक जीवन में मदद कर सकती है ? मसौदे में स्कूलों में विज्ञान की पढ़ाई को रूचिकर एवं रचनात्मक बनाने के लिए कक्षा, जमीनी अनुभव और प्रयोगशाला के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने पर जोर दिया गया है। इसमें वैज्ञानिक प्रयोग, खोज, जांच परख, परियोजना केंद्रित पहल, शिक्षाप्रद अनुप्रयोग एवं प्रदर्शन मानक की छह सूत्री व्यवस्था अपनाने का सुझाव दिया गया है।

# एक बार 300 सीटों से पार

## अमित शाह ने कौशांबी और आजमगढ़ में सभाएं कीं, मोदी को फिर पीएम बनाने किया आह्वान

एजेंसी

**लखनऊ।** जब से 2014 से केंद्र में बीजेपी की सरकार आई है, आजमगढ़ की जनता ने भोले शंकर की तरह भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद दिया है। जनता ने हर बार वोटों से झोली भर दी है... आजमगढ़ में शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह ने आजमगढ़ की जनता से अपील की कि एक बार फिर यहां कमल खिलाएं। इससे पहले अमित शाह ने कौशांबी में भी जनसभा को संबोधित किया। वहां उन्होंने एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। कौशांबी में अमित शाह ने नारा दिया कि इस बार फिर एक बार, 300 सीटों से पार।



अमित शाह आजमगढ़ में होने वाली जनसभा में निर्धारित समय से आधा घंटा पहले पहुंचे। इस रैली से अमित शाह ने पूर्वांचल में लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका। जिस तरह से कौशांबी में उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को निशाने पर लिया, उसी तरह आजमगढ़ में उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर हमला बोला।

### यूपी हुआ दंगामुक्त

उन्होंने कहा, एक समय में जिस जिस उत्तर प्रदेश में दंगा मुक्त होने की कल्पना नहीं हो सकती थी वह योगी सरकार में साकार हुआ। मैं यहां एक बार प्रचार के लिए आया था। तब देखा रात में गांव में बिजली नहीं रहती। लेकिन अब हालात बदल गए हैं।' अमित शाह ने वहां मौजूद जनता से सवाल किया कि सपा, बसपा, कांग्रेस क्या देश का विकास कर सकते हैं? कभी कोरोना में आपने अखिलेश यादव को देखा? कभी टीका लगाने आए यहां।

**गृह मंत्री ने आजमगढ़ को 170 परियोजनाओं का दिया तोहफा:** मोदी ने देश की जनता को टीका उलब्ध कराया। गरीब जनता को मुफ्त राशन मुहैया करवाया।' अमित शाह ने आजमगढ़ को 4500 करोड की 170 परियोजनाओं का तोहफा दिया। उन्होंने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जनता को आगाह करते हुए कहा कि चुनाव आ रहा है।

अब सपा, बसपा, कांग्रेस परिवारवाद और जातिवाद लेकर आएंगे। मैं आपका आह्वान करने आया हूं कि 2024 के चुनाव में यहां की जनता फिर से एक बार मोदी जी पर भरोसा करे। उन्हें जिताकर फिर से प्रधानमंत्री बनाए।'

अमित शाह ने शुक्रवार को दावा किया कि लोकसभा सदस्यता से राहुल गांधी को अयोग्य घोषित किए जाने को लेकर संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए देश विपक्षी दलों को माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि गांधी को कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (सरकार) द्वारा लाए गए कानून के आधार पर संसद सदस्यता से अयोग्य करार दिया गया। शाह ने लोगों से समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण कल्याण के लिए 2024 में एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया।

**▸▸ लोकतंत्र नहीं, जातिवाद परिवारवाद खतरे में है**

शाह कौशांबी महोत्सव की शुरूआत करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अयोग्य करा दिए जाने लेकर संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए देश विपक्षी दलों को माफ नहीं करेगा लोकतंत्र नहीं जातिवाद और वंशवादी राजनीति खतरे में हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री-केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को मानहानि मामले में सूरत की अदालत द्वारा दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद 24 मार्च को उन्हें लोकसभा सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

### आंध के पूर्व सीएम रेड्डी भाजपा में हुए शामिल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व नेता एवं अविभाजित आंध्र प्रदेश के अंतिम मुख्यमंत्री एन. किरण कुमार रेड्डी शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गए। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी की मौजूदगी में रेड्डी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसी साल मार्च महीने में रेड्डी ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

## स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे का होगा विस्तार : पीएम



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे के विस्तार और लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने हेतु काम करना जारी रखेगी।

श्री मोदी ने ये टिप्पणी आज दुनिया भर में मनाये जा रहे विश्व स्वास्थ्य दिवसके अवसर पर की। उन्होंने ट्वीट कर कहा, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, हम उन सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं जो हमारे ग्रह को स्वस्थ बनाने के लिए काम करते हैं। हमारी सरकार स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे के विस्तार और लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने हेतु काम करना जारी रखेगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भी लोगों को बधाई दी और एक स्वस्थ भारत के निर्माण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही असली धन है, सोने चांदी के टुकड़े नहीं-महात्मा गांधी। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, हम एक स्वस्थ भारत के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। देखिए कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार सभी के लिए स्वास्थ्य सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। गौरतलब है कि सात अप्रैल 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना हुई थी, जिसके उपलक्ष्य में इस दिन को विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष डब्ल्यूएचओ अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। विश्व स्वास्थ्य दिवस 2023 की थीम सभी के लिए स्वास्थ्य है।

## वाणिज्य की खबरें

### अडाणी पावर के गोड्डा बिजली घर की 800 मेगावॉट की पहली इकाई चालू



**नयी दिल्ली।** अडाणी पावर लिमिटेड (एपीएल) ने झारखंड स्थित तापीय बिजली घर में 800 मेगावॉट की इकाई का वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है। अडाणी समूह की कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि 1,600 मेगावॉट क्षमता वाली परियोजना की दूसरी इकाई भी पूरी होने वाली है और इसके जल्द चालू होने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि झारखंड के गोड्डा स्थित अडाणी पावर (झारखंड) लिमिटेड (एपीजेएल) की 800–800 मेगावॉट की दो इकाइयों वाली अत्याधुनिक बिजली परियोजना की पहली इकाई का वाणिज्यिक परिचालन शुरू हो गया है। अडाणी पावर की पूर्ण अनुषंगी एपीजेएल 25 साल के बिजली खरीद समझौते (पीपीए) के तहत पहली इकाई से 748 मेगावॉट बिजली बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड को देगी। बयान के अनुसार,एपीजेएल ने छह अप्रैल, 2023 से बिजली खरीद समझौते के तहत वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है।

### पांच दिनों की तेजी से निवेशकों की संपत्ति 10.43 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नयी दिल्ली।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली और स्थिर वैश्विक रुझानों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में तेजी जारी रहने से निवेशकों की संपत्ति पिछले पांच दिनों में 10 .43 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ी। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण पिछले पांच कारोबारी सत्रों (29 मार्च से छह अप्रैल) में 10,43,216.79 करोड़ रुपये बढ़कर 2,62,37,776.13 करोड़ रुपये रहा। इस सप्ताह, महावीर जयंती के मौके पर शेयर बाजार मंगलवार (चार अप्रैल) को बंद रहा। शुक्रवार को गुड फ्राइडे के मौके पर बाजार बंद है। वहीं पिछले हफ्ते, बृहस्पतिवार को राम नवमी के अवसर पर शेयर बाजार बंद थे। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,219 .25 अंक यानी 3 .85 फीसदी चढ़ा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार सूचकांकों में विदेशी पूंजी प्रवाह में सुधार और सकारात्मक वैश्विक संकेतों से मदद मिली है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अप्रत्याशित रूप से नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखने के बाद बृहस्पतिवार को बीएसई सेंसेक्स 143 .66 अंक यानी 0 .24 प्रतिशत चढ़कर 59,832 .97 पर बंद हुआ था।

### पीएम गति शक्ति के तहत एनपीजी ने चार परियोजनाओं को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** पीएम गति शक्ति पहल के तहत नेटवर्क नियोजन समूह (एनपीजी) ने रेलवे से संबंधित चार बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। सरकार ने अक्टूबर 2021 में लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए एकीकृत और नियोजित बुनियादी ढांचा तैयार करने के लक्ष्य के साथ पीएम गति शक्ति– राष्ट्रीय मास्टर प्लान शुरू की थी। पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली सभी लॉजिस्टिक और संपर्क सुविधा से जुड़ी ढांचागत परियोजनाओं को एनपीजी के जरिये मंजूरी दी जाती है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि पीएम गति शक्ति के तहत एनपीजी ने अपने 46वें बैठक सत्र में चार ढांचागत परियोजनाओं पर विचार किया और उसे मंजूरी दी। मंत्रालय ने कहा कि ये परियोजनाएं बहु–मॉडल संपर्क सुविधा, माल और यात्रियों की निर्बाध आवाजाही भी उपलब्ध कराएगी।

# मानव-हाथी संघर्ष की जिम्मेदारी मानव समाज पर है : राष्ट्रपति

**गुवाहाटी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में गज उत्सव का उद्घाटन किया और कहा कि मानव-हाथी संघर्ष की जिम्मेदारी मानव समाज पर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस अवसर पर कहा कि हमारी परंपरा में हाथियों का सबसे अधिक सम्मान दिया गया है। इसे समृद्धि का प्रतीक माना गया है। यह भारत का राष्ट्रीय विरासत पशु है। इसलिए, हाथियों की रक्षा हमारी राष्ट्रीय विरासत को संरक्षित करने की हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मानव-हाथी संघर्ष सदियों से एक मुद्दा रहा है और जब हम इस संघर्ष का विश्लेषण करते हैं, तो यह पाया जाता है कि प्राकृतिक आवास या हाथियों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न होना मूल कारण है। इसलिए, इस संघर्ष की जिम्मेदारी मानव समाज की है। राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि हाथियों की रक्षा, उनके प्राकृतिक आवासों का संरक्षण

**असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में मुर्मू ने गज उत्सव का किया उद्घाटन**



और हाथियों के गलियारों को बाधा से मुक्त रखना प्रोजेक्ट एलीफेंट का मुख्य उद्देश्य है। मानव-हाथी संघर्ष से संबंधित समस्याओं का समाधान भी इस परियोजना का उद्देश्य है। राष्ट्रपति ने कहा कि असम के काजीरंगा और मानस राष्ट्रीय उद्यान न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व की अमूल्य धरोहर हैं। इसीलिए इन्हें यूनेस्को द्वारा 'विश्व विरासत स्थल' का दर्जा दिया गया है। आगे कहा कि असम में देश में जंगली हाथियों की दूसरी सबसे बड़ी आबादी है। इसलिए, गज उत्सव के आयोजन के लिए काजीरंगा एक बहुत ही उपयुक्त स्थान है। प्रोजेक्ट हाथी और गज उत्सव की सफलता के लिए सभी हितधारकों को एक साथ मिलकर आगे बढ़ना होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि जो कार्य प्रकृति, पशु-पक्षियों के हित में हैं, वही मानवता और धरती माता के हित में भी हैं। हाथी अभ्यारण्य के जंगल और हरित क्षेत्र बहुत प्रभावी कार्बन सिंक हैं। उन्होंने कहा कि हाथियों के संरक्षण से हम सभी को लाभ होगा और इससे जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने में भी मदद मिलेगी। ऐसे प्रयासों में सरकार के साथ-साथ समाज की भागीदारी आवश्यक है। हाथियों को बहुत बुद्धिमान और संवेदनशील जानवर माना जाता है। ये भी इंसानों की तरह सामाजिक प्राणी हैं। उन्होंने कहा, हमें हाथियों और अन्य जीवित प्राणियों के लिए सहानुभूति और सम्मान की भावना उसी तरह रखनी चाहिए जैसे हम मनुष्यों के लिए रखते हैं।

### प्रतिबंधित बलूच अलगाववादी समूह के संस्थापक गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने एक सफल खुफिया अभियान के तहत देश के अशांत माने जाने वाले बलूचिस्तान प्रांत में प्रतिबंधित अलगाववादी समूह के संस्थापक को गिरफ्तार किया है। पाकिस्तान की सेना के मीडिया प्रकोष्ठ इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि गुलजार इमाम उर्फ शाम्बे को सावधानीपूर्वक चलाए गए एक सुनियोजित अभियान में पकड़ा गया है। यह अभियान विभिन्न भौगोलिक स्थानों पर महीनों तक चलाया गया था। संसाधनों से भरपूर बलूचिस्तान प्रांत ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से सटा हुआ है, जो लंबे समय से हिंसक गतिविधियों का केंद्र रहा है। बलूच विद्रोही समूहों की ओर से पहले भी 60 अरब डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं को निशाना बनाकर कई हमले किए जा चुके हैं। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि शाम्बे एक कट्टर आतंकवादी था, साथ ही प्रतिबंधित बलूच नेशनल आर्मी का संस्थापक और नेता भी था। बलूच नेशनल आर्मी का गठन बलूच रिपब्लिकन आर्मी (बीआरए) और यूनाइटेड बलूच आर्मी (यूबीए) के विलय के बाद हुआ था।

# आकांक्षा दुबे मौत मामले में सिंगर समर सिंह गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे की मौत के मामले में मुख्य आरोपी सिंगर समर सिंह को यूपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने समर सिंह को गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र से बीती रात हिरासत में लिया। गाजियाबाद पुलिस के ऊढढ निपुण अग्रवाल के अनुसार समर सिंह को चार्म्स क्रिस्टल सोसायटी राजनगर एक्सटेंशन से पकड़ा गया। समर सिंह को गिरफ्तार करने के लिए बनाई गई टीम में शामिल आशापुर चौकी इंचार्ज अखिलेश वर्मा के अनुसार थाना नंदग्राम इलाके में आता है। उन्होंने कहा कि समर सिंह को पहले पुलिस द्वारा गाजियाबाद कोर्ट में पेश किया जाएगा उसके बाद वाराणसी पुलिस को सौंप दिया जाएगा। अभी समर सिंह को गाजियाबाद के नंद ग्राम थाने में रखा हुआ है। बता दें कि भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री आकांक्षा दुबे का शव सारनाथ के एक होटल में पंखे के सहारे लटकते हुए गत 26 मार्च को मिला था। इस मामले में मृतक अभिनेत्री की मां मधु की तहरीर पर पुलिस ने आजमगढ़ निवासी समर सिंह व संजय सिंह के खिलाफ धारा 306 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। दोनों आरोपी शुरू से ही फरार चल रहे हैं, जिसमें से अब समर को पकड़ लिया गया। इनको पकड़ने के लिए तीन टीमें गठित की गई थी।








